सूर्योदय 6:59 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.5 न्यू | 17.4 अधि |
| धर्मशाला | 9.0 न्य | 23.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80845.75 |
| निफ्टी | 24457.15 |
| सोना 77,780 | चांदी 94,569 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 4 दिसंबर 2024 | 19 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 348, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



नाकामी छिपाने के लिए झूठ बोलने लगे मुख्यमंत्री सुक्खु: जयराम ठाकुर

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### बदायूं जामा मस्जिद में नीलकंठ मंदिर का दावा

**बदायूं।** यूपी में संभल की शाही जामा मस्जिद के बाद अब बदायूं की जामा मस्जिद भी चर्चा में है। बदायूं के नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद मामले में कोर्ट में आज बहस पूरी नहीं हुई। मस्जिद विवाद पर सुनवाई टल गई। मामले में अगली सुनवाई दस दिसंबर को होगी। हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि जामा मस्जिद असल में नीलकंठ महादेव का मंदिर है।

### महाराष्ट्र में आज भाजपा विधायक दल की बैठक

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बुधवार को भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। सूत्रों के मुताबिक, देवेंद्र फडणवीस को विधायक दल के नेता के रूप में चुना जाएगा। विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव होगा और इसके बाद सरकार गठन के आगे की कार्रवाई होगी। सूत्रों के मुताबिक, चार दिसंबर को महायुति के नेता का चयन कर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा।

### ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई



**आगरा।** ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ई-मेल मिलने के बाद ही सुरक्षा एजेंसी ने ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। वहीं, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड ने जांच की। जांच के दौरान पर्यटकों में किसी तरह की अफरा-तफरी न फैले, इसका ध्यान रखा गया।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर कूरियर में नवजात का शव

**लखनऊ।** लखनऊ के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कार्गो स्कैनिंग के समय कूरियर में एक महीने के बच्चे का शव मिला है। शव को लखनऊ से मुंबई भेजा जा रहा था। कूरियर एजेंट को हिरासत में लेकर सीआईएसएफ के अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। एजेंट फिलहाल कोई जानकारी नहीं दे सका है। चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट के चौकी प्रभारी ने बताया कि जहाज से जाने वाले कागजात कूरियर एजेंट नहीं दिखा पाया है।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपसंपादक स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- रोप-वे से जुड़ा बगलामुखी मंदिर पंडोह से सिर्फ एक घंटे में पहुंचेंगे -पेज 3
- कर्मचारियों ने सैलरी न मिलने पर पाइपलाइन का कार्य किया ठप -पेज 6
- सुबाथू से चौथे बैच के 307 अग्निवीर पासआउट -पेज 12
- ट्रंप ने स्टीफंस को ब्रिटेन में अपना राजदूत नामित किया -पेज 13
- बुमराह का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया तैयार: कैरी -पेज 14


### एकनाथ शिंदे से मिले फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कार्यकारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मंगलवार को देवेंद्र फडणवीस ने मुलाकात की। महाराष्ट्र चुनाव के बाद दोनों की दूसरी मुलाकात है। इससे पहले दोनों दिल्ली में मिले थे। फडणवीस से पहले भाजपा नेता गिरीश महाजन भी शिंदे से मिले थे। सूत्रों के मुताबिक, बंगले के चैंबर रूम में महाजन, शिंदे और उदय सामंत के बीच मंत्रालय के बंटवारे पर चर्चा की गई है। शिंदे मंगलवार को ही ठाणे से मुंबई स्थित अपने सरकारी आवास वर्षा बंगले पहुंचे हैं। शुक्रवार को ठाणे गए थे, अब 4 दिन बाद वापस लौटे हैं। ठाणे में उन्हें अस्पताल में अपना रूटीन चेकअप कराया, इसके बाद जब उनसे पूछा गया कि तबीयत कैसी है, तो उन्होंने कहा कि सेहत अच्छी है।

# हफ्ते बाद संसद में सामान्य कामकाज

## अडानी व संभल हिंसा पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, अखिलेश बोले- चुनाव की वजह से हुई वारदात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**शीतकालीन संसद** सत्र एक हफ्ते बाद सुचारु रूप से चला। कामकाज सामान्य रूप से हुए। हालांकि छठे दिन मंगलवार को अडानी और संभल हिंसा पर विपक्ष ने एक बार फिर हंगामा किया। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि संभल में जो घटना हुई, वह एक सोची-समझी साजिश है। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि उत्तर प्रदेश में चुनाव था। अफसरों पर एफआईआर होनी चाहिए।

अखिलेश यादव के बयान पर सपा सांसद राम गोपाल यादव ने कहा कि किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा कायम नहीं हुआ, जो संभल में हुआ, उसी आधार पर बदायूं, जौनपुर और अजमेर शरीफ में जो हो रहा है, ये सारे देश में आग लगाने की साजिश है कि नहीं? 24 नवंबर को सुबह 6 बजे पूरे संभल में पुलिस तैनात कर दी गई। संभल के लोगों को पता ही नहीं था कि पुलिस क्यों तैनात की जा रही है। विपक्ष इसकी जांच के लिए ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की मांग कर रहा है। हालांकि इस प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (सपा) शामिल नहीं हुई। वहीं, लोकसभा ने बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दी।



बैंककारी विधियां विधेयक मंजूर

### सदन को 'तमाशा' में नहीं बनाना चाहिए : रिजिजू

**संसदीय** कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की टिप्पणी की निंदा करने के दौरान आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'एक व्यवसायी' का पक्ष ले रहे हैं। इस पर रिजिजू ने कहा कि चर्चा उस विधेयक पर केंद्रित होनी चाहिए, जिसे पेश किया गया है। सदन को तमाशा नहीं बनाना चाहिए।

### पराली हटाने के लिए किसानों को 2500 रुपए प्रति एकड़ मिलें : राघव

**'आप'** सांसद राघव चड्ढा ने संसद में पराली का मुद्दा उठाया। चावल की खेती से पानी का लेवल काफी नीचे चला गया है। चावल हमारी खुराक नहीं है, लेकिन फसल काटने के बाद पराली हटाने के लिए किसान को महज 10 से 12 दिन का समय मिलता है। किसान पराली जलाने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मांग यह है कि किसान को पराली के लिए इतर अढ़ाई हजार रुपए प्रति एकड़ दिए जाएं, तो एक भी किसान पराली नहीं जलाएगा, जिसमें 2 हजार केंद्र और 500 रुपए राज्य सरकार दे।

### भारत-चीन संबंधों में शांति और स्थिरता की बहाली पर जोर

**लोकसभा** में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि शांति और स्थिरता की बहाली भारत-चीन रिश्तों का मुख्य आधार है। भारत-चीन संबंधों पर चर्चा के लिए राजनयिक स्तर पर वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कोऑपरेशन एंड कोऑर्डिनेशन और सैन्य स्तर पर सीनियर हाईएस्ट मिलिट्री कमांडर्स की बैठकें होती हैं। जून 2020 से अब तक डब्ल्यूएमसीसी की 17 और एसएचएमसी की 21 बैठकें हुई। तब जाकर 21 अक्तूबर 2024 को देपसांग और डेमचोक क्षेत्रों पर समझौता हुआ। सितंबर 2022 से इन मुद्दों पर चर्चा चल रही थी, जब हॉट स्प्रिंग्स पर अंतिम समझौता हुआ था।

### पीएम जनधन योजना में 53 करोड़ अकाउंट खोले : वित्त मंत्री

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में सवाल का जवाब देते हुए कहा कि शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी बैंकों की अच्छी खासी पहुंच है। पीएम मुद्रा योजना का लाभ 68 फीसदी महिलाओं को मिला है। पीएम जनधन योजना के तहत 53 करोड़ अकाउंट खोले गए हैं। इसमें एवरेज बैलेंस 1065 रुपए है।

### अडानी मामले की हो जांच : कार्ति चिदंबरम

**अडानी** मामले पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि इस मसले की जांच होनी चाहिए। यह आरोप दूसरे देश में लगाया है, लेकिन यह आरोप उन कृत्यों से संबंधित हैं, जो यहां हुए हैं। आरोप झूठे हो सकते हैं, लेकिन जांच ही इस बात को साबित कर सकती है।

### तेल क्षेत्र संशोधन विधेयक को मंजूरी

**तेल** क्षेत्र (नियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक 2024 पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने जवाब दिया। इसके बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी दे दी।

# तारीख पर तारीख के दिन खत्म : पीएम मोदी

**भ्रष्टाचार में कार्रवाई की कानूनी अड़चन दूर होगी**

**चंडीगढ़ में की तीन नए कानूनों की समीक्षा**

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन नए कानूनों की समीक्षा की। पीएम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि तारीख पर तारीख के दिन खत्म हुए और अब भ्रष्टाचार में कार्रवाई की कानूनी अड़चन दूर होगी। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून सभी नागरिकों के लाभ के लिए संविधान में निहित आदर्शों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम हैं। नए कानून ऐसे समय में लागू हुए हैं, जब देश विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है और संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं, ऐसे में संवैधानिक मूल्यों पर आधारित भारतीय न्याय संहिता का शुभारंभ एक महत्वपूर्ण अवसर है।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ देश की पहली ऐसी यूनियन टेरिटरी बन गई है, जहां तीनों आपराधिक कानूनों का 100 प्रतिशत क्रियान्वयन किया गया है। ये नए कानून नागरिकों के अधिकारों के रक्षक और न्याय की सुगमता का आधार बन रहे हैं। ये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - 1 जुलाई को प्रभावी हुए, जिन्होंने क्रमशः



### अंग्रेजी कानून का मकसद भारतीयों को गुलाम रखना

**पीएम** मोदी ने कहा कि 1857 में देश का पहला बड़ा स्वाधीनता संग्राम लड़ा गया। उस 1857 के स्वतंत्रता संग्राम ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं, तब जाकर 1860 में अंग्रेज इंडियन पीनल कोड यानी आईपीसी लाए। उसके कुछ साल बाद, इंडियन पीनल एक्ट लाया गया यानी सीआरपीसी का पहला ढांचा अस्तित्व में आया। इन कानूनों की सोच व मकसद यही था कि भारतीयों को दंड दिया जाए, उन्हें गुलाम रखा जाए। दुर्भाग्य देखिए, आजादी के बाद दशकों तक हमारे कानून उसी दंड संहिता और पीनल माइंड सेट के इर्द-गिर्द ही मंडराते रहे, जिसका इस्तेमाल नागरिकों को गुलाम मानकर होता रहा।

ब्रिटिशकाल की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली। (अनंत ज्ञान)

# 1 माह जेल में रहेंगे हिंदू नेता चिन्मय, सुनवाई टली

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** में गिरफ्तार इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत पर सुनवाई अगले महीने के लिए टाल दी गई है। चिन्मय दास की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन कोई वकील पेश न होने की वजह से कोर्ट ने सुनवाई दो जनवरी तक के लिए टाल दी। वकीलों ने जमानत की सुनवाई के दौरान चिन्मय की ओर से पेश होने से इनकार कर दिया, जिसके बाद चटगांव अदालत ने कार्यवाही स्थगित कर दी। अब 2 जनवरी, 2025 को सुनवाई होगी।



### बांग्लादेश ने किया भारतीय उच्चायुक्त को तलब

**बांग्लादेश** ने मंगलवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को यहां विदेश मंत्रालय के कार्यालय में तलब किया। विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने बताया कि उन्हें बुलाया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'बांग्लादेश संवाद संस्था' (बीएसएस) ने बताया कि कार्यवाहक विदेश सचिव रियाज हमीदुल्ला ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया है। उधर, दिल्ली में चाणक्यपुरी स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# हिमाचल में 11 से शुरू होगी गोबर खरीद योजना : सुक्खू

## विधायक दल की बैठक में सरकार के दो साल के समारोह की तैयारियों पर मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया कि राज्य में 11 दिसंबर को 3 योजनाएं शुरू की जाएंगी।

सरकार के दो साल के समारोह की तैयारियों पर भी मंथन हुआ। सीएम ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 11 दिसंबर को होने वाले समारोह में 25,000 से 30,000 लोगों को जुटाने का लक्ष्य रखा है। जिन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस विधायक नहीं हैं, वहां से भी लोगों को बिलासपुर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर को राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना और सुख शिक्षा योजना व गोबर खरीद योजना शुरू की जाएगी। सुक्खू ने कहा कि भाजपा सरकार के समय के उपभोक्ताओं से पानी बिलों का एरियर नहीं लिया जाएगा। उपभोक्ताओं से सिर्फ प्रति मीटर 100 रुपए रखरखाव चार्ज लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने प्रदेश में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया, रोजगार के अवसर नहीं दिए।



विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।

# दलित प्रेरणा स्थल पर धरना दे रहे 160 से ज्यादा किसान गिरफ्तार

**एजेंसी, नोएडा (उप्र)**

**संयुक्त** किसान मोर्चा के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नोएडा के 'दलित प्रेरणा स्थल' पर धरना दे रहे 160 से अधिक किसानों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा, भारतीय किसान यूनियन (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना, किसान नेता रूपेश वर्मा, सुनील फौजी, सुनील प्रधान, उदल यादव और अमन भाटी समेत कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई अपनी जमीन के लिए उचित मुआवजे की मांग को लेकर ये



किसान सोमवार को महामाया फ्लाईओवर के पास एकत्र होकर दिल्ली के लिए रवाना हुए थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें दलित प्रेरणा स्थल के पास रोक लिया था, जिसके बाद वहीं किसान धरने पर बैठ गए थे। वहीं, किसानों को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) ने मुजफ्फरनगर में पंचायत बुलाई है, जिसमें उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत भी शामिल होंगे।

### सेक्सुअल हैरेसमेंट पर राज्य कंप्लेंट कमेटी बनाएं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वर्कप्लेस पर महिलाओं के प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट 2013 के लिए इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने की निर्देश दिया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच का यह निर्देश गोवा यूनिवर्सिटी के पूर्व विभागाध्यक्ष ऑरेलियानो फर्नांडीस की याचिका पर आया। कोर्ट ने पूछा कि मई 2023 को केंद्र और राज्य सरकारों को यह वेरिफाई करने को कहा था। क्या वर्कप्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट के आरोपों की जांच के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों में पैनल गठित किए हैं या नहीं।

# सजा भुगतने पहुंचे सुखबीर बादल, गले में तख्ती लटका स्वर्ण मंदिर में की सेवा



**एजेंसी, चंडीगढ़**

**अकाली** दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल मंगलवार सुबह गले में तख्ती लटकाकर श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे। सजा के तौर पर सुखबीर ने स्वर्ण मंदिर में सेवादार के रूप में काम किया। साथ ही बर्तन और जूते साफ करने की भी सेवा निभाई। यह सजा सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख संत गुरमीत राम रहीम को माफी दिलाने, श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी और सिख युवाओं की हत्या करवाने वाले पुलिस अधिकारियों को उच्च पदों पर आसीन करने समेत कई पंथक गलतियों के लिए सुनाई गई।

### श्रीनगर में लश्कर का आतंकी ढेर

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

श्रीनगर में दाचीगाम के जंगलों से लगे हरवान इलाके में सुरक्षाबलों ने लश्कर के आतंकी जुनैद अहमद भट्ट को मार गिराया है। वह आतंकवादी हमलों में नागरिकों की हत्या में शामिल था। 22 दिन में यह दूसरी मुठभेड़ है, जो सोमवार रात से चल रही है। हालांकि, अभी अन्य आतंकियों की तलाश जारी है। सेना ने आतंकियों को खोजने के लिए दाचीगाम जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है। इससे पहले हरवान जंगल में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। जंगल में पहुंचे जवानों पर आतंकियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी। (अनंत ज्ञान)

### फेंगल तूफान : तमिलनाडु में 12 की मौत, डेढ़ करोड़ लोग प्रभावित

**एजेंसी, चेन्नई**

**तमिलनाडु** में 30 नवंबर को आए फेंगल तूफान से अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है और डेढ़ करोड़ लोग प्रभावित हैं। सीएम स्टालिन ने सोमवार को पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर 2 हजार करोड़ रिलीफ फंड की मांग की है। वहीं, पीएम

**पीएम मोदी ने सीएम स्टालिन से की बात, हरसंभव मदद करने का दिया आश्वासन**

मोदी ने मंगलवार सुबह फोन पर स्टालिन से बात की और मदद का भरोसा दिया। तमिलनाडु में मूसलाधार बारिश से प्रभावित कई जिले बाढ़ की समस्या, बुरी तरह क्षतिग्रस्त सड़कों और आवश्यक वस्तुओं की कमी से जूझ रहे हैं। विल्लुपुरम जिले के अरासुर जैसे कुछ क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की कमी से जूझ रहे लोगों ने आवश्यक सामग्री की मांग को लेकर अचानक आंदोलन शुरू कर दिया।

**पूर्वानुमान** दिसंबर से फरवरी तक देश के कई हिस्सों में तापमान के सामान्य रहने की संभावना

# देश में इस बार कम दिन चलेगी शीतलहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मौसम विभाग के अनुसार, इस बार की सर्दियों में शीतलहर के दिन यानी कोल्डवेव डेज कम होंगे। दिसंबर से लेकर जनवरी-फरवरी तक देश के कई हिस्सों में तापमान भी सामान्य रहेगा।

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड, झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में अगले तीन महीने के दौरान कोल्ड वेव डेज 2 से 6 दिन कम हो सकते हैं। वहीं, दिसंबर में पहाड़ी राज्यों को छोड़कर बाकी जगह कोल्डवेव डेज की संभावना बेहद कम है। नॉर्थ वेस्ट, नॉर्थ ईस्ट में बारिश भी कम होगी। इस बीच दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण अभी भी खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में सोमवार रात बर्फबारी हुई। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के कई जिलों में पारा 10 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में भारी बारिश हो रही है।



### स्नो कवर एरिया घटा

**इस** साल कड़ाके की ठंड नहीं पड़ने वाली है। इसका कारण यह है कि हिमालय पर बर्फ से ढका क्षेत्र इस साल फरवरी की तुलना में 32 फीसदी तक घट गया है। साथ ही मानसून में इस बार 108 फीसदी बारिश हुई थी। इन दोनों फैक्टर्स की वजह से भी इस बार कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना कम है।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता में हुआ मामूली सुधार

दिल्ली में मंगलवार को वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ और सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 274 दर्ज किया गया। यह वायु प्रदूषण के लिहाज से दिल्लीवासियों के लिए राहत भरा लगातार तीसरा दिन है।

दिल्लीवासियों के लिए नवंबर की तुलना में दिसंबर की शुरुआत में सांस लेना आसान रहा है। नवंबर के अधिकतर दिनों में हवा जहरीली बनी रही थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, मंगलवार सुबह नौ बजे राष्ट्रीय राजधानी का एक्यूआई 274 दर्ज किया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### टोडसा स्कूल में मनाया सालाना समारोह



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय उच्च विद्यालय टोडसा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इस अवसर पर मनमोहन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के कार्यवाहक मुख्याध्यापक सुरेंद्र चौहान ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस अवसर पर विनित कुमार को छात्र वर्ग एवं तान्या कुमारी व दीक्षा ठाकुर को छात्रा वर्ग में स्टूडेंट ऑफ इयर 2024 चुना गया।

### विद्युत उपभोक्ता शीघ्र पूरी करें ई-केवाईसी

**चौपाल, नेरवा।** बिजली बोर्ड द्वारा छूटे हुए घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को आधार कार्ड से जोड़ने हेतु शुरू की गई केवाईसी की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया गया। सहायक अभियंता,विद्युत उपमंडल चौपाल इंजिनियर हिमांशु मैनवाल ने बताया कि विद्युत उपमंडल चौपाल के अंतर्गत भी यह प्रक्रिया एक अक्टूबर से शुरू कर दी गई है तथा इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई थी, परंतु अभी भी कई उपभोक्ताओं ने इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है। उन्होंने जिन उपभोक्ताओं ने इस प्रक्रिया को पूरा नहीं किया है, उनसे आग्रह किया है कि निर्धारित तिथि से पहले इसके लिए अपना आधार कार्ड व फोन नंबर आदि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवा कर केवाईसी करवा लें।

### स्वयंसेवियों ने खराब रास्तों का किया निर्माण



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांवसारी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ 26 नवंबर को हुआ। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेश नेगी ने दीप प्रज्ज्वलन कर और स्वयंसेवकों को आशीर्वाद देकर किया। उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी सुरेश दिलवान की अध्यक्षता में समस्त स्वयंसेवियों ने बरसात के समय में खराब पड़े हुए रास्तों का निर्माण किया और विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। वहीं इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेन बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे।

### संस्था ने की दिव्यांग बच्चों की आर्थिक मदद



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू एक सामाजिक संस्था है जिसका उद्देश्य सदैव ही गरीब, असहाय और जरूरतमंदों की सहायता करना है। समिति ने विश्व दिव्यांग दिवस पर रोहड़ू के जागृति स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों की पचीस हजार रुपए आर्थिक मदद की। संजीवनी सहारा समिति ने लगभग 265 के करीब सहायता हो चुकी है जिनके सहयोग से ये सभी जन सेवा के कार्य निरंतर चलते आ रहे हैं। समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने बताया कि संस्था सदैव ही निस्वार्थ भाव से जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद करती आ रही है। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष व संजीवनी के सदस्य सुरेंद्र, सचिव हरनाम चौहान, सह सचिव सागर राठौर, प्रेस सचिव रविंद्र शर्मा और राजेश चौहान मौजूद रहे।

### 6 को होगा गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा का 62वां राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह 6 दिसंबर को मनाया जाएगा। डिप्टी कमांडेंट जनरल अरविंद ने कहा कि यह समारोह तीन दिन तक चलेगा, जिसकी शुरुआत 4 दिसंबर से होगी। 4 दिसंबर को कमांडेंट की कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। 5 दिसंबर को इंटर बटालियन रैंक प्रतियोगिता होगी। इस दिन पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 6 दिसंबर को मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

### अखिलेश का प्रदेश क्रिकेट टीम में चयन



**अनंत ज्ञान, बरठीं।** बरठीं क्षेत्र के अखिलेश गौतम का अंडर-16 हिमाचल प्रदेश क्रिकेट टीम में चयन से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दसवीं कक्षा का छात्र अखिलेश हिमाचल प्रदेश की टीम के साथ कर्नाटक रवाना हुआ, जहां उसे विभिन्न राज्यों की टीमों से पांच मैच खेलने हैं। एचपीसीए सब सेंटर गंढीर के कोच यशपाल राणा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान अखिलेश ने 4 विभिन्न मैचों में सिरमौर, मंडी व अन्य क्रिकेट टीमों के खिलाफ 116, 80 व 100 रनों के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि गौतम की कड़ी मेहनत व बेहतर प्रदर्शन के साथ साथ एचपीसीए के मार्गदर्शन के कारण आज वह हिमाचल प्रदेश की टीम में शामिल हो चुके हैं जो क्रिकेट अकादमी के साथ-साथ पूरे इलाके के लिए हर्ष का विषय है। अखिलेश के पिता प्रिंस गौतम, पूर्व क्रिकेटर कपिल मोहन, विशाल ठाकुर, सुरेंद्र राणा, विकास, सुरजीत, जसवंत सिंह व अन्य ने बिलासपुर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव विशाल जगोता व हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पूरे इलाके के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अखिलेश गौतम इस क्रिकेटर टूर्नामेंट में भी बेहतर प्रदर्शन कर निसंदेह हिमाचल का नाम पूरे देश में रोशन करेंगे। लोगों ने अखिलेश गौतम को उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### प्रश्नोत्तरी में प्रांजलि और आस्था प्रथम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला घुमारवीं की छात्रा प्रांजलि और आस्था ने प्रथम स्थान हासिल किया है।



स्कूल प्रधानचार्य परमजीत शर्मा ने बताया कि शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय रेड रिबन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रितियोगता में विजेता टीमों ने भाग लिया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला घुमारवीं की छात्रा प्रांजलि और आस्था ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने विजेता छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की व अन्य विद्यार्थियों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



जिला के सभी उपमंडलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अनुपम कश्यप ने की। उपायुक्त ने इस दौरान कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाए।

उन्होंने सभी उपमंडलाधिकारियों को निर्देश दिए है कि राज्य सरकार के फ्लैगशिप प्रोग्राम की निरंतर समीक्षा अपने अपने स्तर पर करें। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत लाभार्थी बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण करें। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चलाई जा रही राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के लिए एसडीएम विस्तृत रूपरेखा तैयार करें। लाभार्थी बच्चों के बारे में एसडीएम सारी जानकारी संबंधित सीडीपीओ से एकत्रित करें।

उन्होंने कहा कि चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट और मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के बारे में बच्चों को जागरूक करें और उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करें ताकि उनका बेहतर भविष्य बन सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा जिले में की गई विभिन्न घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में तीव्रता लाए। इन घोषणाओं को पूरा करने के लिए सारी आपैचारिकताएं शीघ्र पूरी करें। आगामी कुछ दिनों में फिर से इन घोषणाओं पर प्रगति रिपोर्ट हर एसडीएम कार्यालय से ली जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि फील्ड अधिकारी और एसडीएम अपने स्तर पर लोगों को समस्याओं क निदान करने की प्राथमिकता तय करें। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों ने विभाग में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम के तहत गोद लिए स्कूलों में अधिकारियों को महीने में एक बार जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिला मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में भी सहयोग करने का आह्वान किया। इस मौके अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रोटोकाल ज्योति राणा, उपमंडलाधिकारी शिमला शहरी भानु गुप्ता, एसी टू डीसी गोपाल चंद, जिला राजस्व अधिकारी संजीत शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी केवल राम चौहान और जिला प्रोग्राम अधिकारी ममता पॉल मौजूद रहे।

## सभी विभागों में बुकलेट की जाएगी वितरित

**उपायुक्त** ने कहा कि सभी विभागों में प्रदेश और राज्य सरकार की योजनाओं की संयुक्त बुकलेट तैयार की जाएगी। इसमें योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी होगी । ये बुकलेट सभी एसडीएम और फील्ड अधिकारियों को मुहैया करवाई जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त को उक्त बुकलेट तैयार करने के निर्देश दिए है।

## 7 से शुरू होगा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम

**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में जिला टीबी फोरम, जिला टीबी-सह रुग्णता समिति और जिला क्षय रोग उन्मूलन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला शिमला में 7 दिसंबर 2024 से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम अभियान शुरू होगा, जो 17 मार्च 2025 तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि अभियान के तहत जिला में जन भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि जिला शिमला को क्षय रोग मुक्त किया जा सके। अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें निर्वाचित प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, युवाओं को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा, सरकारी विभागों में निक्षय शपथ का आयोजन किया जाएगा, निक्षय शिविरों का आयोजन होगा, निक्षय वाहन के माध्यम से लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी तथा अभियान में मीडिया की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने अभियान के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

# दलगांव पंचायत के लोगों को मिला सार्वजनिक भवन और जनसेवा केंद्र

**दशमी रावत, रोहड़ू**


विधायक योजनाओं का लोकार्पण करते हुए।

विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने दलगांव पंचायत में पंचायत घर, सार्वजनिक भवन व जन सेवा केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रधान दलगांव पंचायत विशेषर सिंह मौजूद रहे। उनके साथ उपप्रधान शूरवीर सिंह, सभी पंचायत के सदस्य व बीडीसी सदस्य सुदेश, पंचायत सचिव सुरेखा चौहान सहित गांववासी व महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहे। यह सार्वजनिक केंद्र लगभग 7.5 लाख रुपए व जन सेवा केंद्र 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित हुआ है।

## स्थापना दिवस की तैयारी


होमगार्ड द्वारा शिमला में मनाए जा रहे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर रिज मैदान पर परेड को लेकर रिहर्सल करते होमगार्ड के जवान।

# धारचांदना व बावत में कई वर्षों से अध्यापकों के पद खाली

**सपना सूद, नेरवा/कुपवी**

धारचांदना व बावत पंचायत के पांच स्कूलों में विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों के अध्यापकों के पद कई सालों से खाली होने से इन स्कूलों में पढ़ाई कर रहे 250 से अधिक छात्रों को अपना भविष्य धूमिल होता नजर आने लगा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यम स्कूल धारचांदना में 169 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है तथा इस स्कूल में डेढ़ साल से प्रधानाचार्य का पद खाली पड़ा हुआ है, जबकि अंग्रेजी विषय के प्रवक्ता का पद तीन साल से, इतिहास विषय के प्रवक्ता का पद छह साल से खाली है। वहीं राजकीय माध्यमिक स्कूल गांवखर में टीजीटी नॉन-मेडिकल का पद पिछले सात साल से खाली है। राजकीय माध्यमिक स्कूल शराड़ में टीजीटी नॉन मेडिकल का एवं राजकीय मसराह में भी टीजीटी नॉन मेडिकल का पद खाली है।

बीते दिनों धारचांदना स्कूल के वार्षिक समारोह में क्षेत्र के उधर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल धारचांदना के अध्यापक अभिभावक संघ के अध्यक्ष हीरा सिंह समटा, राजकीय माध्यमिक स्कूल शराड़ के एसएमसी अध्यक्ष मोहर सिंह सिधोली, राजकीय माध्यम स्कूल गांवखर के एसएमसी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह शर्मा और छात्रों के अभिभावकों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मांग की है कि उक्त सभी स्कूलों में शिक्षकों के पदों को भरा जाए, ताकि छात्रों को गृह क्षेत्र में ही उचित शिक्षा मिल सके।(अनंत ज्ञान)

## पासपोर्ट अदालत 7 को

**शिमला।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय रेलवे बोर्ड बिल्डिंग द मॉल शिमला 7 दिसंबर को पासपोर्ट अदालत का आयोजन कर रहा है। इस अदालत का मुख्य उद्देश्य उन आवेदकों को सुविधा प्रदान करना है, जिन्होंने 30 नवंबर 2024 तक पासपोर्ट सेवाओं के लिए आवेदन किया है, लेकिन किसी कारण/आपत्ति के कारण उन्हें अपना पासपोर्ट प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदक सभी मूल दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से बिना पूर्व नियुक्ति के आ सकते हैं, ताकि उनकी समस्याओं का उसी दिन समाधान किया जा सके।

जिन आवेदकों की फाइल पासपोर्ट सेवा केंद्र, शिमला में आगे के दस्तावेजीकरण के लिए रोक दी गई है, वे भी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 7 दिसंबर 2024 को प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक व्यक्तिगत रूप से पीएसके शिमला आ सकते हैं।

# हिमाचल स्टेट मास्टर्स गेम्स एसो. के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की भेंट


मुख्यमंत्री से भेंट करते हुए एसोसिएशन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश स्टेट मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट कर बिलासपुर में 13 से 15 दिसंबर 2024 तक आयोजित किए जा रहे स्टेट मास्टर्स गेम्स के लिए मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करने का अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी अधोसंरचना के विकास के साथ खेलों को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि लोगों में नेतृत्व, अनुशासन और भाईचारे की भावना भी पैदा करते हैं। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय कंवर शारदिया, महासचिव तेजस्वी शर्मा तथा पदाधिकारी रविंद्र शर्मा और मनोज बख्शी भी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में चालक की मौत

**सुन्नी ।** थाना सुन्नी के तहत सुन्नी लुहरी मार्ग पर ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने से ट्रक चालक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार ट्रक संख्या एचपी 11- 5762 सीमेंट लेकर जा रहा था तथा सुन्नी लुहरी मार्ग पर मालगी के समीप सड़क पर अनियंत्रित होकर लगभग 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा।

पुलिस चौकी जलोग के मुख्य आरक्षी कुबेर चंद की अगुवाई में पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच की और जांच में ट्रक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त पाया गया और हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

मृतक की शिनाख्त होशियार सिंह (48 वर्ष) पुत्र कालू राम निवासी गांव खलयाड़ डाकघर बरोट तहसील पदर जिला मंडी के तौर पर हुई है ।

# बिलासपुर कॉलेज के पुस्तकालय को प्रदेशभर में मिला तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**


बिलासपुर कॉलेज का पुस्तकालय।

राज्य अतिथि गृह पीटर हाफ शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ,शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ,तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक और महाविद्यालयों के प्राचार्य के बीच दो दिवसीय बैठक हुई। इसमें हिमाचल प्रदेश के सभी पुस्तकालयों की ग्रेडिंग और रेटिंग की मंत्रणा हुई, जिसमें बिलासपुर कॉलेज के पुस्तकालय को हिमाचल में तीसरे स्थान पर रखा गया है। बिलासपुर कॉलेज के पुस्तकालय की कार्यप्रणाली की बहुत सराहना की गई। वर्तमान में बिलासपुर कॉलेज के पुस्तकालय में कंप्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा पुस्तकों का अदान-प्रदान किया जा रहा है, जिसमें ई-मेल के माध्यम से छात्रों को सूचना भेजी जाती है। छात्रों को पुस्तकालय में ऑनलाइन संसाधनों के उपयोग की सुविधा दी जा रही है। कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर पीएस कटवाल के आदेशानुसार लाइब्रेरी को छुट्टियों में भी खुला रखा जाता है, जिसका उपयोग छात्र कर सकते हैं। कटवाल ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही हर्ष और गर्व का विषय है कि पूरे प्रदेश में हमारे महाविद्यालय की लाइब्रेरी को रैंकिंग में तीसरा स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी लाइब्रेरी में और भी सुधार करेंगे व उसमे और भी बैठने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समय पुस्तकालय 14 समाचार पत्र, 29 पत्रिकाएं और 5 जर्नल उपलब्ध करा रहा हैद्य लाइब्रेरी प्रिंटर के साथ ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी प्रदान कर रही है। लाइब्रेरी में लगभग 32000 पुस्तकें उपलब्ध हैं।

# धर्माणी ने पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की पहली स्पोर्ट्स मीट का किया आगाज

## कहा, शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के साथ मानसिक शांति भी देती हैं खेलें

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



लुहणू मैदान बिलासपुर में मंगलवार को पटवारी एवं कानूनगो महासंघ की पहली स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन हुआ। नगर नियोजक आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने इस आयोजन का शुभारंभ किया और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक एक ही प्रकार के कार्यों में व्यस्त रहने से मानसिक तनाव बढ़ सकता है, जिसे दूर करने के लिए खेल और शारीरिक गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक शांति प्रदान कर कार्यक्षमता और उत्साह को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पटवारी और कानूनगो महासंघ का सहयोग समाज में पात्र व्यक्तियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए महत्वपूर्ण है। राजस्व सुधारों पर जोर देते हुए मंत्री धर्माणी ने कहा कि विभाग में डेडीकेटेड रेवेन्यू एक्सपर्ट्स की नियुक्ति से आम जनता को अधिक लाभ पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी और महासंघ की मांगों पर विचार किया जाएगा। मंत्री ने वॉलीबॉल खेल का शुभारंभ किया और एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल विजेता किक बॉक्सिंग खिलाड़ी अखिल ठाकुर को सम्मानित किया। उनकी उपलब्धि पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण रही। वहीं, संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ के अध्यक्ष सतीश चौधरी ने मंत्री का स्वागत करते हुए महासंघ की समस्याओं और मांगों को उनके समक्ष रखा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार इन मांगों को प्राथमिकता के साथ सुलझाएगी।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का हेल्पलाइन नंबर जारी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनीषा गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 15100 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इस नम्बर के माध्यम से कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता या सलाह प्राप्त कर सकता है। इस सेवा के तहत, व्यक्ति जिस राज्य या जिले का निवासी है, उसे उस क्षेत्र के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से जोड़ा जाएगा। यह भी सुनिश्चित किया गया है कि व्यक्ति अपनी स्थानीय भाषा में अपनी समस्या को प्रस्तुत कर सके, और उसका समाधान शीघ्र किया जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि इस हेल्पलाइन नंबर का अधिकतम लाभ उठाएं। इसके अतिरिक्त, किसी भी कार्य दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दुरभाष नंबर 01978-221452 पर भी मुफ्त कानूनी सहायता अथवा सलाह ली जा सकती है।

## नूरपुर में 13 को लगेगा दिव्यांगता मूल्यांकन शिविर

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** एसडीएम गुरसिमर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी,कांगड़ा द्वारा भारत सरकार के कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली के सहयोग से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जरूरतमंद दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए पंजीकरण किया जाएगा। शिविर का आयोजन 13 दिसंबर को स्थानीय बचत भवन में प्रातः 11 बजे से सायं 3 बजे तक होगा। शिविर में दिव्यांगजनों के सहायतार्थ ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र, वैसाखी, चलने की छड़ें और अन्य सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग के लिए मूल्यांकन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष न. 01692-224888, मो. 94188-32244 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कार्यक्रम** बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस कार्यक्रम में बोले डीसी

# दिव्यांगों के उत्थान के लिए सरकार कर रही प्रयास

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**


अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डीसी आबिद हुसैन सादिक

जिला स्तरीय अंतराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस कार्यक्रम का आयोजन बचत भवन में किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने की। उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने इस अवसर पर कहा कि इस दिवस को केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि दिव्यांगजनों के प्रति अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में संवेदनशीलता दिखाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के उत्थान और अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। कई योजनाएं और अधिनियम बनाए गए हैं, जिनका प्रचार-प्रसार कर सभी दिव्यांगजनों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को दिव्यांगजनों के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस दिशा में सर्वप्रथम उपायुक्त कार्यालय को दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। इस अवसर पर दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल ने अधिनियम के तहत दिव्यांगजनों के अधिकारों और संबंधित विभागों द्वारा उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान, जिला की विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं जैसे चेतना संस्थान, नया सवेरा, आशा किरण ने म्यूजिकल चेयर, बैडमिंटन, और जम्प जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 40 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग कल्याण संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला कल्याण संघ ने उपायुक्त द्वारा दिव्यांगजनों के हित में उठाए गए कदमों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर चंद्रशेखर भाटिया, जिला न्यायावादी जिला कार्यक्रम अधिकारी, क्षेत्रीय उपप्रबंधक विवेक लखनपाल, उपनिदेशक उच्च एवं प्रारंभिक शिक्षा, जिला कल्याण संघ की महासचिव रचना देवी, तहसील कल्याण अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे।

# सरकार के दो साल के समारोह के लिए समितियों का किया गठन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

प्रदेश सरकार के दो वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर को बिलासपुर जिले में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने मंगलवार को जिला के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियां गठित कर दी गई हैं, जिनमें सभी विभागों के अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। बैठक में यातायात व्यवस्था, ठहरने की सुविधा, बैठने का प्रबंध, स्वास्थ्य सेवाएं, वाहन प्रबंधन, विद्युत और पेयजल आपूर्ति, इंटरनेट कनेक्टिविटी, स्वच्छता और अग्निशमन जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सौंपे गए कार्यों को समय पर और कुशलता से पूरा करें।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले को इतने बड़े कार्यक्रम के आयोजन का अवसर मिला है, और इसे सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों को अपनी पूरी क्षमता से कार्य करना चाहिए। बैठक में एडीसी डॉ. निधि पटेल, सहायक आयुक्त नरेंद्र कुमार अहलूवालिया, और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।






# रोप-वे से जुड़ा बगलामुखी मंदिर पंडोह से सिर्फ एक घंटे में पहुंचेंगे

## लागत 53.89 करोड़, 36 महीने में हुआ तैयार, सीएम सुक्खू ने किया लोकार्पण

**अनिल शर्मा, मंडी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को मंडी जिले में माता बगलामुखी रो-पवे का शुभारंभ किया, जिसका निर्माण अत्याधुनिक तकनीक से किया गया है। यह रोप-वे चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, जोकि बाखली में पंडोह को माता बगलामुखी मंदिर से जोड़ता है।

32 महीने में तैयार हुए इस रोप-वे के शुरू होने से क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 800 मीटर लंबे रोप-वे का 53.89 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण किया गया है और यह आधुनिक प्रोद्यौगिकी का अद्भुत प्रारूप है।

यूरोपियन सीईएन मानकों पर आधारित यह रोप-वे एक घंटे में 21.6 किमी की दूरी तय करेगा तथा प्रति घंटे में 600 यात्रियों को ले जा सकेगा। इस रोप-वे से 14 किमी की अतिरिक्त दूरी कम होगी । यह प्रदेश का एकमात्र रोपवे है जो पानी के ऊपर पंडोह बांध से होकर गुजरेगा। सीएम सुक्खू ने कहा कि रोपवे से माता बगलामुखी मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में भी आशातीत वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से न केवल पर्यटकों को एक शानदार अनुभव मिलेगा बल्कि स्थानीय लोगों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री ने माता बगलामुखी मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।






बगलामुखी रोप-वे का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू, साथ हैं अन्य कांग्रेसी नेता।

**21.6 किमी की दूरी रोप-वे से एक घंटे में तय होगी**

**14 किमी की अतिरिक्त दूरी इस रोप-वे से होगी कम**

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, अध्यक्ष एपीएमसी मंडी संजीव गुलेरिया, अध्यक्ष एपीएमसी कुल्लू मियां राम सिंह, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन सिंह ठाकुर, कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर, दीपक शर्मा, पवन ठाकुर, चंपा ठाकुर, अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड संजय गुप्ता, प्रधान सचिव परिवहन आरडी नजीम, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

### स्थानीय लोगों के लिए सिर्फ 30 रुपए किराया

**बगलामुखी** रोप-वे के आसपास के गांव के स्थानीय लोगों के लिए किराया कम रखा गया है। यहां स्थानीय लोग केवल 30 रुपए देकर रोप-वे में सफर कर सकेंगे। रोप-वे के निर्माण का एक मकसद यह भी था कि स्थानीय लोगों को सुविधा मिले। उनके लिए बसों की आवाजाही उतनी ज्यादा नहीं है और रोड भी ठीक नहीं है। बरसात के दिनों में रोड बह जाता है, जिससे लोग वहीं फंसकर रह जाते हैं।

### पर्यटकों के लिए 250 रुपए किराया

**पर्यटकों** के लिए 250 रुपए किराया लगेगा। यह किराया दोनों तरफ का होगा। 10 साल की उम्र तक के बच्चों का 50 फीसदी किराया ही लगेगा। इसके अलावा 5 साल तक की उम्र के बच्चों को निःशुल्क सुविधा रहेगी। रोप-वे बनने से स्थानीय लोगों को रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष साधन खुलेंगे। एनएच से रोप-वे के जरिए पर्यटक बाखली पहुंचेंगे। यहां प्रकृति के बीच पर्यटक समय गुजार सकते हैं।

# केंद्रीय विश्व विद्यालय के लिए शीघ्र दिए जाएं 30 करोड़ : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता है कि भोटा में राधा स्वामी सत्संग अस्पताल बंद नहीं हुआ। सरकार द्वारा उसको चलाए रखने के लिए कानून में संशोधन करने का निर्णय सराहनीय है।



उन्होंने कहा कि राधा स्वामी सतसंग भारत की एक प्रशंसनीय संस्था है, जो नैतिकता, चरित्र निर्माण और समाज सेवा का सराहनीय कार्य कर रही है। पालमपुर के निकट परौर में संस्था का प्रमुख केंद्र है।

वहां पर संस्था के प्रमुख स्वामी जी से मिलने का उन्हें सौभाग्य मिला था। शांता कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से एक आग्रह किया है कि केंद्रीय विश्व विद्यालय धर्मशाला के लिए 30 करोड़ रुपए शीघ्र दिए जाएं जिससे 12 वर्षों से रूका हुआ काम शुरू होगा।

केंद्र सरकार द्वार भेजे गए लगभग 300 करोड़ रुपए इसलिए ही खर्च नहीं हो रहे हैं क्योंकि हिमाचल अपने हिस्से की राशी नहीं दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हें अब भविष्य में इस संबंध में और कुछ नहीं कहना पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मर्डर केस के उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** मर्डर केस के उद्घोषित अपराधी को हमीरपुर पुलिस की पीओ सेल टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 7 नवंबर 2022 को लाहलड़ी गांव में अजय कुमार उर्फ गोरा ने अपने चचेरे दादा की डंडे से पीट कर हत्या कर दी थी। वह पिछले दो वर्षों से उद्घोषित अपराधी फरार चल रहा था। हमीरपुर पीओ सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अजय कुमार को पकड़ने में सफलता हासिल की पीओ सेल की टीम में इंस्पेक्टर सुनील दत्त, एचसी मनोहर लाल, एचसी रवि कुमार और सुरेश कुमार ने आरोपी अजय कुमार को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई है। आरोपी अजय कुमार सावड़ा में राजकुमार उर्फ राजू नाम बदलकर शिमला के पास पल्लेदारी का कार्य कर रहा था। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने मामले की पुष्टि की। (अनंत ज्ञान)



### युवक से 490 ग्राम चरस बरामद, गिरफ्तार

**सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के एसआईयु टीम व पुलिस थाना हटली ने साथ मिलकर ढलवान-कलखर की तरफ गश्त पर थे तो ढलवान से धौलखान शनिदेव मंदिर के पास सड़क पर पैदल जा रहा एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया। पुलिसकर्मियों ने उक्त युवक की गतिविधियों को संदिग्ध पाया तो संदेह के आधार पर आदित्य पुत्र अशोक कुमार गाँव कुठाड डाकघर भरमोटी तहसील नादौन जिला हमीरपुर की तलाशी ली तो उसके कब्जे मे 490 ग्राम चरस बरामद की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि की है।

### बस अड्डे में बैग से चुराई सोने की दो चूड़ियां

**एसके शर्मा, जाहू।** संधोल से मंडी जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस में बैठे एक व्यक्ति के बैग से जाहू बस अड्डे में चोरों ने दो सोने की चूड़ियां चुरा ली है। जानकारी के अनुसार धर्मपुर का एक व्यक्ति महेंद्र एचआरटीसी की बस में संधोल से मंडी में बैठकर सुंदरनगर को जा रहा था। जब यह बस करीब 11:30 बजे बस जाहू बस अड्डे में पहुंची और यहां पर रुकी तो महेंद्र बैग को बस की सीट पर छोड़कर धूप सेंकने के लिए बाहर निकाला गया और करीब 20 मिनट बाद बस में बैठा तो उसने पाया कि उसका बैग खुला था। देखने से पाया कि बैग में रखी दो सोने की चूड़ियां गायब थी। पीडित ने जाहू पुलिस चौकी में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी फिरोज अख्तर का कहना है कि पुलिस के पास चूड़ियां चोरी होने की शिकायत आई है। (अनंत ज्ञान)

### छत्तर में अवैध निर्माण पर 2 लोगों को नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजस्व मुहाल छत्तर में अवैध निर्माण का कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने दो लोगों को एक बार फिर नोटिस जारी किए हैं। विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम 1977 की धारा-39 की उपधारा-2 के तहत जारी नोटिस में उक्त निर्माण कार्य को तुरंत रोकने और जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्माण कार्य के संबंध में विभाग ने 23 अक्तू बर को भी हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन नियमावली 2014 के नियम 28 के तहत नोटिस जारी किया था, लेकिन इसकी अनुपालना न होने पर अब दोबारा नोटिस जारी किए गए हैं।

### चेक बाउंस मामले में डेढ़ साल की सजा

**सोलन।** शिमला टूटू में रहने वाले विकास और अमित जो कि नगरोटा बंगवा के निवासी हैं ने छत्र पाल शर्मा से 10 लाख और 3 लाख रुपए 2018 में अपने फायर वर्क्स के काम के लिए उधार लिए थे बाद में वापिस करने को मुकर गए। चंडीगढ़ की अदालत ने आरोपियों को दोषी मानते हुए चेक एक साल व छह महीने की सजा सुनाई है। छत्र पाल शर्मा इनके चेक चंडीगढ़ की अदालत में 138, 420 धारा के अंतर्गत लगाए थे, जिसमें अदालत ने दोष साबित होने पर इन दोनों को एक साल व छह महीने की सजा सुनाई है तथा 5 लाख और 3 लाख का दोनों पर जुर्माना भी लगाया है।

### नाके के दौरान 960.29 ग्राम चरस बरामद

**घुमारवीं।** बिलासपुर की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने फोरलेन पर टिहरा टनल के नजदीक नाका लगाकर चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ घुमारवीं थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर किया गया है। आरोपी की पहचान धर्म चंद (31) पुत्र ठाकुर सिंह निवासी गांव संग्लवाह जिला मंडी के रूप में हुई है। मंगलवार को पुलिस की विषेश टीम ने किरतपुर -नेरचौक फोरलेन पर टिहरी टनल के नजदीक नाकाबंदी कर रखी थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक टैक्सी चालक नशे की खेप लेकर गुजरने वाला है। इसी सूचना के आधार पर टीम ने फोरलेन पर नाका लगाया था । पुलिस ने नाके पर आने-जाने वाले सभी वाहनों की जांच की। इसी दौरान यह बड़ी सफलता हासिल हुई। पुलिस ने टैक्सी की जांच के दौरान 960.29 ग्राम चरस बरामद की। डीएसपी घुमारवीं चन्द्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

# नाकामी छिपाने के लिए झूठ बोलने लगे मुख्यमंत्री सुक्खू : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मंडी**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर आरोप लगाया है कि वे कांग्रेस सरकार की नाकामी छिपाने के लिए झूठ बोलकर अपनी साख बचाने में लगे हुए हैं।

अब जहां भी जा रहे हैं वहां जनता को झूठ बोलकर भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दो वर्षों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, लेकिन सरकार के पास विकास के काम गिनाने के लिए है ही नहीं। आनन-फानन में विधानसभा सत्र से पहले विपक्ष का सामना करने के लिए हमारे द्वारा शुरू किए गए बड़े प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन किए जा रहे हैं ताकि जनता को दिखाया जा सके कि हम विकास कार्य कर रहे हैं। सच्चाई तो ये है कि ये बड़े बड़े प्रोजेक्ट हमारी सरकार के समय ही शुरू हुए थे और एक वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हो चुके थे, लेकिन जानबूझकर इनके उद्घाटन लटकाए गए और कई बार उद्घाटन की तिथियां आगे खिसकाई गई, ताकि दो साल के जश्न के बीच और सत्र से पहले ये दिखाया और प्रचारित किया जा सके कि हम उद्घाटन भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एक किसी परियोजना या काम का नाम बता दें जो इन्होंने शुरू किए और उसका उद्घाटन भी इन्होंने किया हो।

आज मेरे विधानसभा क्षेत्र के बाखली में भी झूठ बोलकर गए कि इस रोप-वे को हमने 28 करोड़ दिया तो आज हम इसका उद्घाटन कर रहे हैं जबकि सच्चाई ये है कि इसके लिए 50 करोड़ नाबार्ड से मैंने ही लाया था और मेरे ही समय में ये शुरू हुआ था, लेकिन मुख्यमंत्री को हमारे काम का झूठ बोलकर श्रेय लेने की आदत सी हो गई है।

# सूक्खू सरकार मना रही जश्न-ए-बर्बादी : गौरव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की निकम्मी निठल्ली सरकार 2 वर्ष पूरे करने जा रही है, इस अवसर पर वह जश्न मनाना चाहते है। तो हम यह पूछना चाहेंगे कि क्या यह जश्न-ए-बर्बादी है, जश्न किस बात का है जनता को जानने का अधिकार है, सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार वादा खिलाफी एवं भ्रष्टाचार का पर्याय बनकर रह गई है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही।

कानून व्यवस्था पूरी तरह से त्रस्त है और सुक्खू मस्त है, प्रदेश में महिला प्रताड़ित एवं परेशान है। हिमाचल प्रदेश जो भारत की आन बान शान था, सुक्खू ने प्रदेश का दिवालियापन निकल कर दिखा दिया है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में हम डबल इंजन की बात कर रहे थे और दूसरी तरफ कांग्रेस वादों की झड़ी लगा रही थी, ऐसे वादे जिन पर विश्वास नहीं किया जा रहा था कि यह पूरे भी होंगे। कांग्रेस पार्टी, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा गांधी की एक ही गारंटी है जहां-जहां जाए है वहां पर केवल भ्रष्टाचार की गारंटी देते है, अर्थव्यवस्था कैसे टूटे इस बात की गारंटी देते है। उन्होंने कहा कि यह दुख की बात है की सरकार कर्मचारियों को समय पर वेतन भी नहीं दे पा रही है, दूसरी ओर सीएम अपने रिश्तेदारों और मित्रों के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी रहे है।

# हिमाचल में खनन और नशा माफिया का राज : महेंद्र धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर मनाए जाने वाले जश्न पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्मानी ने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का दो वर्ष का यह कार्यकाल समोसा कांड तथा टॉयलेट टैक्स के लिए जाना जाएगा।

उन्होंने सरकार के इस कार्यकाल को प्रदेश के इतिहास का सबसे असफल कार्यकाल करार दिया है। धर्मानी ने कहा कि बीते दो वर्षों में सरकार ने सिर्फ अपने चाहतों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। यही कारण है कि आज प्रदेश में खनन माफिया तथा नशा माफिया का राज है।

उन्होंने कहा की आज जहां प्रदेश का युवा रोजगार की तलाश में भटक रहा है वहीं, दूसरी तरफ महिलाएं 1500 रुपए देने की गारंटी पर भी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि आज देश में हिमाचल का मजाक बन गया है।

टॉयलेट टैक्स और समोसे की सीआईडी जांच जैसे विषय पर हिमाचल की देशभर में बदनामी हुई है।

# शहीद नवल किशोर को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला के सदर उपमंडल के जलौन गांव के निवासी हवलदार नवल किशोर का पार्थिव शरीर को मंगलवार को उनके पैतृक गांव जालौन पहुंचाया गया, जहां पर उनका पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इस दौरान प्रशासन की ओर से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, मंडी डॉ. मदन कुमार तथा सैन्य अधिकारियों सहित परिजनों एवं क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि सियाचिन में शहीद हवलदार नवल किशोर की पार्थिव देह मंगलवार को सेना के हेलिकॉप्टर द्वारा चंडीगढ़ से मंडी कांगनी हेलिपेड करीब 1:30 पंहुचा जहां पर पूर्व सैनिक और प्रशासन के अधिकारियों और सेना के जवानों द्वारा उन्हें कांगनी हेलिपेड व विधायक अनिल शर्मा ने उनके घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी शहादत से पूरे गांव में गमगीन माहौल हो गया और 'नवल किशोर अमर रहे' के नारे पूरे गांव भर में लगातार गुंजते रहे। हवलदार नवल किशोर जेएंडके राइफल में सेवारत थे तथा गत दिनों सियाचिन ग्लेशियर में राष्ट्र की सेवा करते हुए वे शहीद हो गए थे।



शहीद नवल किशोर को अंतिम सलामी देते हुए सैनिक जवान

**सियाचिन ग्लेशियर में राष्ट्र की सेवा करते हुए पाई थी शहादत**

**उपमुख्यमंत्री ने शहादत पर शोक व्यक्त किया:** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सियाचिन ग्लेशियर में राष्ट्र की सेवा करते हुए हवलदार नवल किशोर के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हवलदार नवल किशोर ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# विधानसभा भवन बनाकर 3 मंच से लड़े 3 चुनाव, हर बार जीते काजल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला की रौनक तपोवन में शिफ्ट होने का काउंटडाऊन शुरू होने को है। धर्मशाला के कार्यालयों में ज्यादातर प्रशासनिक तथा अन्य विभागों के उच्च अधिकारी या कार्यालयों में मिलेंगे नहीं या विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तलाशने की जद्दोजहद में फाइलें खंगालते नजर आएंगे। उधर, दूसरे छोर पर कहीं भवन तो कहीं फर्नीचर की पड़ताल ओर कहीं सुरक्षा पर पैनी नजर है।

18 दिसंबर से शुरू होने जा रहे शीतकालीन सत्र को लेकर तपोवन में प्रशासनिक तथा सुरक्षा प्रबंधों को लेकर चहलकदमी शुरू है। पूरे प्रशासनिक तंत्र के साथ सत्र पर करोड़ों रुपए का खर्च होता है। प्रदेश के हर कोने से फरियादी सरकार से अपनी समस्याओं के समाधान तथा राहत की आस में धर्मशाला पहुंचेंगे। धर्मशाला में शीतकालीन सत्र की परंपरा 2005 में शुरू हुई थी। पहला शीतकालीन सत्र धर्मशाला स्थित राजकीय महाविद्यालय के प्रयास भवन में हुआ था। उसी दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र सिंह ने धर्मशाला के तपोवन में प्रदेश के दूसरे विधानसभा भवन की नींव रखी तथा रिकार्ड समय एक वर्ष में निर्माण पूरा कर इसका उद्घाटन कर भवन में 2006 का शीतकालीन सत्र करवाया। तपोवन के विधानसभा भवन के साथ कांगड़ा के वर्तमान में भाजपा विधायक पवन काजल का अलग रिश्ता जुड़ा है। धर्मशाला के तपोवन में बने विधानसभा के दूसरे भवन के निर्माण कार्य का ठेका, जिस ठेकेदार पवन काजल को मिला था वह आज तीसरी बार कांगड़ा से विधानसभा के सदस्य हैं।

पवन काजल उस वक्त सरकारी ठेकेदार हुआ करते थे,उन्होंने ही इस भवन का रिकार्ड समय में निर्माण करवाया था। बताते चलें कि ये पवन काजल का जादू ही है कि उन्होंने 2012 में आजाद, 2017 में कांग्रेस तथा 2022 में भाजपा से चुनाव लड़ जीत दर्ज की। अपर व लोअर हिमाचल की राजनीति को साधने के लिए ही धर्मशाला में विधानसभा का निर्माण करवाया गया था।



**18 से 21 दिसंबर तक चलेगा शीतकालीन शत्र**

**कारनामा** एमबीबीएस चिकित्सक ने बच्चा पेट में उल्टा होने का हवाला देकर डिलीवरी से किया था इंकार

# अस्पताल से रैफर, एंबुलेंस स्टाफ ने करवाई डिलीवरी

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

नागरिक अस्पताल अर्की में एक बार फिर से रात्रि आपातकालीन ड्यूटी में तैनात का कारनामा सामने आया है, जब गत रात्रि अस्पताल में आई एक प्रसूता को कमला नेहरू हॉस्पिटल शिमला यह कहकर रैफर कर दिया गया कि बच्चा पेट में उल्टा है, अर्की अस्पताल में डिलीवरी नहीं हो सकती, जबकि 108 एंबुलेंस में तैनात फार्मासिस्ट व पायलट ने प्रसूता को ज्यादा तकलीफ होते देख आधे रास्ते में ही सफल डिलीवरी करवा दी।



प्रसूता नेहा (28) गांव कलाहरन पोस्ट ऑफिस घनागु घाट के पति कैलाश ने बताया कि उनकी पत्नी को गत रात्रि प्रसव पीड़ा हुई। जिस पर वह उसे लेकर अर्की अस्पताल पहुंच गए, जहां रात्रि में आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने लगभग दो बजे उनकी पत्नी को कमला नेहरू अस्पताल शिमला ले जाने के लिए रैफर कर दिया, साथ ही कहा कि पेट में बच्चा उल्टा है। अर्की अस्पताल में सुविधा नहीं है। कैलाश ने बताया कि यह सुनकर वह अपनी पत्नी को 108 एंबुलेंस में लेकर कमला नेहरू अस्पताल चल पड़े। इसी दौरान चौड़ा मैदान शिमला में उसकी पत्नी को न सहने वाली प्रसव पीड़ा आरंभ हो गई।

जिस पर फार्मासिस्ट कमल व पायलट नरेश एंबुलेंस में ही उसकी पत्नी को प्रसव करवाने में लग गए तथा उनकी मेहनत रंग लाई तथा उनकी पत्नी का प्रसव 108 एंबुलेंस में बिना किसी तकलीफ या कठिनाई के हो गया। कैलाश का कहना है कि उनकी पत्नी ने बेटी को जन्म दिया है। प्रसूता व नवजात बालिका बिल्कुल स्वस्थ है। एवं कमला नेहरू अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रही है। उनका कहना है कि जब एक फार्मासिस्ट व एक एंबुलेंस चालक ने चिकित्सक के अनुसार उल्टे बच्चे का बिना किसी कठिनाई के सफलतापूर्वक प्रसव करवा दिया, तो अनुभवी एमबीबीएस चिकित्सक अर्की में क्यों प्रसव नहीं करवा पाए? उनका कहना है शायद रात्रिकालीन ड्यूटी पर रहने वाले ज्यादातर चिकित्सक प्रसव करवाने के झमेले में न पड़ कर रैफर करना सही समझते है।

ज्ञात रहे कि पूर्व में भी कई इस प्रकार के मामले हुए है, जिसमें अर्की अस्पताल से प्रसूता को क्रिटिकल प्रसव कहकर शिमला के लिए रैफर कर दिया जाता है, लेकिन बीच रास्ते में ही 108 एंबुलेंस कर्मी उस प्रसूता का प्रसव आराम से करवा देते है, लेकिन आज तक सरकार व विभाग ने इस मुद्दे पर कोई संज्ञान नहीं लिया कि ऐसा क्यों हो रहा है?

क्योकि एक लगभग दस हजार पर कार्य करने वाला 108 एंबुलेंस कर्मी जब क्रिटिकल डिलीवरी को नार्मल डिलीवरी की तरह करवा देता है। तो एक एमबीबीएस चिकित्सक क्यों रेफर करने पर जोर देता है। कैलाश ने अर्की के 108 एंबुलेंस कर्मियों का धन्यवाद करते हुए सरकार से मांग की है कि इनके सराहनीय कार्य को देखते हुए इनके वेतन के बारे में कोई नीति बनाई जाए। सीएमओ सोलन डा. अमित रंजन तलवार ने इस मामले में बीएमओ अर्की से रिपोर्ट मांगी है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### स्टूडेंट्स को दिए करियर निर्माण के टिप्स

**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय महाविद्याल ढलियारा के सहायक आचार्यों ने महाविद्यालय द्वारा हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय विद्यालयों को गोद लेने की योजना के अंतर्गत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुनहेत, बीहन, नलसुहा तथा कढ़ोहा में छात्रों को करियर तथा नशा निवारण के साथ सामान्य ज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान की गई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीहन में प्रो धर्मेंद्र सिंह तथा प्रो. प्रिया, सुनहेत विद्यालय में डॉ. देवन महाजन तथा डॉ. राजेश कुमार, कढ़ोहा महाविद्यालय में डॉ. शगुन नाग तथा प्रो. अदिति शर्मा एवं नलसुहा विद्यालय में डॉ. विकास धीमान तथा प्रो. विनीत कुमार ने छात्रों के साथ संवाद किया।



### पूजन भंडारी ने 16वीं बार किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां के समाजसेवी पूजन भंडारी ने अपने जन्मदिन पर बेटे शान भंडारी के साथ टांडा हॉस्पिटल में रक्तदान करके इस मौके खुशनुमा बना दिया। पूजन भंडारी नें 16वीं बार व शान भंडारी नें 27वीं बार रक्तदान किया है। उनका कहना है कि रक्तदान एक महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करते रहना चाहिए, आपका दिया हुआ एक यूनिट खून तीन जिंदगीयां बचा सकता है। टांडा हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के डॉ. विकास जी नें पूजन भंडारी को जन्मदिन कि बधाई देते हुए बैच व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।



### बॉक्सिंग में चमके पारस स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पारस पब्लिक स्कूल भवारना को मेजबानी का मौका मिला। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 102 लड़कियों ने भाग लिया। इसमें पारस पब्लिक स्कूल की रीतराज, कृतिका, स्वस्तिका, आस्था और यशिका ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक जीता। इसके साथ ही रश्मि,अक्षिता और चारवी ने रजत पदक हासिल किया। रिया स्नेह और आरजू ने कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा ने विजेता छात्राओं की प्रशंसा की और उन्हें पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें भविष्य में भी बॉक्सिंग में अपना हुनर दिखवाना चाहिए।



### कुठेड़ में लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ में प्रधानाचार्य उज्जवल धीमान की अध्यक्षता में विश्व एड्स दिवस मनाया गया, जिसमें रैली, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवियों को बताया कि दुनिया भर के लाखों लोगों की तरह हमारा लक्ष्य एचआईवी महामारी को खत्म करना है। इसके लिए वैश्विक प्रयास की आवश्यकता रहेगी। रैली में 98 वालंटियर्स सहित आयुष विभाग शाखा रैत एवं नडोली के योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक शर्मा एवं ममता गौरा ने भी सहयोग किया।



# सर्दियों में आपदाओं से निपटने के लिए जिला प्रशासन तैयार: डीसी

## बड़ा भंगाल सहित बर्फबारी वाले क्षेत्रों में मार्च तक के लिए राशन का भंडारण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला प्रशासन सर्दियों में बर्फबारी के दौरान जिला में किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस संदर्भ में उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हेमराज बैरवा ने समस्त विभागों के जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें बर्फबारी से पहले अपनी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान जिला में जन-जीवन को सुचारू रखने व ग्रामीणों क्षेत्रों में बिजली-पानी व राशन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ यातायात सहित हर प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्दियों के दौरान आपदा प्रबंधन के लिए हर विभाग एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें और उनका मोबाइल नंबर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ साझा करें। उन्होंने सर्दियों के दौरान बारिश व बर्फबारी के कारण बंद होने वाली सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने, बिजली व पेयजल की व्यवस्था सुचारू रखने के लिए संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में अवगत करवाया गया कि बड़ा भंगाल सहित बर्फबारी वाले क्षेत्रों नवंबर से मार्च माह तक का राशन भंडारण कर दिया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इन क्षेत्रों में सभी जीवन रक्षक दवाइयों का प्रबंध करने के भी निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी एसडीएम को यह भी निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर भी सर्दियों के दृष्टिगत अपने कार्य क्षेत्र के सभी अधिकारियों सहित दूरसंचार ऑपरेटर की बैठक कर सभी आवश्यक इंतजाम कर लें। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्राधिकरण द्वारा सभी एसडीएम को वायरलैस सैट भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें तथा किसी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत जिला आपदा प्राधिकरण को दें। इस अवसर पर एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल, एसडीएम संजीव भोट व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी हेमराज बैरवा।

# धूल फांक रहीं एक करोड़ रुपए की 2 मोबाइल फूड सेफ्टी वैन

## 2 माह से स्टाफ का इंतजार, विभाग को नहीं मिल रही मदद

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई को आसान बनाने के लिए आईं 2 मोबाइल फूड सेफ्टी वैन पिछले करीब दो माह से धूल फांक रही हैं। ऐसे में खाद्य सुरक्षा विभाग को भी कोई मदद इन वैन से नहीं मिल पा रही। सूत्रों के अनुसार इनकी कीमत करीब 50 लाख रुपए प्रति वैन है। वहीं, ड्राइवर समेत फूड एनालिस्ट तथा लैब अटेंडेंट के सभी पद रिक्त होने के कारण ये वैन सफेद हाथी बनी हुई हैं। कंडाघाट जैसे स्थानों पर सैंपल भेजने की बजाय इन वैन में मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच हो जाती है। हालांकि वैन पानी, दूध, सॉस तथा जूस की ही जांच करती हैं। मोबाइल फूड सेफ्टी वैन में अत्याधुनिक उपकरण लगे हैं।



खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने के बाद उसकी रिपोर्ट को आने में कई दिन लग जाते थे। इसी समस्या से पार पाने के लिए प्रदेश में मोबाइल फूड सेफ्टी वैन योजना शुरू की है। बताते चलें कि इससे पहले विभाग के पास जो मोबाइल फूड सेफ्टी वैन थी, उसे बिलासपुर ले जाया गया था। वहीं अब धर्मशाला में मौजूद दो वैन में से एक वैन किन्नौर से यहां शिफ्ट की गई है। (अनंत ज्ञान)

### फूड सेफ्टी इंडेक्स में हिमाचल का 10वां स्थान

**2023** के फूड सेफ्टी इंडेक्स में हिमाचल का रैंक 10वां था। फूड सेफ्टी में अपना शीर्ष नहीं दे पाने में स्टाफ का टोटा तथा सुविधाओं की कमी आड़े आ रही हैं। स्टेट फूड सेफ्टी इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार केरल, तमिलनाडु, जम्मू और कश्मीर, गुजरात और नागालैंड इस रिपोर्ट में शीर्ष स्थान पर हैं।



इस संदर्भ में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है तथा रिक्त पद भरे जाने के बाद मोबाइल फूड सेफ्टी वैन की सुविधा को सुचारु कर दिया जाएगा।
**-डॉ. सविता ठाकुर, सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा विभाग, धर्मशाला**

### विद्युत उपभोक्ता 5 तक करवाएं ई-केवाईसी

**बैजनाथ।** विद्युत उपमंडल बैजनाथ के सहायक अभियंता इंजीनियर दान सिंह वर्मा ने बताया कि विद्युत उपमंडल बैजनाथ के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू और होटल बिजली उपभोक्ता अपनी ई-केवाईसी कार्यालय में आकर या पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे बूथों में जाकर 5 दिसंबर तक अवश्य करवा लें। अगर कोई उपभोक्ता छूट जाता है तो वह बिल डिस्ट्रीब्यूटर के माध्यम से संपर्क करके भी करवा सकते हैं।

**बिल डिस्ट्रीब्यूटर व नंबर**

अमित कुमार-8091708026, मुनीश कुमार-9857433165, संजय कुमार 9857119698, सन्नी कुमार 9882973217, सुनील कुमार-8219591711, मुनीश 7018650365, रमेश कुमार 7018192833, रजिंदर कुमार-9459284276, हंस राज 9805056416, पंकज कुमार-889483368 पर संपर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल बैजनाथ के मोबाइल नंबर 9418080388 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

### फतेहपुर में आशा वर्कर के लिए इंटरव्यू 7 को

**फतेहपुर।** हेल्थ ब्लॉक ऑफिस फतेहपुर में 7 दिसंबर को आशा कार्यकर्ता के दो पदों के लिए इंटरव्यू रखा गया है। इस बारे जानकारी देते हुए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर फतेहपुर डॉक्टर रिचा सहोत्रा ने बताया हेल्थ ब्लॉक फतेहपुर के तहत पड़ते एचडब्ल्यूसी कंदोर के गांव खुखनियाड़ा व चूहे दा तालाब के लिए एक आशा वर्कर्स व एचडब्ल्यूसी तलाड़ा के गांव धनेटी गारलां के लिए भी एक आशा वर्कर की नियुक्ति की जा रही है। इसके लिए विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अब इसके लिए इंटरव्यू 7 दिसंबर को हेल्थ ब्लॉक ऑफिस फतेहपुर में रखे गए हैं। उन्होंने आवेदकों से 7 दिसंबर सुबह दस बजे अपने असली प्रमाण पत्र लेकर हेल्थ ब्लॉक ऑफिस फतेहपुर पहुंचने का आह्वान किया है।

### सालगिरह मुबारक



हार नैहरनपुखर के राकेश कुमार व कविता को शादी की 27वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# स्वदेश भारत-2 योजनाओं को पूरा करने को उठाए कई कदम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**




केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सांसद राजीव भारद्वाज के सवाल का दिया जवाब

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांगड़ा के लोकसभा सदस्य डॉ. राजीव भारद्वाज को संसद में बताया कि स्वदेश भारत-2 चरण की पर्यटन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, ताकि इन योजनाओं के कार्यान्वयन में पेश आ रही दिक्कतों और कमियों को पूरा किया जा सके। इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए केंद्र सरकार कार्यान्वयन एजेंसियों, राज्य और केंद्र शासित सरकारों से नियमित संपर्क में है, ताकि इन परियोनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति को नियमित रूप से मॉनिटर किया जा सके। उन्होंने सांसद राजीव भारद्वाज को संसद में बताया कि सीएजी ने स्वदेश भारत दर्शन योजनाओं की परफॉर्मेंस ऑडिट रिपोर्ट सौंपी है, जिसके अंतर्गत योजनाओं के निर्माण, मॉनिटरिंग और इसके प्रभावों को कवर किया गया है। ऑडिट में योजनाओं के कार्यान्वन में देरी के लिए कोविड 19 महामारी, मजदूरों का न मिलना, प्राकृतिक आपदाओं तथा अनेक स्वीकृतियों में देरी को मुख्य वजह बताया है।

### बगडोली में व्यक्ति ने कटवा दिए पड़ोसी के पेड़

**फतेहपुर।** तहसील फतेहपुर की पंचायत बगडोली में एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी की जमीन से पेड़ कटवा दिए। मंगलवार को मीडिया से रू-ब-रू होते हुए पीड़ित रंजय कुमार ने बताया कि उनके पड़ोसी ने चोरी-छिपे उनकी जमीन से किसी ठेकेदार के माध्यम से काफी पेड़ कटवा दिए हैं। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस थाना फतेहपुर व वन विभाग को कर दी है। उन्होंने पुलिस प्रशासन व वन विभाग से न्याय मांगा है।

## अनंत ज्ञान फैशन

# ब्राइडल लुक्स में कुछ यूं नजर आईं टीवी एक्ट्रेस

यह साल खत्म होने की कगार पर है। ऐसे में लोग बेसब्री से नए साल का इंतजार कर रहे हैं। नया साल हमेशा अपने साथ नयी खुशियां लेकर आता है, लेकिन जो साल बीत गया वो यादों का पिटारा छोड़ कर जाता है। बात करें लोगों की जिंदगी के अहम दिन की तो शादी का दिन हर किसी के लिए काफी स्पेशल होता है। इस साल भी आम लोगों से लेकर बहुत से सेलेब्स भी शादी के बंधन में बंधे। खासतौर पर अगर बात करें टीवी की अभिनेत्रियों की तो 2024 में टीवी की कई मशहूर अभिनेत्रियों ने अपने पार्टनर संग सात फेरे लिए। बहुत सी अभिनेत्रियों का ब्राइडल लुक तो इतना खूबसूरत था, कि लोग उसपर से नजरें नहीं हटा पाए। आइए आपको भी इन एक्ट्रेस के लुक्स दिखाते हैं, ताकि आप इससे टिप्स ले सकें।



### नेहा लक्ष्मी अय्यर

**टीवी** एक्ट्रेस नेहा लक्ष्मी अय्यर ने इसी साल 26 फरवरी 2024 को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रुद्र यश जोशी से शादी की। उनकी शादी मराठी और साउथ इंडियन दोनों रिवाजों के शादी की। उनका ब्राइडल लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। नजर डालें एक्ट्रेस के साउथ इंडियन लुक पर तो सिल्क की साड़ी और पारंपरिक साड़ी में वो बेहद खूबसूरत दिख रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने बालों में चोटी बनाकर मेकअप को पिंक शेड में रखा था।

### सोनारिका भदौरिया

देवों के देव महादेव की एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया ने इसी साल 18 फरवरी, 2024 को अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड विकास पराशर से शादी की थी। उनकी शादी का लुक लोगों को बेहद पसंद आया था। अपनी शादी में उन्होंने खूबसूरत सा लाल और गोल्डन फिशकट लहंगा पहना था। इस दौरान वो एकदम माता पार्वती जैसी दिख रहीं थीं। अपनी शादी के इस लहंगे को उन्होंने अलग अंदाज में करवा चौथ पर कैरी भी किया था।



### आरती सिंह

**टीवी** की चर्चित अभिनेत्री एक्ट्रेस आरती सिंह ने इसी साल 25 अप्रैल को बिजनेसमैन दीपक चौहान के संग सात फेरे लिए। उनकी यह शादी धूम-धाम से हुई थी और इसमें फिल्म और टीवी इंडस्ट्री के कई सितारे शामिल हुए थे। आरती ने अपनी शादी में पारंपरिक लाल जोड़ा पहना था। हैवी ज्वेलरी में आरती काफी खूबसूरत दुल्हन लग रहीं थीं। अपने वेडिंग लुक को खास बनाने के लिए उन्होंने माथे पर पारंपरिक कुमकुम भी लगाया था, जिस वजह से लोगों को उनका लुक काफी प्यारा लग रहा था।



### सुरभि चंदना

**इश्कबाज** फेम सुरभि चंदना ने भी इसी साल 2 मार्च 2024 को अपने बॉय फ्रेंड करण शर्मा से शादी की। उन्होंने जयपुर में पारंपरिक तरह से करण के साथ साथ फेरे लिए। अपनी हल्दी से लेकर संगीत तक की तस्वीरें एक्ट्रेस ने साझा की हैं। अपनी शादी में सुरभि लाल की जगह पेस्टल रंग का लहंगा चुना था। एक्ट्रेस ने इस लहंगे के साथ जो ब्लाउज पहना था, वो बेहद खास था। एक्ट्रेस की तस्वीरें सामने आने के बाद कई दुल्हनों ने ऐसा ही लहंगा अपने लिए तैयार कराया था।



# ये मल्टीकलर स्वेटर्स देंगे आपको अट्रैक्टिव लुक



सर्दियों के मौसम में महिलाएं आउटिंग या ऑफिस में जींस पहनना पसंद करती है और इसके साथ में स्वेटर भी स्टाइल करती हैं। वहीं अगर आप जींस में अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं तो आप मल्टीकलर स्वेटर का चुनाव कर सकती हैं। यह मल्टीकलर स्वेटर जींस के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस तरह के आउटफिट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा। हम आपको कुछ न्यू डिजाइन वाले मल्टीकलर स्वेटर दिखा रहे हैं जो आप जींस के साथ वियर कर सकती हैं। इस तरह का पफ स्लीव्स मल्टीकलर स्वेटर आप आउटिंग के दौरान वियर कर सकती हैं जो स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस तरह की स्वेटर आप व्हाइट या ब्लैक जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस पफ स्लीव्स मल्टीकलर स्वेटर को आप ऑनलाइन या ऑफलाइनदोनों ही जगहों से 1,000 से 1,500 रुपए की कीमत में खरीद सकती हैं।

## सर्दियों के मौसम में जींस के साथ करें ट्राई

### स्ट्रीप्ड मल्टीकलर स्वेटर

**स्टाइलिश** लुक पाने के लिए आप स्ट्रीप्ड मल्टीकलर स्वेटर का भी चुनाव कर सकती हैं। इस स्ट्रीप्ड मल्टीकलर स्वेटर में लाइट और डार्क कलर में है और इस स्वेटर को स्टाइल करने के बाद आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इस स्ट्रीप्ड मल्टीकलर स्वेटर को आप 2,000 से कम कीमत में खरीद सकती हैं।

### टर्टल नेक डिजाइन मल्टीकलर स्वेटर

**अगर** आप न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह का टर्टल नेक डिजाइन वाला मल्टीकलर स्वेटर भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का स्वेटर में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा और इस स्वेटर को आपव्हाइट या ब्लैक जींस के साथ वियर कर सकती हैं।

### ब्लॉक प्रिंट मल्टीकलर स्वेटर

**इस** तरह की ब्लॉक प्रिंट मल्टीकलर स्वेटर भी आप न्यू लुक पाने के लिए बेट्स है और इसे आप ऑफिस में स्टाइलिश लुक पाने के लिए स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की स्वेटर को आप डार्क कलर की जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ब्लॉक प्रिंट मल्टीकलर स्वेटर ओ आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,000 से 1,500 रुपये में खरीद सकती हैं।





# सोनाक्षी को पछाड़ अलाया ने काले कपड़ों में लूटी महफिल

## साइड से कटी ड्रेस में बिखेर गई जलवा

**बॉलीवुड** की दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा के लुक्स अक्सर ही सुर्खियों में छाए रहते हैं। हसीना कभी देसी लुक से सबका दिल जीत जाती हैं, तो कभी उनका वेस्टर्न अवतार फैंस को लुभा जाता है। ऐसे में हसीना जिस भी इवेंट का हिस्सा बनती हैं, सबकी नजरें उन पर बनी रहती हैं और अब वह अपने ब्लैक ब्यूटी अंदाज को लेकर चर्चा में हैं। जिसे पहन वह फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में पहुंचीं। लेकिन, यहां उनके अंदाज पर अलाया एफ भारी पड़ गईं। दरअसल, दोनों ही हसीनाएं अवॉर्ड नाइट के लिए ऑल ब्लैक लुक में पहुंचीं। जहां साइड से कटी ड्रेस में अलाया की ग्लैमरस अदा देखते ही बनी, तो सोनाक्षी ऊपर से नीचे तक काले कपड़ों में ढकी दिखीं। ऐसे में यहां अलाया के किलर लुक के सामने सोनाक्षी का अंदाज पस्त पड़ गया और वह जादू न चला सकीं। अलाया के ड्रेस की बात करें तो उन्होंने शिवानी अवस्थी की रफल ड्रेस को इवेंट के लिए चुना। इसमें उन्हें सेलिब्रिटी स्टाइलिस्ट शिफा ने स्टाइल किया। अलाया की स्ट्रैपलेस मिनी ड्रेस में रफल डीटेलिंग की गई है, जिसमें थाई- हाई स्लिट कट देकर ट्रेल भी बनाई, जो इसके ग्लैम कोशेंट को इनहैंस कर रहा है। वहीं, स्लिट कट में हसीना के टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट हो रहे हैं। अपने इस सिजलिंग लुक को अलाया ने बेसिक एक्सेसरीज के साथ ही स्टाइल किया। उन्होंने छोटे से स्टड ईयररिंग्स पहने, तो रिंग भी स्टाइल की। इसके अलावा ब्लैक हाई हील्स लुक को परफेक्टली कॉम्प्लिमेंट कर गई।




## न्यूज ब्रीफ

### विस अध्यक्ष से मिला गद्दी यूनियन का दल



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमालयन गद्दी यूनियन का प्रतिनिधि मडल यूनियन के अध्यक्ष महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से से मिला। ज्ञात रहे हिमालयन गद्दी यूनियन कॉफी लंबे समय से गद्दी समुदाय की वंचित छह उपजातियां से भू अभिलेख में गद्दी शब्द जोड़े जाने की मांग उठती आ रही है। इसी विषय को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से मुद्दे को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया, क्योंकि कुलदीप सिंह पठानिया जहां हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष वही मुद्दे से संबंधित विधानसभा क्षेत्र भटियात के विधायक भी हैं। उन्होंने आश्वासन दिलाया है कि बहुत जल्द यूनियन की मीटिंग मुख्यमंत्री व रिवेन्यू मिनिस्टर से करवाई जाएगी और जल्द से जल्द इस मुद्दे का हल किया जाएगा।

### द हंस फाउंडेशन ने सुलह में लगाया हेल्थ कैंप



**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मैडिकल यूनिट द्वारा नि:शुल्क नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग का विशेष निदान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग गांव सुलह के 115 लोगों को निशुल्क उपचार व नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग संबंधी जांच परिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। गांववासियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुलह में द हंस फाउंडेशन की टीम द्वारा निशुल्क दवाइयां व निशुल्क शुगर, व रक्तचाप आदि के टैक्स भी किए गए। शिविर के दौरान द हंस फाउंडेशन के संपूर्ण स्टाफ ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर के दौरान जनरल ओपीडी में एमएमयू के चिकित्सा अधिकारी द्वारा लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभी गांववासियों, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुलह के प्रशासन द्वारा द हंस फाउंडेशन के इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

### विश्व एड्स दिवस पर करवाईं प्रतियोगिताएं



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में विश्व एड्स दिवस पर भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं को करवाया गया। इनमें से नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन हुआ। कक्षा सातवीं की अदिति ने कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका कक्षा दसवीं ने द्वितीय स्थान और सोनाक्षी चौधरी व अलीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि चारुल कक्षा ग्यारहवीं प्रथम स्थान हर्ष कक्षा ग्यारहवीं द्वितीय स्थान श्रेहन कक्षा 12वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तान्या ने कविता के माध्यम से एड्स के कारण और प्रभावों के बारे में सभी बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया जीव विज्ञान प्रवक्ता सुरेंद्र पठानिया ने सभी बच्चों को एड्स के कारण, प्रभाव तथा शरीर में होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही विश्व विकलांग दिवस भी पाठशाला में मनाया गया जिसके अंतर्गत साक्षी कक्षा 12वीं और रोहित कक्षा पांचवीं को प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने उपहार देकर सम्मानित किया इन दिव्यांग बच्चों का पाठशाला की गतिविधियों में पूर्ण सहयोग रहा है। (अनंत ज्ञान)

### कॉर्ड ने अब्दुल्लापुर में मनाया दिव्यांगता दिवस



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कॉर्ड द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस का आयोजन मंगलवार को कांगड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अब्दुल्लापुर में किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में बेबी व जिला परिषद खोली वार्ड सदस्य कुलभाष चौधरी ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कॉर्ड से अनीता ठाकुर, विनय कुमार, पवन, उमा, नवीन, महेंद्र और राधा कुशल वाला भी उपस्थित रहे। इस वर्ष का विश्व स्वास्थ्य संगठन का थीम है 'एक समावेशी और स्थाई भविष्य के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ाना'। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांगड़ा के 120 से अधिक दिव्यांगजन उनके माता-पिता वह सहयोगी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस इस कार्यक्रम में कई उपयोगी जानकारियां प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने आंगनबाड़ी में चल रही विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं, कॉर्ड से अनीता ठाकुर ने कॉर्ड में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कुलभाष चौधरी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को हर एक कार्यक्रम में लेकर जाना चाहिए ताकि, उन्हें हर तरह के माहौल का पता चले और उन्हें ऐसा न महसूस हो कि हम दिव्यांग हैं और हम किसी कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन सकते हैं। हर एक कार्यक्रम में ले जाने से उनका मनोबल बढ़ेगा और उन्हें खुशी भी मिलेगी।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पूर्णिमा प्रथम



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पंडित संतराम महाविद्यालय बैजनाथ के रेड रिबन क्लब के द्वारा एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार रहे। इसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पूर्णिमा ने प्रथम, शालिनी धीमान ने द्वितीय तथा शिखा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में पूर्णिमा ने प्रथम, रितिका ने द्वितीय तथा श्रद्धा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में रितिका तथा तमन्ना ने प्रथम, रिया तथा प्रिंसी ने द्वितीय, मुस्कान तथा दीपिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रील मेकिंग प्रतियोगिता में तमन्ना ने प्रथम, पायल लांबा ने द्वितीय, आकृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता में रितिका ने प्रथम, पूर्णिमा ने द्वितीय तथा दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा एड्स के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस दौरान रेड रिबन क्लब से डॉ. चेतना शर्मा, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. विशाल चौधरी, प्रो. अंजलि भारद्वाज, प्रो. शबनम ठाकुर तथा इसके अतिरिक्त डॉ दीप्ति शर्मा, प्रो वीरेंद्र कुमार, प्रो. सुनीता कुमारी, डॉ. रुचि चौहान तथा डॉ रूही पठानिया उपस्थित रहे।

### मटौर में विश्व एड्स दिवस पर करवाईं स्पर्धाएं



**अनंत ज्ञान, गगल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मटौर में विश्व एड्स दिवस पर भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं को करवाया गया। इसमें नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन हुआ। अदिति कक्षा सातवीं ने कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका कक्षा दसवीं ने द्वितीय स्थान और सोनाक्षी चौधरी व अलीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि चारुल कक्षा ग्यारहवीं प्रथम स्थान हर्ष कक्षा ग्यारहवीं द्वितीय स्थान श्रेहन कक्षा 12वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तान्या ने कविता के माध्यम से एड्स के कारण और प्रभावों के बारे में सभी बच्चों को जागरूक करने का प्रयास किया जीव विज्ञान की प्रवक्ता सुरेंद्र पठानिया ने सभी बच्चों को एड्स के कारण, प्रभाव तथा शरीर में होने वाली हानियों के बारे में संपूर्ण जानकारी दी इसके साथ ही विश्व विकलांग दिवस भी पाठशाला में मनाया गया, जिसके अंतर्गत साक्षी कक्षा 12वीं और रोहित कक्षा पांचवी को प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने उपहार देकर सम्मानित किया। इन दिव्यांग बच्चों का पाठशाला की गतिविधियों में पूर्ण सहयोग रहा है।

# लोकनृत्य में धर्मशाला कॉलेज अव्वल

## नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला ने कॉलेज के सभागार में किया जिला उत्सव-2024 का आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला में आयोजित जिला उत्सव 2024 में लगाई गई समूह विज्ञान प्रदर्शनी, एकल विज्ञान प्रदर्शनी और अन्य प्रदर्शनियों का अवलोकन करते डीसी।

नेहरू युवा केंद्र धर्मशाला द्वारा राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में आयोजित जिला उत्सव-2024 में लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला प्रथम, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल जिया द्वितीय और राजकीय सीनियर सेकेंडरी परौर तृतीय स्थान पर है। विज्ञान मेला सामूहिक प्रतियोगिता में ग्रीनफील्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा बगवां ने प्रथम, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल टंग ने द्वितीय व कांगड़ा वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल शीला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मेले में एकल में उत्कृष्ट ने प्रथम, मनदीप मेहरा ने द्वितीय और सुजल ने तृतीय कार्यक्रम में स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में निशांत, कशिश व शायना क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। कविता लेखन में जानवी पठानिया प्रथम, श्रुति द्वितीय और रक्षिता तृतीय रहे। फोटोग्राफी वर्कशॉप में समीर प्रथम, नमन द्वितीय और धैर्य सूद तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में आदर्श प्रथम, संस्कृति द्वितीय और पारुल तृतीय स्थान पर रहे।

**विज्ञान मेले में ग्रीनफील्ड पहले, टंग दूसरे, कांगड़ा वैली तीसरे स्थान पर**

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि युवाओं को सामाजिक प्रकल्पों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र तथा युवा खेल सेवाएं विभाग युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित तौर पर विभिन कार्यक्रमों का आयोजन करता है इसमें युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया सबसे युवा देश है अगर देश के युवा सही दिशा में आगे बढ़ेंगे तो देश भी तरक्की करेगा। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहते हुए समाज को नशे के दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाना चाहिए। मुख्यातिथि ने विज्ञान मेले का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर कालेज के प्रिंसिपल राकेश पठानिया सहित विभिन्न लोग उपस्थित थे।

**जिला उत्सव में ये स्पर्धाएं करवाईं**

जिला युवा अधिकारी विवके ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि जिला युवा उत्सव-2024 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें कुल 6 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें पेंटिंग, कविता, भाषण प्रतियोगिता मोबाइल फोटोग्राफी, समूह लोकगीत, समूह लोक नृत्य, समूह विज्ञान प्रदर्शनी, एकल विज्ञान प्रदर्शनी तथा अन्य विभागों में जिला उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि व बागवानी विभाग, आपदा प्रबंधन, रोजगार एवं श्रम विभाग ने प्रदर्शनियां भी लगाई।

### परख परीक्षा आज

**धर्मशाला।** बुधवार को होने वाली परख परीक्षा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को शिक्षा विभाग कांगड़ा द्वारा ऑनलाइन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कांगड़ा के 119 कक्षाओं की होने जा रही परख की परीक्षा की तैयारी को लेकर अंतिम रूप दिया गया। इस बैठक में जिला कांगड़ा के 150 विद्यालयों के विद्यालय प्रमुखों तथा खंड परियोजना अधिकारी एवं खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी शामिल हुए बैठक की अध्यक्षता उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा श्रीमती कंचन ज्योति के द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने सभी विद्यालय प्रमुखों को परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी सांझा की जिसमें ओएमआर सीट का सही प्रयोग तथा बच्चों के बैठने तथा परीक्षा को देने के लिए सही वातावरण बनाए रखने के बारे में जानकारी दी। गौरतलब है कि बुधवार को जिला कांगड़ा में 100 स्कूलों के 119 पाठशाला की कक्षाओं की परीक्षा होने जा रही है। इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रदेश और जिला स्तर पर पिछले 4 महीनों से विभाग लगातार मेहनत कर रहा है।

# श्री साईं कॉलेज ऑफ फार्मेसी बधानी को इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस अवार्ड

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**



श्री साईं कॉलेज ऑफ फार्मेसी बधानी, पठानकोट को क्यूएस आई-गेज द्वारा 'इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस-2024' प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह मान्यता क्यूएस आई-गेज द्वारा किए गए एक व्यापक ऑनलाइन सर्वेक्षण का परिणाम है, जहां 80 प्रतिशत से अधिक संकाय और 50 प्रतिशत से अधिक छात्रों ने परिसर के वातावरण के साथ खुशी और संतुष्टि की भावना व्यक्त की। यह पुरस्कार क्यूएस आई-गेज के प्रबंध निदेशक रविन नायर और कार्यकारी निदेशक (एएमईएसए) और क्यूएस-मॉडरेटर डॉ. अश्विन फर्नांडीस द्वारा प्रदान किया गया।

इस प्रतिष्ठित उपलब्धि पर विचार रखते हुए अध्यक्ष ने टिप्पणी की, 'क्यूएस आई-गेज द्वारा 'खुशी की संस्था- 2024' के रूप में अवार्ड प्राप्त होना हमारे लिए गर्व का क्षण है। यह सम्मान हमारे अथक प्रयासों का एक प्रमाण है, एक ऐसा वातावरण बनाना जो अकादमिक उत्कृष्टता, भावनात्मक कल्याण और हमारे छात्रों और संकाय के समग्र विकास को बढ़ावा दे।

इस अवसर पर डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, डॉ. नवदीप सांवल, संजय पंडित, डॉ. गरीश गुप्ता, सुलक्ष्य कुमार, अश्वनी शर्मा आदि शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

## गद्दी लोक संस्कृति के उत्थान पर बीएड कॉलेज द्रोणाचार्य रैत में कार्यक्रम आयोजित

# गद्दी संस्कृति हिमाचल की अमूल्य विरासत : अमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग कांगड़ा की ओर से बीएड कॉलेज द्रोणाचार्य रैत में गद्दी जनजातीय लोक संस्कृति के उत्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी अमित गुलेरी ने देते हुए बताया कि संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए भाषा कला संस्कृति विभाग की ओर से नियमित तौर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गद्दी संस्कृति हिमाचल की अमूल्य विरासत है तथा इस संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवीण शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवा पीढ़ी से आह्वान करते हुए कहा कि हमेशा अपनी संस्कृति से जुड़े रहें, संस्कृति के माध्यम से ही संस्कारों का निर्माण होता है। वंशिका युवा कला मंच सुक्कड़ तथा धौलाधार सांस्कृतिक मंच बड़ोल ने लोक गीतों तथा लोक नृत्यों के माध्यम से सभी को आत्मविभोर कर दिया।

### प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर मॉडल टेस्ट पेपर अपलोड

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव के निर्देशानुसार 2 और 3 दिसंबर को संतुलित प्रश्नपत्र डिजाइन एवं क्षमता आधारित प्रश्नपत्र निर्माण पर एक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चार जिलों के लगभग 1000 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को संतुलित और योग्यता आधारित प्रश्नपत्र निर्माण की प्रक्रियाओं से अवगत कराना था। सचिव मेजर विशाल शर्मा ने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि सभी विषयों के मॉडल टेस्ट पेपर बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी शिक्षकों से अनुरोध किया गया कि वे इन मॉडल टेस्ट पेपरों का अध्ययन करें और विद्यार्थियों को उसी के अनुसार तैयारी कराएं।

# एचपीटीडीसी के 3 होटल होंगे रेनोवेट : बाली

## कहा, निगम में पहली बार एक साल में 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली।

एचपीटीडीसी प्रदेश के तीन होटलों को रेनोवेट करेगा। इसके रेनोवेशन के लिए अनुमानित 16 करोड़ का खर्चा आ सकता है। यह बात शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन आरएस बाली ने कही। उन्होंने कहा कि पीटर हॉफ, हॉलिडेहोम और हमीरपुर के होटल हमीर का रेनोवेशन प्रथम चरण में किया जाएगा। इसको लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ चर्चा हो गई है। उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है। उन्होंने कहा कि एचपीटीडीसी से बीते दो सालों में रिकॉर्ड कमाई की है। बाली ने कहा कि गठन के बाद से आजतक एचपीटीडीसी ने पहली बार एक साल में 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। उन्होंने कहा एचपीटीडीसी ने 2022-23 में 109 करोड़, 2023-24 में 105 करोड़ और 24-25 में भी अभी तक बीते वर्ष के मुक़ाबले अक्तूबर माह तक 2 ढाई करोड़ ज्यादा कमाई कर ली है। बाली ने कहा कि एचपीटीडीसी के 1753 कर्मचारियों की मेहनत रंग ला रही है। वहीं निगम चेयरमैन ने केंद्र ने स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत 23 राज्यों को पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए जारी 3296 करोड़ रुपए में हिमाचल प्रदेश का जिक्र न होने के सवाल पर कहा कि केंद्र से टूरिज्म के क्षेत्र में हमें हाल ही में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट दिया है। एडीबी के प्रोजेक्ट से हिमाचल के होटल रेनोवेट होंगे। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली से काजा व छितकुल जैसे दुर्गम क्षेत्रों में पर्यटन के विकास के लिए 35 करोड़ लाए है। इसलिए शायद हमारा नाम इस प्रोजेक्ट में नहीं आया, लेकिन वह इस प्रोजेक्ट में भी फंड लाने के लिए प्रयास करेंगे।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**पठानकोट।** पठानकोट-अमृतसर रेल सेक्शन पर पड़ते सरना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान न होने के कारण शव को पहचान के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखा गया है। जीआरपी चौकी भरोली जंक्शन के प्रभारी एएसआई अनिल कुमार ने बताया कि सुबह उन्हें स्टेशन मास्टर सरना से सूचना मिली कि ट्रैक के पास एक शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर आस-पास के एरिया के लोगों से जानकरी ली, परंतु किसी ने भी जानकारी नहीं दी। उन्होंने बताया कि सरना-अमृतसर के बीच किलोमीटर नंबर-98 के पास मिले अज्ञात शव के बारे में जब पता नहीं चला तो उसे पहचान के लिए सिविल अस्पताल के शवगृह में 72 घंटे के लिए रखा गया है।

# निचला करियाड़ा में 15 दिन से नल सूखे, लोगों में गुस्सा

**शुभम शर्मा, देहरा**



निचला करियाड़ा स्थित वार्ड 6 ब्रह्मण बस्ती, राजपूत बस्ती, लौहार बस्ती व चौधरी बस्ती के सैकड़ों परिवार करीब 15 दिन से लगातार पानी की एक एक बूदं को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं। इससे तंग लोगों ने अब जलशक्ति विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को खाली मटकों को साथ लेकर जहां लोगों ने जलशक्ति विभाग के खिलाफ खूब जमकर हल्ला प्रदर्शन किया। इस दौरान गुस्साए लोगों ने विभाग को दो टूक धमकी देते हुए कहा कि आगामी एक दिन के भीतर पानी की समस्या हल न हुई तो मजबूरन कार्यलय देहरा का घेराव किया जाएगा। वहीं, जल शक्ति विभाग देहरा के अधिशासी अभियंता अनीश ठाकुर ने बताया कि इस बारे में उन्हें कोई भी जानकारी नहीं है। अगर लोगों को पानी की सप्लाई नहीं मिल रही है तो शीघ्र ही सप्लाई बहाल की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### शाहपुर में चिट्टे सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**धर्मशाला।** पुलिस थाना शाहपुर के तहत चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना शाहपुर की टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो रात को पुराना बस स्टैंड शाहपुर में अक्षय निवासी कोहाला, आर्यन निवासी कंढारणख डाकघर भवारना तथा निकिता ठाकुर, निवासी जिला कुल्लू से 4 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। इस संदर्भ में पुलिस थाना शाहपुर में तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### कुदैल में दुकान से शराब बरामद

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत अवैध शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो कुदैल में इंद्रजीत सिंह निवासी पट्ट डाकघर चौवीन तहसील बैजनाथ के चिकन कॉर्नर की दुकान से 9 बोतलें शराब देसी मार्का ऊना नंबर-1 बरामद की गई हैं। इस संदर्भ में पुलिस थाना बैजनाथ में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया है।

### लपियाना स्कूल भवन का काम पूरा नहीं होने से लोगों में सरकार व विभाग के खिलाफ रोष

**अनिल छांगू, जवाली**



राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला लपियाना में स्कूल के भवन का कार्य पूरा न होने पर अभिभावकों ने सरकार व लोक निर्माण विभाग के खिलाफ रोष व्यक्त किया है। अभिभावकों ने बताया कि 9 दिसंबर, 2016 को तत्कालीन वन निगम के उपाध्यक्ष केवल सिंह पठानिया द्वारा इस स्कूल के अतिरिक्त भवन का शिलान्यास किया गया था तथा इसके लिए 20 लाख रुपए के करीब की राशि मंजूर हुई, लेकिन आजतक इसका कार्य पूरा नहीं हो पाया है। वहीं, इस बारे में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता विकास चोपड़ा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि स्कूल भवन का एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। जैसे ही फंड का प्रावधान होगा, भवन का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ढलियारा में हुई ग्रामसभा

**परागपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा नई पंचायतों के गठन को लेकर पूरे प्रदेश में ग्रामसभाओं का आयोजन किया गया। ढलियारा पंचायत में भी ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ढलियारा पंचायत प्रदेश की बड़ी पंचायत में से एक है। इसकी आबादी करीब 5000 है और 3700 से करीब यहां वोटर हैं। ग्राम सभा में कुछ वार्ड के लोगों ने अपनी पंचायत अलग बनाये जाने पर सहमति दी। वहीं, कुछ वार्ड के लोगों द्वारा नई पंचायत न बनाए जाने की पैरवी की। ग्राम सभा शुरू होने पर घरथेडू के दो वार्डों के लोगों ने एक आवाज में पंचायत बनाने पर सहमति जताई, जिस पर बाकी अन्य 9 वार्ड लोगों ने भी सहमति जताई। वहीं अन्य वार्डों के लोगों ने उन्हें ढलियारा के साथ रहने पर अपनी सहमति जताई।

# पौंग किनारे बिजाई के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली के गुगलाड़ा व देहरा के गुलेर में पौंग झील किनारे ग्रामीणों ने साधन संपन्न लोगों द्वारा की जा रही गेहूं व अन्य फसलों की बिजाई को लेकर विरोध शुरू कर दिया है। गुलेर में तो हाल ही में ग्रामीणों ने झील किनारे की गई तारबंदी को हटाने के लिए हंगामा भी किया। स्थानीय ग्रामीणों ने वाइल्डलाइफ विभाग से अवैध खेती करने के लिए लगाई गई तारबंदी और झील के खाली क्षेत्र में झुगियों को हटाने की मांग की। लोगों का कहना है कि पौंग झील किनार चरने वाले पशुओं पर भी ये लोग बेरहमी से वार कर देते हैं, जिस कारण कभी-कभी उनकी मौत तक हो जाती है।

वहीं, वन्यप्राणी परिक्षेत्र नगरोटा सूरियां के परिक्षेत्र अधिकारी कमलजीत ने बताया कि तीन दिन पहले आठ लोगों को विभाग नोटिस जारी कर चुका है। अगर यहां से तारबंदी 7 दिन के अंदर नहीं हटाई गई, तो विभाग द्वारा खुद हटा दी जाएगी।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

ग्रामीण कुलवंत ठाकुर ने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी की फसल की बिजाई नहीं की जा सकती, लेकिन रोज यहां पर लोग ट्रैक्टर चला रहे हैं, जबकि विभाग मूकदर्शक बनकर बिजाई होते देख रहा है और कार्रवाई के नाम पर छोटा-मोटा चालान करके भू माफिया को छोड़ देता है। वहीं, ग्रामीण उजागर सिंह ने कहा कि अगर अवैध फसल बिजाई की कंप्लेंट कोई स्थानीय ग्रामीण फोन पर विभाग को देता है तो भू-माफिया फोन करके सूचना देने वाले लोगों को धमकाने शुरू कर देते हैं। वहीं, वन्यप्राणी विभाग कोई भी कार्रवाई नहीं करता है। वहीं, लेख राज ने कहा कि पौंग झील में खेती करने वाले सुदूर देशों से आने वाले प्रवासी पक्षियों के लिए भी खतरा हैं। फसल को बचाने के लिए लोग कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव करते हैं, जो इन मेहमानों के लिए जानलेवा साबित होती हैं। वन्यप्राणी विभाग की मिलीभगत से साधन संपन्न खेती करने में कामयाब हो जाते हैं। उधर, पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी तरह की फसल बिजाई नहीं की जा सकती। वन्य प्राणी विभाग के कर्मचारी और अधिकारी कड़ाई से नियमों का पालन करें और जिन लोगों को भू-माफिया द्वारा धमकियां दी जा रही हैं, उन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### बिजली चोरी करने पर वसूला 26947 रुपए जुर्माना

**जवाली।** हाल में ही हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड ने सरकार के आदेशों के चलते प्रदेश भर में बिजली चोरी के खिलाफ जो कदम उठाया है, उसके परिणाम आने शुरू हो गए हैं। विद्युत उपमंडल कोटला के भेडखड्ड में विभाग ने घरेलू उपभोक्ता द्वारा बिजली चोरी का मामला पकड़ते हुए दोषी से 26947 रुपए जुर्माना वसूल किया है। इस क्रम में कई बिजली उपभोक्ताओं का चपेट में आना तय है। चर्चा है कि घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ बड़ी मछलियां भी बड़ा खेल खेल रही हैं। सोमवार के औचक निरीक्षण में किए गए जुर्माने की जानकारी विद्युत उपमंडल के सहायक अभियंता कुंदन सिंह ने दी है।

### थुरल स्कूल में वार्षिक समारोह में झूमे विद्यार्थी




**राकेश डोगरा, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से बनाया गया। समारोह में संजय सिंह चौहान अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल के प्राध्यापक सिकंदर मिन्हास ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों व गण्यमान्य व्यक्तियों का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य लेख राज, कार्यालय अधीक्षक अनिल शर्मा ने मुख्यातिथि को शाल व टॉपी पहना कर सम्मानित किया तथा अन्य अध्यापकों ने सभी विशेष अतिथियों का बेजिज लगाकर सम्मानित किया। इस समारोह में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। समारोह में सत्र, 2023-24 में शैक्षणिक, खेल कूद व सांस्कृतिक स्पर्धाओं में कक्षा छठी से बाहरवीं तक प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे सभी बच्चों व समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों को मुख्यातिथि द्वारा स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### थाईलैंड के अभिभावकों को भाई हमीरपुर की संस्कृति



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में थाईलैंड के अभिभावकों नुचरत, नुत्या, थांयार्त का विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य शशि बाला एवं समन्वयकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटी में अभिभावकों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के वाइस चेयरपर्सन चंद्रप्रभा लखनपाल से भी अभिभावकों ने मंत्रणा की। अभिभावकों ने विद्यालय के वनस्पति उद्यान में लीची का पौधा लगाया। अभिभावकों ने हमीरपुर के परंपरागत पकवानों एंकलियां, चिलड़ू, पतरोड़ू, बबरू आदि का लुत्फ उठाया और कहा कि हमें यहां की शिक्षा, संस्कार और संस्कृति बहुत अच्छी लगी।

### पोस्टर मेकिंग में सरोजिनी नायडू हाउस प्रथम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से बीएड, डीएल व बीए के सभी छात्रों के लिए हाउस वाइस पोस्टर मेकिंग स्पर्धा आयोजित करवाई गई। इसमें प्रथम स्थान सरोजिनी नायडू, द्वितीय स्थान भगत सिंह व तृतीय स्थान एपीजे अब्दुल कलाम हाउस ने प्राप्त किया। इस दिवस को मनाने के पीछे उद्देश्य एड्स को लेकर हर आयु व वर्ग के लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है। राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय में भी इस दिवस को लेकर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो एक सप्ताह तक चलेंगे। इस अवसर पर राज राजेश्वरी शिक्षा सोसायटी के सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, बीएड, डीएलएड व बीए के सभी छात्र व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### बिलासपुर रैली में नादौन से जाएंगे 5 हजार कार्यकर्ता



**नादौन।** ब्लॉक कांग्रेस नादौन की विशेष बैठक गीता भवन नादौन में संपन्न हुई, जिसमें काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में सुक्खू सरकार के दो साल पूरे होने पर 11 दिसंबर को बिलासपुर में आयोजित होने वाली रैली में बारे रणनीति बनाई गई। इस रैली में भीड़ जुटाने के लिए कार्यकर्ताओं की बूथ बाइज ड्यूटी लगाई गई तथा निर्णय लिया गया कि इस रैली में नादौन से 5000 कार्यकर्ता हिस्सा लेने जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद ने की। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ. मोहन लाल, कमल कम्मी, संतोष संधू, नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी, कैप्टन सुनील शर्मा, रमेश चंद पराशर, सुनील बिट्टू, मुंगरू सोनी, अजय अत्री, बलदेव चौधरी, संदीप कुमार, कुलदीप कुमार, रजनीश चौधरी सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### भगवती स्कूल में अध्यापक-अभिभावक सभा आयोजित



**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में अध्यापक-अभिभावक सभा करवाई गई। इसमें कक्षा नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के बच्चों की अध्यापक-अभिभावक मंत्रणा हुई जिसमें बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई। अध्यापकों ने द्वितीय सत्र परीक्षा पर अभिभावकों को बच्चों की रिपोर्ट के बारे में अवगत करवाया। अध्यापकों ने बच्चों की कमियों के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया तथा बच्चों को भविष्य में बेहतर परिणाम के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या आरती कटोच ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों की ओर अधिक से अधिक ध्यान दें और बच्चों को मोबाइल फोन न देने की अपील की।

### आईटीआई में दिया एड्स जागरूकता का संदेश



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एचआईवी-एड्स पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। पोस्टर प्रतियोगिता में शिवानी प्रथम, स्मृति द्वितीय और सारिका तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका ने पहला, किरण ने दूसरा और नेहा राणा ने तीसरा स्थान हासिल किया, जिन्हें डॉ. सुनील वर्मा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील वर्मा ने कहा कि एचआईवी-एड्स को केवल जागरूकता से ही नियंत्रित किया जा सकता है। संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने कहा कि विश्व एड्स दिवस का उद्देश्य एचआईवी-एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और संक्रमण को रोकने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने जिला एड्स कार्यक्रम अधिकारी का धन्यवाद किया और सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई दी।

### कैंसर पीड़ित छात्रा की मदद के लिए इकट्ठा किए 45 हजार



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के सेरा स्कूल की छात्रा इश्तिा वोन कैंसर से पीड़ित है। उसके इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए स्वयं सेवियों व स्कूल के शिक्षकों ने हाथ आगे बढ़ाते हुए 45000 रुपए इकत्रित किए हैं। यह राशि प्रिंसिपल बीएल कौशल ने पीड़िता की माता को भेंट की है। जिसके लिए पीड़िता की माता ने प्रिंसीपल सहित सभी सहायता करने वालों का धन्यवाद किया है। इश्तिा का इलाज पीजीआई में चल रहा है। कुछ दिन पहले ही साथी छात्राओं ने प्रिंसिपल बीएल कौशल के नेतृत्व में वोन कैंसर जूझ रही दसवीं कक्षा की छात्रा इशिता के उपचार हेतु आर्थिक सहायता जुटाने का सराहनीय कार्य शुरू किया था। प्रिंसिपल बीएल कौशल ने बताया कि पीजीआई द्वारा इशिता के उपचार का लगभग पच्चीस से तीस लाख तक का खर्चा बताया गया है, जो इस गरीब परिवार के बस की बात नहीं है। उन्होंने आम व्यक्ति से भी आग्रह किया है कि वे इस पुनीत कार्य के लिए पीड़िता के पिता से 8580701794 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### संस्था ने गरीब लोगों को दी 76 हजार की सहायता



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने 76 हजार रुपए के द्वारा गरीब लोगों को विभिन्न बीमारियों व अन्य जरूरत के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैनी ने बताया कि यह संस्था केवल गरीबों को ही समर्पित है। संस्था के इस समय 1947 सदस्य है। इनमें से 187 आजीवन तीन स्वर्ण, चार डबल डायमंड सदस्य हैं। सभी सदस्य निस्वार्थ गरीबों की सेवा में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि निक्कू राम गांव कक्कड़ डगर चंद्र हमीरपुर को दिल की बीमारी हेतु इलाज 5000 रुपए, डीएस लता देवी पत्नी पवन कुमार गांव टिकरी को बीसीए की पढ़ाई के लिए 6040 रुपए दिए, मनोज कुमार को आंख की बीमारी के इलाज के लिए 15000 रुपए आर्थिक सहायता प्रदान की गई। राजकुमार पुत्र जगदीश चंद गांव खद्दर वार्ड को दोनों किडनी खराब हो जाने पर इलाज हेतु 15000 रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। पवन कुमार पुत्र कुलदीप चंद गांव मालिया डाकघर सरकारी को बीमारी के इलाज के लिए 10000 रुपए दिए गए। राजेश कुमार पुत्र सोंधी राम को कैंसर के इलाज के लिए 20000 रुपए व कुलदीप सिंह गांव टीकरी घुरालां को हाथ कट जाने पर इलाज हेतु 5000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

### शनि मंदिर की व्यवस्था पर उठ रहे सवाल, लाखों की कमाई फिर भी न रंग न पुताई

# आस्था को ठेस : शाम होते ही अंधेरे में डूब जाता है लंबलू शनि देव मंदिर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



यही है लंबलू में स्थित शनि देव मंदिर का परिसर।

हमीरपुर के लंबलू में सरली मोड़ पर स्थिति उत्तरी भारत का सबसे प्रसिद्ध शनि देव मंदिर उपेक्षा का दंश झेल रहा है। मंदिर हर माह अच्छी खासी कमाई तो कर रहा है, लेकिन यहां के हाल बेहाल होते जा रहे हैं। आलम यह है कि मूर्तियों का रंग निकल गया है। स्थानीय लोगों विनोद, देशराज, राजीव, अरुण, कपिल, संजय चंद का कहना है कि शाम होते ही मंदिर अंधेरे में डूब जाता है।

शाम के समय आरती के बाद पूरे मंदिर परिसर की लाइटें बंद हो जाती हैं, इतना ही नहीं रास्तों पर भी अंधेरा पसर जाता है। केवल मंदिर के बाहर लगी एक मात्र लाइट जलती रहती है, कभी-कभी वह भी बंद ही नजर आती है। लोगों का कहना है कि यह मंदिर हमारी आस्था का सबसे बड़ा स्थल है। शाम होते ही इसका अंधेरे में डूब जाना आस्था को ठेस पहुंचाता है। श्रद्धालु जो कि देर शाम मंदिर में दर्शन करना चाहते हैं, उन्हें मन्दिर बस देख लौट जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जब से इस मंदिर का प्रशासन ने अधिग्रहण किया है, तब से मंदिर का विकास रुक गया है।

स्थानीय लोगों ने मंदिर के विकास को जो सपने संजोए थे, उन्हें विकास के पंख नहीं लग पाए हैं। उनका यह भी कहना है कि जो काम मंदिर कमेटी ने करवाए, उसके बाद यहां विकास के नाम पर एक भी ईंट नहीं लगी। जो लाखों खर्च कर मूर्तियां मंदिर परिसर में बनी हुई हैं, वे रंग-रोगन के बिना खराब हो रही हैं। जो दूर से देखने में काफी भद्दी नजर आती हैं। यही नहीं मंदिर परिसर को जाने वाली सड़क किनारे जो लाइटें लगाई गई थीं, वे भी अक्सर बंद ही रहती हैं। स्थिति यह है कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं समेत राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

#### जल्द होगा सुधार : डीसी

उधर, डीसी अमरजीत सिंह का कहना है कि ऐसी व्यवस्था की जानकारी उनके ध्यान में ला दी गई है। अब जल्द ही यहां पर सुधार होगा, बस कुछ दिन इंतजार कीजिए।

#### सरकार के लिए सिर्फ कमाई का जरिया, विकास शून्य

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहमंदिर लोगों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है, लेकिन अब सरकार के लिए यह मात्र कमाई का जरिया बन गया है। अब न तो यहां कोई बड़ा धार्मिक आयोजन होता है और न ही भागवत कथा महोत्सव। आलम यह है कि इस ग्रह शांति और साढ़साती से बचने के लिए मजबूरन आते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मंदिर की ओर ध्यान देने का आग्रह किया है। मंदिर में मूर्तियों और लाइटों को दुरुस्त करवाया जाए। इसके साथ ही लोगों ने यह भी मांग की है मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं तैयार की जाएं, ताकि उन्हें परेशानी न झेलनी पड़े।

## कर्मचारियों ने सैलरी न मिलने पर पाइपलाइन का कार्य किया ठप

**संजीव चौहान, टौणी देवी**



सैलरी न मिलने से परेशान कर्मियों ने किया कार्य बंद।

एनएच 03 के निर्माण में लगी कंपनी ने पाइपलाइन बिछाने के लिए कर्मचारी लगाए हैं जिन्होंने मंगलवार अपनी सैलरी न मिलने के विरोध में गाड़ियों को रोककर कामकाज बंद कर दिया। उनका आरोप है कि पिछले 6 महीने से लेकर एक साल तक की सैलरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके जीवन-यापन में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

कर्मचारी अमित कुमार, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार और विनीत कुमार आदि ने बताया कि वे दिसंबर से पाइपलाइन के कार्यों में जुटे हुए हैं, लेकिन इस लंबे समय में केवल एक महीने की सैलरी ही दी गई है। उन्होंने कहा कि जब भी वे अधिकारियों से अपनी सैलरी के बारे में बात करते हैं, तो वे टालमटोल करते हैं। कर्मचारी अमित कुमार ने बताया कि वे तीन साल से आईपीएच के सूर्या कंस्ट्रक्शन कंपनी के तहत पाइपलाइन का काम कर रहे हैं, नवंबर 2023 में ही पिछला भुगतान किया गया था, लेकिन इसके बाद फिर से सैलरी का मामला लटक गया। उन्होंने जब विरोध किया, तो सुपरवाइजर श्रीकांत ने उन्हें धमकी दी कि उनके डेबिट नोट्स निकाले जाएंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कर्मचारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी सैलरी का भुगतान नहीं किया जाएगा, वे काम पर नहीं लौटेंगे। वहीं, एनएच निर्माण कंपनी के पानी विंग के इंजीनियर अनय सिंह ने कहा कि इस मामले में सुपरवाइजर श्रीकांत से बात करें। पेमेंट डालने का काम अकाउंटेंट का है, लेकिन वह छुट्टी पर है। जब अकाउंटेंट वापस आएगा, तभी पेमेंट हो सकेगी।

वहीं, एनएच निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने कहा ये कर्मचारी हमारे विंग के नहीं हैं। पानी विंग के इंजीनियर अनय से बात कीजिए गाड़ियां खड़ी करना गलत है, इससे नुकसान हो रहा है इन्हें हर्जाना देना पड़ेगा। इस मामले में अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं, जो कि कर्मचारियों को धमकी दे रहे हैं, तो दूसरी ओर उनकी सैलरी जारी करने में देरी कर रहे हैं। आखिर जब अन्य कर्मचारियों को सैलरी दी गई, तो उनका भुगतान क्यों नहीं हुआ। अगर अकाउंटेंट छुट्टी पर है, तो अन्य की सैलरी किसने जारी की। (अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 'परख' की आज होगी परीक्षा

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

**शिक्षा उपनिदेशक, शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा ने निजी व सरकारी स्कूलों के साथ की वर्चुअल बैठक**

जिला में राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख की परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बुधवार को जिले के 107 निजी व सरकारी स्कूलों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को सही तरीके से संचालित करने के लिए शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा ने मंगलवार को निजी व सरकारी स्कूलों के मुखिया के साथ वर्चुअल बैठक की व आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

उन्होंने बताया कि फील्ड इन्वेस्टीगेटर को ट्रेनिंग के बाद अपने निर्धारित स्कूलों में भेज दिया गया है। इसके अलावा सीबीएसई क आर्ब्जबर भी तैनात किए गए हैं तो परीक्षा के संचालन पर पूरी नजर रखेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा से पहले बच्चों को रोल नंबर और आईडी दी जाएगी, उसके बाद 11 बजे परीक्षा शुरू की जाएगी। तीसरी से छठी कक्षा तक के बच्चों के लिए डेढ़ घंटे का समय रहेगा जबकि नौवीं के छात्रों के लिए दो घंटे का समय दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख की परीक्षा के लिए स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा था और उनसे परीक्षा की तैयारी की जानकारी ली जा रही थी। उन्होंने बताया कि डीएवी स्कूल से ही परीक्षा का सारा मटेरियल आएगा और वहां पर ही जमा होगा। परीक्षा के बाद बच्चों को प्रश्नावली दी जाएगी, वहीं अध्यापकों और स्कूल मुखियों को भी यह प्रश्नावली दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिए उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह ने भी सभी बच्चों और अध्यापकों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी अध्यापकों को इस परीक्षा को गंभीरता से लेने का आग्रह किया था।

गौर रहे कि जिला हमीरपुर में शिक्षा की गुणवत्ता की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए सभी स्कूलों के बच्चों से तैयारी करवाई जा रही है जिसके तीन मॉक टेस्ट भी आयोजित किए गए थे। (अनंत ज्ञान)

## क्या बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट की आज औपचारिकता मात्र साबित होगी बैठक?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

दियोटसिद्ध स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट की बैठक बुधवार को मंदिर परिसर में हो रही है। इस बैठक की अध्यक्षता बड़सर के एसडीएम और ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम करेंगे। दरअसल यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि लंबे समय के बाद भंग किए गए ट्रस्ट को इसी महीने गठित किया गया है, इसीलिए इस बैठक को लेकर पिछले एक सप्ताह से उठा-पटक शुरू हो गई थी।

नए नॉन ऑफिसियल सदस्यों के अलावा इस ट्रस्ट में विशेष आमंत्रित सदस्यों की भी अच्छी खासी संख्या मौजूद है। अब देखना यही है कि क्या इस बैठक में यह विशेष आमंत्रित सदस्य अभी शिरकत करेंगे या नहीं?

वहीं, मंदिर की व्यवस्था को लेकर ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र गौतम का रवैया अच्छा खासा सुधारात्मक दिख रहा है और ट्रस्ट के ही आयुक्त एवं हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह भी कई मामलों में मौजूदा व्यवस्था में सुधार की दशा दिशा में कदम उठा चुके हैं। अब देखना यही है कि नवगठित इस ट्रस्ट की बुधवार को होने वाली बैठक में सकारात्मक रूप से किन-किन मुद्दों पर चर्चा होगी। क्योंकि नॉन ऑफिसियल सदस्यों के बैठकों में आने को लेकर उनका पारिश्रमिक भत्ता भी पिछले ट्रस्ट में चर्चा में रहा था, क्या उस पर भी चर्चा होगी।

#### सुर्खियों में रहे मामलों पर होगी चर्चा

बैठक में एजेंडा क्या होगा अभी इसकी जानकारी तो उपलब्ध नहीं हो पाई है लेकिन इतना जरूर है कि पिछले कुछ समय से यह ट्रस्ट भीतरी व्यवस्था को लेकर जो सुर्खियां बटोर रहा है, उसकी निश्चित रूप में बैठक में चर्चा होगी। बकरा नीलामी मामले को लेकर तो माहौल अभी ठंडा हुआ नहीं है। इसके अलावा उससे पहले भी राशन को बेचे जाने का मामला काफी सुर्खियां बटोर गया था।

## मैहरे बाजार के साथ लगती सेरी में आग लगने से दुकान जलकर राख

**एसके ठाकुर, बड़सर**



दुकानदार को सांत्वना देते विधायक लखनपाल।

बड़सर उपमंडल के मैहरे बाजार के साथ लगती सेरी में दलजीत सिंह पुत्र परमानंद की दुकान में आग लगने से दुकान मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। बता दें कि शबनम कंफेक्शनरी की दुकान में करीब 6 बजे अचानक से आग लग गई।

दुकान मालिक दलजीत दुकान बंद कर घर जा चुका था। स्थानीय लोगों ने जब दुकान के अंदर से धुआं निकलता देखा तो वह दुकान की ओर भागे। आग लगने के बाद लोग घटनास्थल पर एकत्रित हुए। पंचायत प्रधान शैलजा वनयाल द्वारा दुकान मालिक को फोन पर सूचित किया गया। स्थानीय लोगों ने आग को काबू में करने का भरपूर प्रयास किया, परंतु आग इतनी भयानक हो चुकी थी कि इसे कंट्रोल में करना बहुत मुश्किल हो रहा था। बनी पंचायत की प्रधान ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड ऑफिस बिझड़ी को दी। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी सेरी में पहुंची आग बहुत तेज हो गई थी। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि लोगों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। फाइव ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर कंट्रोल किया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने तक तक दुकान के अंदर रखा रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो चुका था। बड़सर के मौजूदा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल को जैसे ही ही अग्निकांड की घटना की सूचना मिली, वह एकदम पहुंचे पीड़ित व्यक्ति को सांत्वना दी एवं हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया।

तहसीलदार बड़सर धर्मपाल नेगी ने बताया कि रेवेन्यू विभाग ने संबंधित पटवारी को मौके पर भेजने का आदेश दिया है तथा आगजनी के आकलन करने को कहा है। तहसीलदार नेगी का कहना है वैसे तो कमर्शियल के लिए कोई आर्थिक क्षेत्र का प्रावधान नहीं है, फिर भी बड़सर प्रशासन हरसंभव सहायता करेगा ताकि पीड़ित दुकानदार पुनः अपनी दुकान स्थापित कर सके।

#### 13 तक बंद रहेगी अणु-मोहीं-बड़ू सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव मोहीं के पास सड़क की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते अणू-मोहीं-बड़ू सड़क पर यातायात 13 दिसंबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में जिलाधीश अमरजीत सिंह ने आदेश जारी किए।

## दिव्यांगों को उनकी एबिलिटी से पहचानें : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य पर एनजीओ भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसडीएम संजीत सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित दिव्यांगों को बधाई देते हुए एसडीएम ने कहा कि हर दिव्यांगजन में कोई न कोई प्रतिभा एवं क्षमता होती है। हमें उस प्रतिभा एवं क्षमता की पहचान कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने चाहिएं।

उन्होंने कहा कि हमें दिव्यांगजनों को उनकी डिसेबिलिटी से नहीं, बल्कि उनकी विशेष एबिलिटी यानी क्षमता से पहचानना चाहिए। संजीत सिंह ने बताया कि इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस का थीम 'एक समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए दिव्यांगजनों के नेतृत्व को बढ़ावा देना' भी यही संदेश देता है। कार्यक्रम के आयोजन के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और दिव्यांगजनों से संबंधित संस्थाओं की सराहना की।

एसडीएम ने कहा कि इस विशेष दिवस पर दिव्यांगजनों, विशेषकर दिव्यांग बच्चों को अपनी प्रतिभा एवं क्षमता के प्रदर्शन का अवसर मिला है और उन्हें एक ही जगह पर कई सुविधाएं भी उपलब्ध हुई हैं। उन्होंने दिव्यांगों को व्हीलचेयर और कई अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले दिव्यांग बच्चों को पुरस्कार एवं उपहार प्रदान किए।

इससे पहले, जिला कल्याण अधिकारी बलदेव सिंह चंदेल ने मुख्यातिथि, अन्य अतिथियों, दिव्यांगों से संबंधित संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा सभी दिव्यांगों का स्वागत किया तथा अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दिव्यांगों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से भी अवगत करवाया, जबकि, दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई तथा मेडिकल जांच शिविर लगाया गया। इस अवसर पर डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉ. विवेक कुमार, डॉ. दिशा शर्मा, डॉ. महेंद्र सिंह, डॉ. सोमेश गुप्ता, जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र के फिजियो अनिल कुमार, मनोज कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी सरोज कुमारी, सतीश कुमार, सिमरो शर्मा, अन्य अधिकारी, पहचान संस्था की अध्यक्ष चेतना शर्मा, रविकांत, राजन कुमार और अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

#### पलासीवासियों ने किया कड़साई पंचायत में मिलाने का विरोध



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** हमीरपुर जिले के गलोड़ क्षेत्र की भी एक नई पंचायत कड़साई के गठन की कागजी कार्रवाई लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन इस पंचायत के गठन पर कुछ ग्रामीण विरोध भी जता रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को गांव पलासी जो अभी फाहल पंचायत का हिस्सा है, से नई पंचायत कड़साई के साथ मिलाने की प्रक्रिया चल रही है। गांव के कुछ लोग इसके विरोध में उतर आए हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें झूठ बोलकर उनसे हस्ताक्षर करवाए गए हैं जबकि वह नई गठित होने वाली कड़साई पंचायत का हिस्सा भी नहीं बनना चाहते हैं। वह उन्हें दूर पड़ेगी जबकि फाहल पंचायत में उन्हें हर सुविधा मिल रही है, इसलिए उन्हें अपनी पंचायत फाहल के साथ ही रहने दिया जाए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सासन**
**विकास खंड हमीरपुर, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत सासन में विभिन्न कार्यों के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मोहर बंद कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदाएं दिनांक 7.12.2024 को ग्राम पंचायत सासन मे प्रातः 11:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में पदाधिकारी की गणपूर्ति में खोली जाएगी। 11:00 के बाद मिलने वाली कोटेशन मान्य नहीं होगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत सासन को होगा। इस दिशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगी। कार्यालय ग्राम पंचायत सूचना पट पर सूचना प्रकाशित होगी। पारित निविदा को रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
सामग्री का विवरण :
बैंच : ISI प्रमाण पत्र सहित, सीमेंट बैंच बिना बाजू व बाजू सहित, पंचायत का नाम व लोगो तथा स्लोगन सहित, स्टील बेंच कार्यस्थल तक।
वाटर कूलर : ISI मार्क प्रमाण सहित, कंपनी का नाम लीटर सहित, पानी की टंकी स्टैंड फिटिंग सहित कार्यस्थल तक।
डस्टबिन ; ISI प्रमाण पत्र लेयर और 10, 15, 20, 25 लीटर पंचायत नाम व लोगो सहित।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत सासन

**मांग** — जोल, कोहटा, दर और सरसोली के ग्रामीणों ने रखी अलग पंचायत बनाने की मांग

# धमरोल पंचायत के ग्रामीणों ने किया प्रस्ताव पारित

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



धमरोल पंचायत के ग्रामीण ग्रामसभा के दौरान इकट्ठे हुए।

जोल, कोहटा, दर और सरसोली के ग्रामीण अलग पंचायत की मांग कर रहे हैं, जो कि धमरोल पंचायत में आते हैं। प्रधान बीना देवी की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामसभा हुई, जिसमें अलग पंचायत बनाने की मांग की गई। पिछली पंचायतीराज विभाग की तरफ से नई बनने वाली पंचायतों की लिस्ट में जोल का नाम शामिल नहीं था।

जोल को पंचायत बनाए जाने की मांग करीब एक दशक पुरानी है। इस मांग को लेकर जोल, कोहटा, दर और सरसोली के ग्रामीण कई बार चुनावों के बहिष्कार की चेतावनी भी दे चुके हैं, लेकिन नेताओं के आश्वासनों के बाद ऐसा हो न सका। हालांकि करीब 10 वर्ष पूर्व ग्रामीणों ने इस संबंध में सारी औपचारिकताएं पूरी कर मामला आगे भेज दिया था, लेकिन पहले डी-लिमिटेशन और बाद में चुनाव आचार संहिता के कारण जोल को पंचायत का दर्जा हासिल न हो सका। जोल को धमरोल पंचायत का डोडरा क्वार भी कहा जाता है। यह गांव चारों ओर से जंगल से घिरा हुआ है।

पूर्व हिस्से में इसकी सीमा मंडी जिले से लगती है। जहां से सीर खड्ड बहती है। पश्चिमी की ओर को धमरोल पंचायत मुख्यालय पहुंचने से पहले ग्रामीणों को चैंथ खड्ड पार करनी पड़ती है। इसके बगल में दर, सरसोली, कोहटा गांव पड़ते हैं और यदि सड़क मार्ग से धमरोल पहुंचना हो तो वाया भौर धमरोल पंचायत घर की दूरी सात किलोमीटर है और यदि वाया भरेड़ी पंचायत घर की दूरी 5 से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। आबादी लगभग 10 हजार के आसपास है।

भौगोलिक परिस्थितियां तथा पंचायत मुख्यालय से दूरी और आबादी के आधार पर ही जोल को पंचायत बनाने की मांग उठती रही है। जंगली रास्ता होने पर हर समय जंगली जानवरों का भी भय बना रहा है। बसें भी समय-समय पर ही आती-जाती हैं। ग्रामीणों में जागृति एवं जनकल्याण समिति ग्राम सुधार जोल के प्रधान कुलदीप चंद, कोहटा ग्राम सभा प्रधान गौरव कुमार, धर्म चंद शर्मा, कर्म चंद शर्मा, धर्म चंद, ईश्वर दास शर्मा, धर्म चंद शर्मा, कश्मीर सिंह, सूबेदार अमर सिंह, लेख राज, मोहिंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, जय चंद, देश राज, देव चंद, राम नाथ, संतोष कुमारी, सिमरो देवी आदि सैकड़ों ग्रामीण का कहना है कि बार-बार मांग के बावजूद भी जोल, कोहटा, दर, सरसोली इत्यादि गांवों के लिए अलग पंचायत बनाने की मांग पूरी नहीं की जा रही है, जिससे लोगों में प्रशासन व सरकार के प्रति रोष है।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व भोरंज विधायक सुरेश कुमार से अलग पंचायत बनाने की मांग की है। उधर, इस बारे भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि पिछली भाजपा सरकारों ने लोगों को मात्र आश्वासन ही दिए, लेकिन इस बार लोगों की मांग को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### आयोजनों से बच्चों में बढ़ती है सामाजिक सरोकार की भावना



**अनंत ज्ञान, चंबा।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल रुणहकोठी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय केंद्रीय विद्यालय रुणहकोठी के मुख्य अध्यापक जगदीश चंद ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल रुणहकोठी के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने एनएसएस शिविर की क्या विशेषताएं होती हैं इस पर विस्तार पूर्वक बच्चों को बताया। केंद्रीय मुख्य अध्यापक जगदीश चंद ने कहा है कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में सामाजिक सरोकार की भावना बढ़ती है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में देश सेवा राष्ट्र सेवा व समाज सेवक की भावना जागृत होती है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से आह्वान किया कि अधिक से अधिक इस तरह की आयोजन से बच्चों को जोड़ा जाए ताकि बच्चों को बढ़ते नशे की लत से भी मुक्त किया जा सकता है और एक अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है।

### पांगना में घुसा तेंदुआ, बकरी को बनाया शिकार



**पीयूष शर्मा, करसोग।** पांगना वन रेंज क्षेत्र के बाग गांव में एक तेंदुए ने एक बकरी को शिकार बना लिया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची खंड पुलिस और वन कर्मियों की टीम तेंदुए की तलाश में जुट गई है। वहीं आबादी में तेंदुआ घुसने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बाग गांव के भूपेंद्र गौतम निवासी बाग हर रोज की तरह दो भी बकरा चराने के बाद देर शाम को घर लौटे थे। अभी वह बकरियों को दरवाजे पर बांधकर घर के अंदर ही गए थे कि इसी बीच भोजन की तलाश में जंगल से भटक आबादी में एक तेंदुआ आ पहुंचा और भूपेंद्र गौतम के बकरे को उठा कर ले गया। वहीं स्थानीय ग्रामीण भूपेंद्र गौतम, चेतराम गौतम, बालकृष्ण गौतम, पुनीत गौतम, पुरुषोत्तम गौतम ने वन विभाग से की इस तेंदुए को पकड़ने की मांग की गई है। वन क्षेत्राधिकारी पांगना ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। मौके पर वन विभाग की टीम ने तेंदुए की तलाश शुरू कर दी है।

### बार-बार बस खराब बनी ग्रामीणों की सिरदर्द



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मांदर के लिए बस सेवा को लेकर गांव धार, जुग, कांडा, मांजू, डाबरी, चरेण मांदर के लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रूट पर चलने वाली बस आए दिन बस खराब हो जाती है। बस खराब होने पर मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को लगभग 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। इससे स्कूल जाने वाले छात्रों, दफ्तर जाने वालों और दूसरे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जो लोग नौकरी या अन्य कामों के लिए शिमला आते हैं उन्हें भारी असुविधा होती है। स्थानीय निवासी दीना राम, रूप चन्द, मोहिन्द्र, संजू, अमीचन्द्र भगान दास का कहना है कि हर तीसरे दिन बस का खराब हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रूट पर केवल मात्र एक 27 सीटर बस चलती है जिसमें 80 से 90 के करीब सवारियां सफर करती हैं। ओवरलोड होने के कारण कभी भी कोई हादसा पेश आ सकता है। इस बाबत स्थानीय लोगों ने कई बार निगम प्रशासन से मौखिक और लिखित रूप में शिकायत भी की है लेकिन विभाग इसका कोई संज्ञान नहीं लेता। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह के पास भी गुहार लगाई लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मंत्री से भी ग्रामीणों की आवाज को अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने हिमाचल किसान सभा से भी आग्रह किया है कि उनकी समस्या के समाधान के लिए किसान सभा उनका साथ दे।

### 2 करोड़ 18 लाख से होगा डल झील का पुनरुद्धार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि धर्मशाला स्थित डल झील के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए आनंद मल्लेगवाड फाउंडेशन की ओर से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त हुई है जिसकी अनुमानित राशि 2 करोड़ 18 लाख 72 हजार 164 रुपये है।



मुख्यमंत्री ने इसे हर संभव मदद का आश्वासन दिया। केवल सिंह पठानिया ने बताया कि डल झील कांगड़ा जिले के मैक्लोडगंज-नड्डी सड़क मार्ग पर धर्मशाला से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरी डल झील से हजारों लोगों की श्रद्धा और आस्था जुड़ी हुई है। लगभग एक हेक्टेयर क्षेत्र में फैली डल झील में भगवान शिव का ऐतिहासिक मंदिर भी है, जिसे लेकर मान्यता है कि यह 200 साल से अधिक पुराना है। हर वर्ष यहां 15 से 35 हजार श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने बताया कि बीते कुछ वर्षों में झील के जलस्तर में तेजी से कमी आई है। नगर निगम, आईआईटी, मंडी और अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा झील को संरक्षित करने के प्रयास किए गए लेकिन झील को उसके पूर्व स्वरूप में नहीं लाया जा सका। पानी की कमी को अस्थायी रूप से दूर करने के लिए फिलहाल जल शक्ति विभाग झील में पानी छोड़ रहा है।

### बगढार विद्यालय का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह, कुलदीप पठानिया पहुंचे बतौर मुख्यातिथि, कहा-

# शिक्षा सुधार पर सरकार उठा रही कदम

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

डलहौजी उपमंडल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगढार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। समारोह में विद्यार्थियों के अलावा अभिभावकों तथा स्थानीय क्षेत्र वासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बगढार स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षा, खेल तथा अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले रावमावि बगढार के विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

समारोह में संबोधित करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा ढांचागत विकास के लिए अनेक सार्थक कदम उठा रही है तथा गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा में समान अवसर प्रदान करने के लिए हर संभव मदद मुहैया करवा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों से इस क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं में निरंतर इजाफा किया जा रहा है ताकि विकास के अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र



कुलदीप सिंह पठानिया को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

में भी इस क्षेत्र को विशेष पहचान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले लगभग दो वर्षों के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित कई सार्थक कदम उठाए हैं जिसके आने वाले समय में सकारात्मक नतीजे देखने को मिलेंगे।

उन्होंने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के आयोजन के लिए स्कूल प्रशासन, विद्यार्थियों तथा अभिभावकों को बधाई दी तथा स्कूल की निरंतर उन्नति व बेहतरी के लिए शुभकामनाएं दी।

उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों को 21 हजार रुपए, राजकीय माध्यमिक विद्यालय रंगड़ तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला बगढार को प्रति विद्यालय 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगढार में खेल मैदान बनाने के लिए एस्टीमेट के मुताबिक आवश्यक राशि देने की घोषणा की। उन्होंने स्थानीय विद्यालय की होनहार गायिका कुमारी कशिश ठाकुर को अपनी ओर से 5100 रुपए देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उपस्थित क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनी तथा उनके बारे में संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

इससे पूर्व विद्यालय परिसर में पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन, विद्यार्थियों तथा अध्यापकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

समारोह में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा ने मुख्य अतिथि सहित आए हुए सभी मेहमानों का विधिवत स्वागत किया व उन्हें सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अनुपम शर्मा ने मुख्यातिथि को अवगत करवाया कि वर्तमान में इस विद्यालय में 271 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं उन्होंने बताया कि शैक्षणिक परिणाम की दृष्टि से विद्यालय का प्रदर्शन सदैव उत्कृष्ट रहा है इसके अलावा खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों में भी विद्यालय के विद्यार्थी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। समारोह में उच्च शिक्षा विभाग के उपनिदेशक प्यार सिंह चाढक ने भी अपने विचार रखे।

समारोह में ग्राम पंचायत बगढार के प्रधान व्यास देव, पूर्व बीडीसी अध्यक्ष सुरेश कुमार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलराज व रोशन लाल, एसडीएम डलहौजी अनिल भारद्वाज, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता दिवाकर सिंह पठानिया, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता राकेश ठाकुर, विद्युत बोर्ड के अधीक्षण अभियंता राजीव ठाकुर, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुपम शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा मंडल पुनर्गठन में गैरजनजातीय क्षेत्र की पंचायतों को ट्राइबल में शामिल करने पर विरोध

**ओपी शर्मा, भरमौर**



भाजपा मंडल भरमौर द्वारा गैर जनजातीय क्षेत्र की कुछ पंचायतों को मंडल जोन भरमौर में शामिल करने के लिए यहां के भाजपा नेताओं ने कड़ा एतराज जताया है। यहां के भाजपा के कई वरिष्ठ व युवा नेताओं ने भरमौर होली और गैरजनजातीय क्षेत्र की पंचायतों को एक-दूसरे में शामिल न करने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल को भी सूचित कर दिया है।

भरमौर विधानसभा मंडल पुनर्गठन के तहत इस बार भाजपा मंडल भरमौर तीन मंडल बनाने का प्रस्ताव भाजपा हाई कमान व संगठन को भेजा गया है, जिसमें भरमौर मंडल होली मंडल और गैर जनजातीय मंडल शामिल किया गया है, मगर होली मंडल में ही गैरजनजातीय क्षेत्र की ग्राम पंचायत छतराड़ी और कूंर को शामिल करने पर यहां के भाजपा नेताओं ने कड़ा ऐतराज जताया है।

भरमौर मंडल में ग्राम पंचायत पियूरा, लेच गैहरा के समस्त बूथों को जोड़ने के प्रस्ताव का विरोध शुरू हो गया है। गैरजनजातीय क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं युवा नेताओं, समस्त प्रधान बूथ पालक बीडीसी वह दूसरे पदाधिकारियों ने इस तरह से पंचायत को ट्राइबल में जोड़ने का कड़ा विरोध किया है और कहा कि गैरजनजातीय क्षेत्र को अलग मंडल बनाया जाए और इसकी पंचायतों को दूसरे मंडल में शामिल नहीं किया जाए।

इस विषय पर पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद शर्मा पूर्व जिला परिषद वाइस चेयरमैन दलजीत शर्मा, देशराज शर्मा पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत पियूहरा मनोज राणा पंचायत समिति सदस्य गैहरा, रतन चंद पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत बलोठ, प्रवीण चौहान पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत सुनारा और वर्तमान पंचायत समिति वाइस चेयरमैन मैहला सूरज शर्मा, सहित तमाम पदाधिकारियों व भाजपा नेताओं का कहना है कि इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल को जानकारी दी जाएगी और इस तरह से पंचायत को शामिल करने का विरोध किया जाएगा।

गैरजनजातीय क्षेत्र के भाजपा नेताओं का कहना कि यहां सभी प्रशासनिक तौर पर सभी काम गैर जनजातिक क्षेत्र में पड़ते हैं लिहाजा समस्त पंचायतें गैरजनजातीय क्षेत्र का हिस्सा ही रहने दी जाए। (अनंत ज्ञान)

# नेरचौक अस्पताल में एमआरआई मशीन नहीं लगा पाए जयराम : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज मंडी जिला की सिराज विधानसभा क्षेत्र के बाखली में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार 11 दिसंबर को साल गारंटियां पूरी करने जा रही है।



प्रमाण पत्र बांटते हुए मुख्यमंत्री।

प्रदेश सरकार आने वाले समय में और योजनाएं ला रही है। उन्होंने कहा 'जब पुलिस भर्ती के पेपर लीक हुए और अधीनस्थ चयन आयोग हमीरपुर में पेपर नीलाम हो रहे थे, तब जयराम ठाकुर कहां थे। मैं अपनी आंखों के सामने युवाओं के भविष्य के साथ धोखा होते हुए नहीं देख सकता, इसलिए हमने अधीनस्थ चयन आयोग को भंग कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले सरकार बदलने के साथ ही पुराने काम रोक दिए जाते थे, लेकिन हमने भाजपा के इस रिवाज को बंद किया और 28 करोड़ रुपए बगलामुखी रोपवे के लिए प्राथमिकता पर आवंटित किए। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में सिराज में बड़े भवन बने लेकिन उनमें स्टाफ तक नियुक्त नहीं हुआ। भवन लोगों के काम आए तभी उसका फायदा है। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का एक भी नेता कह दे कि वह ओपीएस देंगे। वहीं पंडोह पुल का निर्माण करने की घोषणा भी की। सुक्खू ने मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना के तहत मकान बनाने के लिए दो बच्चों को भूमि प्रदान करने के प्रमाण-पत्र वितरित किए। जयराम नेरचौक अस्पताल में एक एमआरआई तक की मशीन नहीं लगा पाए। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए प्रदेश का खजाना लुटा दिया, लेकिन हम प्रदेश के संसाधनों को लुटने नहीं देंगे।

# 15 तक करवाएं रबी फसलों का बीमा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**

रबी मौसम में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व मौसम आधारित फसल बीमा योजना के बेहतर कार्यान्वयन हेतु जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में एनआईसी कक्ष में हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2024-25 के रबी मौसम में गेहूं व जौं की फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 15 दिसंबर तक किया जाएगा।



उपायुक्त ने कहा कि इस रबी मौसम में जिला चम्बा में गेहूं व जौं की फसल का बीमा कृषि विभाग से मान्यता प्राप्त क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड कंपनी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले रबी मौसम में जिला चम्बा के 5731 किसानों ने गेहूं व जौं की फसलों का बीमा करवाया था। जिसके लिए विभिन्न किसानों के द्वारा 10 लाख 24 हजार रुपए का प्रीमियम दिया था।

उपायुक्त ने कहा कि पिछले वर्ष खरीफ फसल के मौसम में जिला चंबा में सूखे की स्थिति से हुए नुक्सान का आकलन करने के पश्चात यह पाया कि जिला के 1776 किसान फसल बीमा के अंतर्गत मुआवजे के लिए योग्य हैं। अब तक कंपनी द्वारा 7 लाख रुपए मुआवजे की धनराशि किसानों के बैंक खाते में जमा करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ केवल उन्ही किसानों को दिया जाता है जो किसान इसके लिए 15 दिसंबर से पूर्व प्रीमियम अदा करते हैं। इसी प्रकार मौसम आधारित फसल बीमा के अंतर्गत मुआवजे के लिए 17 लाख 11 हजार 273 रुपये मुआवजे की धनराशि किसानों के बैंक खाते में जमा करवा दी जाएगी। जिसमें जिला के किसानों को मटर, टमाटर और पत्ता गोभी के लिए मुआवजा दिया गया है।

# उच्च प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित



बच्चों को सम्मानित करने के दौरान गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आज शिक्षा खंड बनीखेत में विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया जिसमें शिक्षा खंड बनीखेत के पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मनी बहादुर थापा ने इस आयोजन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस आयोजन में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया जैसे बच्चों द्वारा देशभक्ति के जीत गए गए तथा बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया। उच्च प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बता दें कि इस आयोजन में आए हुए अभिभावकों को भी इस आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारियां सांझा की गई। इस आयोजन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत के प्रधानाचार्य प्रीतम ठाकुर के अलावा भी स्कूलों से आए अध्यापक अन्य कर्मचारी वर्ग तथा स्कूली बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# छात्रों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों और उनकी रोकथाम से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय बनीखेत में 21 वी सदी कौशल साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में आज गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज चंबा के सहायक प्राध्यापक अंकुश कुमार द्वारा साइबर सुरक्षा और जागरूकता पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को डिजिटल दुनिया में बढ़ते खतरों और उनकी रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक करना था।

व्याख्यान के मुख्य बिंदु, साइबर खतरों की समझ, मीडिया का प्रभाव, सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाएं, साइबर सुरक्षा में करियर के अवसर, साइबर कानून और नीतियां, निष्कर्ष व्याख्यान धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुआ, जिसमें अंकुश को उनके समय और विशेषज्ञता के लिए आभार व्यक्त किया गया। डिजिटल जागरूकता और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण पहल है।



# 5 दिन बाद भी अंधेरे में तीसा अस्पताल



बिजली न होने के कारण अस्पताल में पसरा हुआ अंधेरा।

**आजम डार, तीसा**

जिला चंबा के दूरदराज क्षेत्र चुराह में नागरिक अस्पताल तीसा में पांच दिन बीत जाने के बाद भी बिजली की आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। इसके चलते मरीजों को रात के समय ठंड में ठिठुरना पड़ रहा है। पांच दिन पहले अचानक खराब हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में बिजली बोर्ड नाकाम हो रहा है।

इसका खामियाजा अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। मरीजों के साथ-साथ तीसा गांव में भी बिजली की आपूर्ति बंद पड़ी है। इस कारण लोग काफी परेशान हैं। यहां पर बिजली की आपूर्ति न होने के कारण लोगों को एक्स-रे करवाने के लिए 60 किलोमीटर दूर चंबा मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। बिना बिजली के अस्पताल में न तो कोई टेस्ट हो पा रहे हैं और न ही एक्स-रे। वहीं स्कूली बच्चों को मोमबत्ती जलाकर अपनी पढ़ाई करनी पड़ रही है। सर्दी के मौसम में जहां ठंड अपनी चरम पर पहुंच रही है। ऐसे में बिना बिजली रहना काफी मुश्किल है। अस्पताल में मरीज और गांव में स्थानीय लोग बिजली न आने से परेशान हैं। लोगों में सतीश हेमराज, भूपेश निहाल चंद, हरी कुमार और नरेंद्र ने जिला प्रशासन और बिजली बोर्ड से मांग की है कि बिजली की आपूर्ति को शीघ्र बहाल किया जाए।

एसडीएम चुराह अंकुर ठाकुर का कहना है की तीसा अस्पताल में पांच दिन से बिजली नहीं है ऐसा मामला सामने आया है विभाग को इस बारे निर्देश जारी कर दिए गए हैं की जल्द से जल्द बिजली की आपूर्ति करवाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# होटल की सीढ़ियों से गिरने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी के एक निजी होटल में एक नौजवान युवक के पैर फिसल कर मौत का शिकार होने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी अनुसार डलहौजी के निजी होटल में काम करने वाला 28 वर्षीय आदित्य राज पुत्र तिलक राज गांव भटवाणी तहसील नादौन जिला हमीरपुर रोज की तरह अपने हिस्से का सारा काम निपटाकर सोने के लिए कमरे की ओर जा रहा था कि अचानक सीढ़ियों में पैर फिसलने के कारण वह अचेत होकर गिर गया। इसी दौरान उससे पहले कमरे में गए उसके साथी कमरे में सो चुके थे उनमें से एक करीब दो से ढाई बजे के करीब उठा तो उसने पाया कि आदित्य राज अपने बिस्तर पर नहीं पहुंचा है उसने अन्य को इस बारे में सूचित किया तथा उसे ढूंढना शुरू किया तो आदित्य राज सीढ़ियों में अचेत पड़ा हुआ था और उसकी सांसे चल रही थी।

उन्होंने बिना समय गंवाए तुरंत आदित्य को नागरिक अस्पताल पहुंचाया तथा परिजनों को भी सूचित किया। डॉक्टर ने अचेत आदित्य की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक देने के उपरांत मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया। नागरिक अस्पताल डलहौजी के एसएमओ डॉ. सीमा ने बताया कि आदित्य की हालत अत्यधिक गंभीर थी तथा डॉक्टर ने उसे ऑक्सीजन लगाकर टांडा रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में आदित्य ने दम तोड़ दिया।

वहीं डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर सबको परिजनों के हवाले कर दिया गया।

| सूडोकु | 0006 | | | | | ***** कठिनतम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0005 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

4 दिसंबर, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** कार्तिक, **तिथि** तृतीया (01:12) : **नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा (05:15), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** गण्ड (01:56) **शुभ मुहूर्त :** अभिजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:11 - 01:29)।

**विशेष दिन**

» 4 दिसम्बर 2024 : भारतीय नौ सेना दिवस आज।

» 5 दिसंबर 2024 : विनायक चतुर्थी कल।

**मेष:** नया दोस्त मिल सकता है जो आपके जीवन में फायदेमंद बदलाव लाने वाला साबित होगा। संतान को लेकर चिंता बनी रह सकती है।

**वृषभ:** सितारे आपके पक्ष में है, आशा का दामन न छोड़ें। छोटी-मोटी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। लोन की व्यवस्था आसानी से हो जाएगी।

**मिथुन:** आप कोई भी बात बोलने में पूरी तरह ध्यान दें। खुद पर नियंत्रण रखें। पार्टनर के साथ व्यवहार में सावधानी रखें। कार्यक्षेत्र में अचानक विवाद हो सकता है।

**कर्क:** आज कोई खास काम या आकर्षक योजना आपको सारा दिन घेरे रहेगी। मन के अनुकूल यात्रा करें लाभ मिलेगा। धन मिलने के आसार लग रहे हैं।

**सिंह:** आज खर्चा ज्यादा होने के योग बन रहे हैं। सावधान रहें। शिवजी को गंगाजल चढ़ाएं। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** संस्थाओं से सम्मान मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार से मदद मिल सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वाहन के कार्य में लापरवाही न करें।

**तुला:** आज नौकरी में प्रमोशन और कारोबार में धन लाभ का योग बन रहा है। आज आप किसी से भी सिर्फ तोल और तर्क पूर्ण बात करें।

**वृश्चिक:** कोई बहुत ही महत्वपूर्ण काम पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। सफलता पाने के लिए आपको ओरों का मार्ग दर्शन करना होगा।

**धनु:** कामकाज ज्यादा हो सकता है। अपने ज्यादातर कामों के नतीजे भी आज आपको मिल सकते हैं। आप थोड़े उत्साही और संवेदनशील हो सकते हैं।

**मकर:** आज आपके प्रतिफल आपकी मेहनत के अनुरूप ही रहेंगे। अगर आप विद्यार्थी हैं तो आपको अपने परीक्षा परिणाम की चिंता रहेगी।

**कुंभ:** आपको अपने क्षेत्र में आपको लोगों से अपने संबंध बनाने की कोशिश करनी चाहिए। आज नए कॉन्ट्रैक्ट से भविष्य में बड़ा लाभ होगा।

**मीन:** आने वाले समय के लिए तैयारियों में लग जाएं। करियर में प्रगति का मौका मिल सकता है। सावधान रहें। आज पढ़ने में उनका मन लगेगा।

# बर्फ से निपटने के लिए अधिकारियों को आदेश

**शिमला।** मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने विभिन्न विभागों के प्रमुखों और सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ आगामी सर्दियों के मौसम की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने और बर्फ हटाने वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर पर्याप्त मानव संसाधन, मशीनरी और आवश्यक आपूर्ति को पहले से तैनात करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग सर्दियों के मौसम की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार रहें। उन्होंने कहा कि बुलडोजर, स्नो कटर जैसी मशीनरी पहले ही तैनात की जानी चाहिए।

# बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान, हो समाधान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जनजातीय क्षेत्र तहसील होली के कई पंचायतों में पिछले कई दिनों से बिजली की आंख मिचौनी से लोग बुरी तरह से परेशान हो रहे है। यहां पर बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई है लेकिन बिजली की आंख मिचौली के चलते बच्चे अपनी पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। बार-बार विभाग के पास शिकायत करने के बावजूद इस और कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहे हैं।

गौरतलब है पिछले कई समय से यहां पर वोल्टेज की समस्या आने के कारण लोगों के कई उपकरण जल गए हैं तो कई जगह बिजली की बत्ती अक्सर गुल रह रही है। पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत देओल का ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा है कि उनकी पंचायत में पिछले कई महीनों से बिजली की बत्ती गुल होने के कारण लोग बुरी तरह से परेशान हैं। बिजली की आंख मिचौनी के चलते बच्चों की पढ़ाई भी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

बार-बार विभाग के पास शिकायत करने के बावजूद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। विभाग की लापरवाही के कारण बच्चों की वार्षिक परीक्षा पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा है की तहसील होली में बिजली विभाग की व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है।



**अधिकार** मनुष्य को तब तक अंधा बनाए रखेंगे, जब तक मनुष्य उस अधिकार को प्राप्त करने के लिए मूल्य न चुका दे। -सरदार वल्लभ भाई

## संपादकीय

# किसान आंदोलन की रफ्तार

किसान आंदोलन ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। आंदोलन की धमक दिल्ली-एनसीआर तक साफ सुनाई दे रही है। ट्रैक्टरों और अन्य वाहनों का जमावड़ा हर किसी के दिल को डरा रहा है। आखिर ऐसा क्या हो गया कि किसान दोबारा दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं? एक ओर उत्तर प्रदेश के किसान दिल्ली के दरवाजे पर आ डटे हैं तो वहीं, दूसरी ओर पंजाब और हरियाणा के किसान भी दिल्ली कूच पर आमादा हैं। वह नौ माह से शंभु बॉर्डर पर डटे हुए हैं। उत्तर प्रदेश के किसानों की मांगें मुख्य रूप से नोएडा-ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण से जुड़ी हैं। किसान 10 प्रतिशत आबादी भूखंड, 64.7 प्रतिशत से अधिक मुआवजा और 2013 के नए भूमि अधिग्रहण कानून के सभी लाभ दिए जाने की मांग कर रहे हैं। अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर पर रोक, भूमिधर, भूमिहीन किसानों के सभी बच्चों को रोजगार और पुनर्वास के लाभ दिए जाने और उनकी आबादी का निस्तारण करने की मांग भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि केंद्र या राज्य सरकार से उनका कोई टकराव नहीं है, बशर्ते उनकी मांगें पूरी हो जाएं। पूर्व में हुए किसान आंदोलन का असर काफी व्यापक रहा है। इस आंदोलन ने न केवल देश के किसानों को एकजुट किया है, बल्कि सरकार को भी अपनी मांगों पर ध्यान देने के लिए मजबूर किया है।

किसान आंदोलन की शुरुआत 13 फरवरी से हुई थी, जब पंजाब के हजारों किसानों ने दिल्ली चलो मार्च शुरू किया था। इस आंदोलन का असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है। सब्जियों की कीमतों में भारी उछाल आया है, जिससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। हालांकि, सरकार ने किसानों की मांगों पर ध्यान देने के लिए कुछ कदम जरूर उठाए हैं। सरकार ने किसानों के लिए एक पैनल बनाने का वादा किया है, जो उनकी मांगों पर विचार करेगा। नेशनल हाईवे से निकलने वाले करीब सवा करोड़ वाहन चालकों के लिए बॉर्डर बंद होना अब आफत बन गया, जिसके चलते दूसरे रास्तों से आवाजाही तो हो रही है, लेकिन इन रास्तों पर ट्रैफिक जाम भी झेलना पड़ रहा है। इस प्रकार, किसान आंदोलन का असर काफी व्यापक रहा है और सरकार को अपनी मांगों पर ध्यान देने के लिए मजबूर किया है। निश्चित रूप से ये आंदोलन लोकतांत्रिक सरकार के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं। किसान आंदोलन और सुप्रीम कोर्ट की प्रदर्शन पर सख्ती के मुद्दे पर विभिन्न मतभेद हैं। एक ओर, सुप्रीम कोर्ट ने किसान आंदोलन को लेकर चिंता व्यक्त की है और प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया है तो दूसरी ओर, किसान संगठनों का कहना है कि उनकी मांगों को अनसुना किया जा रहा है और वे अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। इस मुद्दे पर सख्ती कितनी जायज है, यह एक जटिल प्रश्न है। एक ओर, कानून और व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन दूसरी ओर लोगों को अपनी मांगों को व्यक्त करने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का अधिकार भी है।

इसलिए, इस मुद्दे पर सख्ती के बजाय, संवाद और समझदारी की आवश्यकता है। ऐसा भी नहीं है कि किसान आंदोलन सिर्फ भारत में ही हो रहे हैं, बल्कि ये दुनिया के करीब 65 देशों में हो रहे हैं। ब्रिटेन और फ्रांस समेत दुनियाभर में हो रहे आंदोलनों के पीछे कई कारण हैं। इन आंदोलनों में शामिल लोग अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे हैं, जिनमें आर्थिक असमानता, श्रम अधिकार, पर्यावरण संरक्षण और राजनीतिक सुधार शामिल हैं। इन आंदोलनों को अक्सर सरकारों और संस्थाओं द्वारा अपनाए गए नीतिगत फैसलों के प्रतिक्रियास्वरूप देखा जाता है। उदाहरण के लिए फ्रांस में हुए आंदोलनों में पेंशन सुधार और श्रम कानूनों में बदलाव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शामिल थे। इसके अलावा दुनियाभर में बढ़ती आर्थिक असमानता और पर्यावरण संबंधी चिंताएं भी आंदोलनों के पीछे एक प्रमुख कारण हैं। लोग अपने अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। इन आंदोलनों का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे अक्सर सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में एक कदम के रूप में देखे जाते हैं। बहरहाल, सरकार और किसान संगठनों को मिलकर बैठकर अपनी मांगों और चिंताओं पर चर्चा करनी चाहिए और एक समाधान निकालना चाहिए जो सभी के लिए स्वीकार्य हो। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारत की महिला हॉकी टीम की कप्तान

**रानी** रामपाल भारतीय हॉकी खिलाड़ी और भारत की महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं। 15 साल की उम्र में ही वह 2010 विश्व कप में भाग लेने वाली राष्ट्रीय टीम की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी रहीं। रानी रामपाल ने अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद बीए में एडमिशन लिया, लेकिन अभ्यास के कारण पढ़ाई रह गई। वह अपनी टीम में सबसे आगे खेलती हैं। उन्होंने 212 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 134 गोल किए हैं। वह एक स्ट्राइकर के रूप में भी जानी जाती हैं, जो अक्सर मिड-फील्डर के रूप में काम करती हैं। राष्ट्रमंडल खेलों से उनका काफी लगाव है। 2020 में भारत सरकार ने उन्हें राजीव गांधी खेल रत्न और फिर पद्म श्री से सम्मानित किया है। रानी रामपाल का जन्म कुरुक्षेत्र, हरियाणा में हुआ था। वह आर्थिक रूप से कमजोर पारिवारिक पृष्ठभूमि से आती हैं। रानी के पिता रुपए की मामूली आय के साथ एक गाड़ी मजदूर के रूप में काम करते थे। उनका पूरा परिवार माता-पिता, दो भाई, उनकी पत्नियां और रानी- एक झोंपड़ी में रहते थे। रानी रामपाल की एक ही इच्छा थी, अपने परिवार की स्थिति को ऊपर उठाने की। ऐसे राज्य से आना जहां लड़कियों को पैदा होने से पहले ही मार दिया जाता था, खेलों में करियर बनाना और भी मुश्किल है। उसके ऊपर, रानी का शहर, शाहाबाद मारकंडा, तुलनात्मक रूप से अधिक रूढ़िवादी था। तीन साल तक रानी ने अपने माता-पिता को समझाने की अथक कोशिश की। वे चिंतित थे कि रानी परिवार का नाम बदनाम कर देगी। उसे हॉकी खेलते समय शॉर्ट स्कर्ट पहननी होगी। सौभाग्य से माता-पिता ने सामाजिक दबाव को छोड़ दिया और अपनी बेटी को उसके सपने का पीछा करने दिया। उस समय परिवार के लिए समय इतना कठिन था कि उनके पास एक उचित घड़ी भी नहीं थी। रानी की मां बहुत जल्दी उठ जाती थीं, ताकि रानी सुबह 5 बजे अपने अभ्यास सत्र में पहुंच सकें। ■



**रानी रामपाल**
**जन्म :** 4 दिसंबर, 1994

## कविता
# भगवती वंदना



डॉ.राजीव डोगरा

*मां भगवती सदैव आपकी शरण रहूं*
*भले दुखों का प्रहार हो*
*भले सुखों की बाहर हो।*
*मां भगवती सदैव आपकी*
*चरणवंदना करुं*
*भले लोग मेरे खिलाफ हो भले लोग मेरे साथ हो।*
*मां भगवती सदैव आपका चिंतन मनन करुं*
*भले नर्क की यातना झेलू*
*भले स्वर्ग के आमोद-प्रमोद में रहूं।*
*मां भगवती सदैव आपके उन्माद में रहूं।*
*भले मुझ में सिद्धि वास करें*
*भले मुझ में रिद्धि उल्लास करें।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# जरूरतमंद लोगों की सहायता करना हमारा नैतिक कर्तव्य



हमारा समूचा संसार गरीब-अमीर आदमियों की सूची से भरा हुआ है। गरीब बेचारा अपनी गरीबी की चक्की में पिसता जा रहा है। कपड़े, दवाइयों, बच्चों को पाठ्य सामग्री खरीदने, उनकी शिक्षा की फीस, इसके अलावा उनकी मूलभूत आवश्यकताएं पूरी करने में अंधिकाश गरीब लोग पूर्णतः असमर्थ हैं। वे इधर-उधर कहीं से जुगाड़ लगाने की हर संभव कोशिश करते हैं। इस काम में वे कभी सफल हो पाते हैं अन्यथा अपनी नियति को ही कोसने लग जाते हैं। यहां मैं अवश्य कहना चाहूंगा कि अपना व्यवहार भी बेहद काम आता है। अगर आप समाज में एक अच्छे व्यवहारिक व्यक्ति हैं तो झट से हरेक आपकी मदद के लिए सदैव प्रसन्नचित्त आगे आएगा, अन्यथा वह व्यक्ति कुछ भी हासिल नहीं कर पाएगा।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

उसे कितनी भी जरूरत पड़े, सब तरफ से उसे इनकार ही मिलता रहेगा। निःसंदेह उनकी इस संकटकालीन परिस्थितियों में हर हालत में सहायक बनना हम सब का नैतिक कर्तव्य तो है ही एवं यह एक अति उत्तम पुण्य कार्य भी है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि घातक बीमारियों में इनकी जितनी भी सहायता की जाए बहुत कम है पर तस्वीर का दूसरा पहलू भी है सब कुछ होते हुए भी अन्य लोगों से सहायता की मांग करते रहना कदाचित भी उचित नहीं है। इसकी ज्वलंत उदाहरण हमारे समाज, शिक्षण संस्थानों में तब मिलती है जब विद्यार्थी वर्ग विशेषता 40, 75 एवं 85 रुपए फीस देने में जानबूझकर आनाकानी करते, जबकि इनमें से अधिकांश घरों में आजकल की समस्त सुविधाएं हैं। मन तब व्यथित होता है जब यही बच्चे मोटर साइकिलों पर बेवजह घूमते रहते हैं। भला कोई इनसे पूछे कि क्या मोटर साइकिल/ वाहन पानी से चलते हैं। मैं इस बात से शतप्रतिशत सहमत हूं कि हमारे देश में शिक्षा सभी वर्गों के लिए मुफ्त मिलनी चाहिए।

हमारी सरकारों की यह प्राथमिकता होनी चाहिए पर जब तक यही व्यवस्था है तो बच्चों को भी तब तक इस व्यवस्था को मान लेना चाहिए। प्राइवेट स्कूलों में अनेक माता-पिता शिक्षा के नाम पर भारी-भरकम फीस भरने को तत्पर रहते हैं। ये बातें तो शिक्षा संबंधी थीं। अगर विद्यार्थी की समूची फीस/ फंड माफ कर भी दिए जाएं, तो बहुतेरे बच्चों को बेहद अच्छा-खासा लाभ मिलने की प्रबल संभावनाएं हैं। पर अफसोस, अधिकांश विद्यार्थियों की पढ़ने में तनिक भी रुचि नहीं है। उन्हें इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। मन बेहद दुखी होता है जब आज का युवा वर्ग घर से तो पढ़ने आता है पर अत्यंत निर्लज्ज होकर सार्वजनिक स्थानों पर हाथों में हाथ डालकर आपस में बतियाते रहते हैं। इन्हें शर्म काहे की बल्कि इन्हें देख रहे भद्र पुरुष अपनी ही नजरें दूसरी ओर कर लेते हैं।

मां-बाप को धोखा देकर यह युवा आखिर क्या हासिल करेंगे। ये तो शारीरिक प्रेम है। प्यार-ब्यार छोड़कर सोचो आपकी मां ने आपका शैशव काल में कैसे पालन पोषण किया। मन लगाकर पढ़ाई कर अपनी मंजिल प्राप्त करो। व्यापार-कारोबार अथवा पढ़ाई संबंधी लोन लेना कोई गलत काम नहीं पर लोन वापसी में हम सब को समर्थ भी होने चाहिए। लोन संबंधी लोगों को जागरूक होना पड़ेगा अन्यथा लोन की किश्तें जमा करवाने पर भी देखने में आता है कि धन की मूल राशि वहीं की वहीं खड़ी रहती हैं। इससे गरीब और गरीब होता जा रहा आ। वक्त के साथ चलना बुद्धिमत्ता है। अगर आप ऐसी अकारण घटनाओं में लिप्त होते रहेंगे, तो कोई भी आपकी चाह कर भी आवश्यकता पड़ने पर मदद नहीं करेगा।

तब आप जिंदगी की राह पर पिछड़ जाएंगे। अतः आवश्यकता पड़ने पर ही किसी से मदद की गुहार लगाएं। प्रश्न यहां यह खड़ा होता है कि कैसे निःसहाय, निर्बल एवं निर्धन व्यक्ति की पहचान सही ढंग से हो सके? उनकी कैसे और कब किस ढंग से यथोचित सम्मान सहित मदद की जा सके? चूंकि जमाना ठगा-ठोरी, धोखा-धड़ी एवं बेईमानी का है। समय कहता है कि किसी को उधार दो और उसे अपना दुश्मन बनाओ। पर याद रखो काठ की हांड़ी आग पर बारंबार नहीं चढ़ती। अतः आवश्यकता पड़ने पर अवश्य गरीबों की सहायता करना हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है। रोगी को समय रहते अस्पताल पहुंचाया जाया। उनकी मदद फ्री दवाइयों देकर की जानी चाहिए। अस्वस्थ होने पर वह कोई छोटा-मोटा काम करें। बेकार बैठने से बेगार भली । मेहनत करो, सफलता मिलेगी। घर का गुजारा सुचारु रूप से चलेगा।

मूलभूत सुविधाओं से ये लोग अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में पूर्णतः प्रयासरत रहेंगे। बस, इन्हें चुनावों के दौरान लुभाने वाले वायदे की कोशिश में नहीं फंसना चाहिए। बेकार न बैठे। सरकारी सब्सिडी वाली योजनाएं/ मुफ्त राशन पर निर्भरता इन लोगों को दिन-प्रतिदिन कामचोर बना रही है। जिस व्यक्ति को बिना काम रोटी मिलती रहे वे क्यों काम करेंगे। किसी भी निःसहाय, निर्बल व अन्य किसी कमजोर वर्ग की सहायता करना अत्याधिक प्रशंसनीय काम है। विद्यार्थी जीवन में धैर्यवान, होशियार विद्यार्थी जीवन के उच्च पायदान पर हमेशा पहुंच सकता है। हां, गरीबी उसके आड़े आ सकती है। पर यही वक्त है कि हम इनकी आगे आकर मदद करें। प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक भी किसी भी निःसहाय, निर्बल एवं निर्धन विद्यार्थी की समूची फीस देने का आश्वासन देता है अगर वह पढ़ाई में पूर्णतः प्रयासरत हो, पूरी तन्मयता के साथ पढ़े। इन गरीबों की सहायता करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

गरीब आदमी अपने बच्चों का पालन-पोषण यथोचित ढंग से करें। आबादी पर अंकुश लगाने के प्रयास में मदद करे। इससे बेरोजगारी, नशों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। गरीबी कलंक न बने। इन लोगों को किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। ये लोग भी सम्मानजनक जीवन जिएं। अंततः यही कहा जा सकता है कि इन लोगों की समय-समय पर सहायता करनी चाहिए। ये भी हमारे समाज का अभिन्न अंग हैं। निःसहाय, निर्बल एवं निर्धन व्यक्ति आत्म निर्भर बने। आत्म विश्वासी बने। अतः एक न एक दिन अवश्य उनके जीवन में उजाला होगा। उनका भविष्य उज्ज्वल होगा। ऐसा करने में साधन संपंन लोगों का विशेष योगदान आवश्यक है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# प्रभात भ्रमण : शांति और फिटनेस का सफर

हर दिन सुबह 5:40 बजे, जब पूरी दुनिया अभी भी अंधकार की चादर में लिपटी होती है, मैं प्रातः की शीतल और ताजगी भरी हवा का आनंद लेने के लिए घर से बाहर निकलता हूं। यह मेरे जीवन की एक पवित्र दिनचर्या बन चुकी है। जब मैं प्रकृति के करीब महसूस करता हूं और स्वयं से जुड़ने का अवसर पाता हूं। सुबह का यह समय मानो पूरी तरह से मेरा अपना होता है। जहां हर कदम मेरे भीतर शांति और सुकून का संचार करता है। अपनी राह चलते हुए, मैं पक्षियों की मधुर चहचहाहट सुनता हूं।



लेखक : अशोक सिंह गुलेरिया
हमीरपुर

जो सन्नाटे को तोड़ते हुए एक नई ऊर्जा का एहसास कराती हैं। हल्की ठंडी हवा मेरे चेहरे को छूते हुए जैसे यह याद दिलाती है कि जीवन की सादगी में ही सच्चा आनंद छिपा है। रास्ते में, मैं कुछ और सुबह जल्दी उठने वालों को देखता हूं। हम एक-दूसरे को शायद ही कभी संबोधित करते हैं, लेकिन हमारी मौन उपस्थिति एक गहरी अव्यक्त समझ और अपनत्व को जन्म देती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे हम सभी इस शांत माहौल का हिस्सा बनकर प्रकृति की पूजा कर रहे हों। यह सुबह की सैर केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा को शुद्ध करने का एक अनमोल अवसर है। हर दिन मुझे यह एहसास दिलाता है कि इस छोटे से पल में कितनी अनंत खुशियां और शांति छिपी हुई हैं। जब मैं विशाल और निस्तब्ध शांत चीड़ के पेड़ों के बीच से गुजरता हूं, तो यह अनुभव मानो मुझे प्रकृति की गोद में ले जाता है। ऊंचे पेड़ों की लंबी शाखाएं और और उनसे निकलता हुआ हल्की-सी हवा का स्पर्श मुझे भीतर तक सुकून देता है। जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता हूं, रास्ते के किनारे बने घरों का दृश्य मेरी दृष्टि में आने लगता है। यह वह समय होता है जब धीरे-धीरे घरों में हलचल शुरू हो जाती है। कुछ लोग अपने घरों के आंगन में सुबह के कामों में व्यस्त नजर आते हैं। इन दृश्यों के साथ पक्षियों की चहचहाहट का मधुर स्वर पूरे वातावरण को जीवंत कर देता है। ऐसा लगता है मानो यह संगीत मेरी सुबह की सैर का हिस्सा बन गया हो, जो मेरे हर कदम में ताजगी भर देता है। थोड़ा आगे बढ़ने पर, मैं अक्सर एक छोटे-से मंदिर के पास पहुंचता हूं। मंदिर के चारों ओर एक पवित्र-सा माहौल होता है, जहां कुछ श्रद्धालु सुबह की पूजा की तैयारियों में लगे होते हैं।



वे फूलों की माला बनाते हैं, दीप जलाते हैं और भक्ति भाव से आरती की थाली सजाते हैं। वहां रुककर मैं मंदिर की घंटियों की ध्वनि और भक्तों के मंत्रों की गूंज को सुनता हूं, जो मेरे मन को अद्भुत शांति प्रदान करती है। यह पूरा अनुभव मेरी सुबह की यात्रा को एक साधारण सैर से कहीं अधिक अर्थपूर्ण बना देता है। यह वह समय है जब मैं केवल चलने भर से अधिक कुछ करता हूं—मैं खुद को प्रकृति, अपने मन और अपने भीतर की शांति से जोड़ता हूं। सुबह की यह शांत यात्रा मुझे जीवन की सादगी और उसकी अद्वितीय खूबसूरती का एहसास कराती है, जो आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कहीं खो-सी गई है। लोग अपने दिन की शुरुआत में व्यस्त हो जाते हैं—जल्दी से तैयार होते हुए, काम पर भागते हुए और अनगिनत जिम्मेदारियों का बोझ उठाते हुए। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में, जहां हर कोई समय से आगे निकलने की होड़ में है, यह सुबह का शांत समय मेरे लिए मानसिक और भावनात्मक शांति का स्रोत बन जाता है। इस तरह, यह प्रातःकालीन दिनचर्या यह सिखाती है कि मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य, और आध्यात्मिक संतुलन के लिए हमें इस सुबह की ताजगी को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**लोकतांत्रिक** व्यवस्था में जनता की महत्वपूर्ण भाग+ीदारी रहती है और यह आवश्यक भी है क्योंकि जनता स्वयं निर्णय करने के लिए स्वतंत्र होती है कि वह अपने भाग्य को किस के हाथों में सौंप रही है, यही सभी का संवैधानिक अधिकार भी है हम मतदान में अपना कर्तव्य निभा कर अपनी सरकार चुनने के लिए स्वतंत्र हैं। वो प्रतिनिधि जिनको हम विधानसभा या लोकसभा में भेजते हैं , वो प्रत्यक्ष रूप से हमारे ही विचारों का प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। विगत कुछ दशकों में राजनीति में सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए पदार्पण करने की एक परिपाटी सी बन गई है, जिससे कारण येन केन प्रकारेन राजनीतिक व्यवस्था में अपने लिए कुर्सी हासिल करने के लिए कोई भी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, जो कि गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है, क्योंकि नेता लोगों को मिलने वाली सुख सुविधाओं में कोई कमी नहीं होती, हर बार ठगी जाती।

**प्रमोध ठाकुर, भड़वाल**

# घटती जनसंख्या वृद्धि दर का मुख्य कारण कम प्रजनन क्षमता

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदुओं का नाम लिए बिना भारत में उनकी घटती आबादी पर चिंता जताई है, उन्होंने कहा कि यदि समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 प्रतिशत से कम हो जाए, तो समाज को किसी को नष्ट करने की आवश्यकता नहीं है, वह स्वयं ही नष्ट हो जाएगा। इसलिए कम से कम तीन बच्चे पैदा करना जरूरी है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह कथन सही है क्योंकि आंकड़े बताते हैं प्राकृतिक पर्यावरण अपनी वहन क्षमता के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिस तरह कोरोना और किसी भी रोगों से मृत्यु हुई है उसका जन्म भी होना चाहिए पर्यावरण में जीवन-निर्वाह संसाधन सीमित हैं और व्यक्तिगत प्रजातियों के सदस्यों के लिए अधिक जनसंख्या घनत्व और अन्य प्रजातियों से प्रतिस्पर्धा, अन्य कारकों के अलावा कम हो सकते हैं। इसके अलावा, प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और प्रवास सभी खाद्य उपलब्धता, साथी की उपलब्धता और प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं जैसे पर्यावरणीय तनाव कारकों से प्रभावित होते हैं। विश्व की जनसंख्या ने 18वीं शताब्दी से घातीय वृद्धि का अनुभव किया, लेकिन 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध से वृद्धि दर में गिरावट आ रही है।

हालांकि देशों के बीच जनसंख्या वृद्धि दर में काफी भिन्नता है और कुछ क्षेत्रों में वृद्धि दर में वृद्धि जारी है, लेकिन समग्र वृद्धि दर घट रही है। नवंबर 2024 में दुनिया की मानव आबादी 8.2 बिलियन तक पहुंच गई और 2080 तक 10.4 बिलियन तक पहुंचने और सदी के अंत तक उस स्तर पर बने रहने का अनुमान है। हालांकि मानव मृत्यु दर औसतन कम हो रही है, लेकिन घटती जनसंख्या वृद्धि दर का मुख्य कारण कम प्रजनन क्षमता है। प्रजनन व्यवहार पैटर्न के आधार पर प्रजनन क्षमता भिन्न होती है, जो बदले में सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक आर्थिक स्थितियों, गर्भनिरोधक तक



पहुंच और जनसंख्या घनत्व जैसे पारिस्थितिक चर जैसे कारकों पर निर्भर करती है। जनसंख्या वृद्धि, जनसंख्या पारिस्थितिकी में, किसी विशेष समय अवधि के दौरान किसी विशेष स्थान पर किसी निश्चित पौधे या पशु प्रजाति के सदस्यों की संख्या में परिवर्तन। जनसंख्या वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकों में प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर और जानवरों में प्रवास शामिल हैं-यानी किसी विशेष स्थान पर अप्रवास या प्रवास। समय के साथ जनसंख्या में औसत परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि दर कहा जाता है। सकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या वृद्धि को इंगित करती है और नकारात्मक वृद्धि दर जनसंख्या में कमी को इंगित करती है। किसी दिए गए वातावरण में जनसंख्या की ऊपरी सीमा, जिसे पर्यावरण की वहन क्षमता कहा जाता है।

उस जनसंख्या के लिए जीवन-निर्वाह करने वाले संसाधनों की मात्रा और उपलब्धता से निर्धारित होती है। किसी दिए गए स्थान और समय अवधि में जनसंख्या वृद्धि दर की गणना जनसंख्या हानि, या मृत्यु दर और प्रवास की संयुक्त दरों को जनसंख्या लाभ या प्रजनन क्षमता और अप्रवास की संयुक्त दरों से घटाकर की जा सकती है। प्रजनन क्षमता एक निश्चित पर्यावरणीय परिस्थितियों में एक व्यक्तिगत प्रजाति के सदस्य द्वारा समय अवधि में औसतन पैदा की गई संतानों की संख्या है। प्रजनन क्षमता को प्रजनन क्षमता से भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए-किसी प्रजाति के सदस्य द्वारा किसी निश्चित समय अवधि में पैदा की जा सकने वाली संतानों की सैद्धांतिक अधिकतम संख्या। जनसंख्या का लिंग अनुपात और आयु संरचना प्रजनन दर को प्रभावित करती है, क्योंकि वे प्रजनन करने में सक्षम व्यक्तियों की संख्या को सीमित करते हैं। जनसंख्या वृद्धि गतिशीलता को एस-आकार के वक्र में ग्राफिक रूप से दर्शाया जा सकता है, जिसे लॉजिस्टिक वक्र के रूप में जाना जाता है। लॉजिस्टिक वक्र (दाएं) विकास में प्रारंभिक अंतराल, घातीय वृद्धि का विस्फोट और अंत में जनसंख्या वृद्धि में गिरावट का प्रतिनिधित्व करता है। वहन क्षमता, किसी प्रजाति का औसत जनसंख्या घनत्व या जनसंख्या आकार जिसके नीचे उसकी संख्या बढ़ने लगती है और जिसके ऊपर संसाधनों की कमी के कारण उसकी संख्या घटने लगती है। एक आवास में प्रत्येक प्रजाति के लिए वहन क्षमता अलग-अलग होती है क्योंकि उस प्रजाति के विशेष भोजन, आश्रय और सामाजिक आवश्यकताएं होती हैं। अच्छे स्वास्थ्य की देखभाल करना भी बहुत महत्वपूर्ण है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# बहुत ही जरूरी है नकारात्मक लोगों से बचकर रहना

मनोविज्ञान के क्षेत्र में एक बहुत प्रसिद्ध और उपयोगी युक्ति है कि, 'अगर कोई व्यक्ति अत्याधिक तनाव और अवसाद में अपना मानसिक संतुलन खो दे या खोने ही वाला हो तो उससे पहले, उस व्यक्ति के साथ और आसपास वाले लोगों का इलाज करना चाहिए!' क्योंकि यही नजदीक और आसपास के लोग ही जाने-अंजाने ऐसे विपरीत, निराशावादी और नकारात्मक हालात पैदा कर डालते हैं कि एक अच्छा भला, समझदार, सकारात्मक सोच वाला मनुष्य भी अत्याधिक बड़े स्तर की नकारात्मक ऊर्जा से प्रभावित व त्रस्त होकर कुंठित और अवसाद ग्रस्त हो जाता है। अत्यंत ही उच्चकोटि के नीच आदमी भी जानबूझ कर या उनकी 'महान' मूर्खता के कारण सकारात्मक और शुभ कार्यों के विरुद्ध महान और श्रेष्ठ भूमिका निभाते हैं। घटिया, निम्नकोटि के नीच विचार और समाचार अत्यंत ही तीव्र गति से सारी दुनिया में तुरंत ही फैल जाते हैं और इन समाचारों के संवाहक और प्रसारक ऐसी ही नकारात्मक सोच और दुर्बुद्धि वाले सामाजिक जानवर होते हैं। इस बार का नोबेल पुरस्कार या कोई राष्ट्रीय सम्मान किसे मिला।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा, मसरूंड, चंबा

इसका पता तो कुछेक गिने-चुने व्यक्तियों को ही रहता है, लेकिन किसी की लड़की का किसी के साथ भाग जाने, किसी के साथ किसी का झगड़ा होने का समाचार तो कुछेक दिनों ( आज इंटरनेट के जमाने में तो कुछेक मिनटों में ही ) में सारे विश्व में फैल जाता है।



व्यक्तिगत रूप से इस विषय में मेरी कोई विशेष रुचि भी नहीं है। ये अधिकतम लोगों के जन्मजात चरित्र व प्रकृति है। देश, समाज के लाखों-लाख लोग अपराध, सनसनी, नकारात्मकता को पसंद करते हैं, मनुष्य व अन्य प्राणियों की विपत्ति में उन्हें कुछ विशेष प्रकार का रस और आनंद मिलता है।

आपराधिक और नकारात्मक समाचार प्रकाशित / प्रसारित करने वाले पत्र-पत्रिकाओं और टीवी चैनलों का बहुत बड़ा पाठक और दर्शक वर्ग होना इस तथ्य की पुष्टि करता है। शहर के किसी मोहल्ले या किसी गांव में किन्हीं दो व्यक्तियों के उनके आपस में झगड़ा हो जाने पर, पूरे मोहल्ला और गांव के सैकड़ों लोगों का तुरंत इकट्ठा हो जाना भी मानव चरित्र के इस स्याह पक्ष का साक्षात और प्रत्यक्ष प्रमाण है। निश्चित रूप से दर्शकों की इस भीड़ में एक-द मनव ही ऐसे होते हैं जो कि झगड़ा नहीं होने देना चाहता, बाकि के पचासों सैकड़ों लोग तो इस दंगल में अपना मनोरंजन करने और आनंदित होने के लिए ही झगड़ा -स्थल के लिए अपने घरों से प्रस्थान करते हैं! कहने का तात्पर्य ये हुआ कि केवल हमारा देश और समाज ही नहीं, बल्कि ये सारी दुनिया नकारात्मक सोच वाले लोगों से भरी पड़ी है।

पूछा जा सकता है कि फिर उन सभी निराशावादी लोगों का जिक्र ही क्यों किया जा रहा? उत्तर भी बड़ा स्पष्ट है कि उन अंधेरी सोच वालों से हमें हर हालत में बचना भी होगा। मन, वचन, कर्म से निराश, हताश ये लोग उनके नकारात्मक, निराशावादी, दिशाहीन सोच से स्वयं अपनी ज़िंदगी तो नरक बना ही मारते हैं, साथ में औरों का जीवन भी तनावपूर्ण और अवसादग्रस्त कर डालने में कोई कमी नहीं छोड़ते! इसलिए, ऐसे निराशावादी, नकारात्मक सोच, विचार, भावनाओं वाले लोगों से हमेशा ही बहुत दूर रहना कैसे, क्यों कितना अनिवार्य है, इसके लिए हमें बहुत ही सतर्क और सावधान रहना है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवियों ने सुकेती में चलाया स्वच्छता अभियान



**अनंत ज्ञान, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी की एनएसएस इकाई द्वारा मंगलवार को अपने चर्चित 'मदर सुकेती अभियान' के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। यह अभियान पिछले वर्ष सात दिनों तक चला था और इसमें 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया था। अभियान को व्यापक सराहना मिली थी और यह जन-जागरूकता के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुआ। इस वर्ष इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता और संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपाली अशोक और प्रो. सूरज मणि ने बताया कि इस तरह के अभियानों के माध्यम से न केवल जल स्रोतों को स्वच्छ बनाया जा सकता है, बल्कि समाज में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाई जा सकती है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सुकेती खड्ड के आसपास के क्षेत्रों में जमा प्लास्टिक और अन्य कचरे को एकत्रित किया और उसे उचित प्रबंधन के लिए भेजा। अभियान में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों के लिए विशेष भोजन व्यवस्था की गई।

### लखन सिंह बने खिलड़ा पंचायत के कार्यवाहक प्रधान



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** मंडी जिला की खिलड़ा पंचायत की कमान पंचायत के उपप्रधान लखन सिंह को मिली है। बता दें कि स्थानीय पंचायत के प्रधान पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने से उन्हें निलंबित कर दिया गया है। जिसके चलते उप प्रधान लखन सिंह को कार्यवाहक प्रधान बनाने की प्रदेश सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। पंचायत का कार्यभार संभालने के अवसर पर लखन सिंह ने कहा कि वे सबको विश्वास में लेकर पंचायत के अधूरे कार्यों को पूरा करवाने का प्रयास करेंगे तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य चमन राही ने लखन सिंह को कार्यवाहक प्रधान बनने पर बधाई दी।

### डीएवी एक संस्कृति देने वाली पाठशाला : राणा



**अनंत ज्ञान, मंडी।** डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नजदीकी विक्टोरिया पुल मंडी का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह सावंद बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आयुक्त नगर निगम मंडी एचएस राणा ने की। कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति सदन मंडी मे किया गया और दिप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समारोह में मुख्य रूप से पाठशाला अध्यक्ष हंसराज मल्होत्रा, सचिव नरेश वैद्य, वाईसी सहगल, प्रबंधन समिति के सदस्य गण और प्रधानाचार्य संगीता कपूर सहित शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति अभिभावक शामिल रहे। मुख्यातिथि एचएस राणा ने कहा की डीएवी एक संस्कृति देने वाली पाठशाला है।

### दिसंबर माह के लिए इंडेन गैस वितरण रूट चार्ट जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर ने दिसंबर के लिए रसोई गैस वितरण का रूट चार्ट जारी कर दिया है। एसडीएम जोगिंद्रनगर ने बताया कि निर्धारित तिथियों के अनुसार उपभोक्ताओं को उनके क्षेत्रों में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। 2 दिसंबर को द्रुब्बल, लडवाण, जोन, लोअर जोन, कुनकर, चडोंझ, सलेरा और फोगला। 3 दिसंबर को कुराटी, पीपली, कुठेहड़ा, सुंआ, बैला, रोहटा सपैडू, सरमाणा, अलमरा, भरोला, जटेहड़ और ददेहड़। 4 को लोअर जोन, झमेहड़, चक्का, चक्का से कढेरनू, पाबो बनौण, त्रैंबली, गोंथला, लखनोट, कुफरू और मोर चक्का। 5 को नागनाला, द्राहल, बसाही, मकरीड़ी, भडयाड़ा, नेरी लांगणा, खड़ीहार, निचला भडयाड़ा, कमेहड़ और अन्य। 6 को नगर परिषद जोगिंद्रनगर। 7 को मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजु, सूकाबाग, चौंतड़ा, बीड रोड और लोअर सेरी। 8 को अपरोच रोड, कूपड़, शानन, हरनाला, हार, आरठी और पंजागणा। 9 दिसंबरः बृजमंडी, हराबाग, गलू और छानगा। इसके बाद 10 दिसंबर से 30 दिसंबर तक विभिन्न क्षेत्रों में वितरण जारी रहेगा। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि पर अपने क्षेत्रों में समय पर उपस्थित रहें। नगर परिषद जोगिंद्रनगर में 6, 11, 18, 25 और 30 दिसंबर को गैस वितरण किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं को सुगमता से गैस सिलेंडर मिल सकेंगे।

### स्वयंसेवी अमित शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त

**अनंत ज्ञान, मंडी।** निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क, राजीव कुमार, उपनिदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, मंडी कुमारी मंजुला, जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय मंडी के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुंदरनगर स्थित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता अमित शर्मा के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। अमित शर्मा सरकाघाट के डबरोग गांव के रहने वाले थे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस दुःख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की है तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की है। वहीं नेरचौक प्रेस क्लब के प्रधान हरीश कौंडल सहित समस्त पत्रकार साथियों जिसमें सुभाष आहलूवालिया, कपिल सेन, गोविंद ठाकुर, परमिंदर कटोच, मनप्रीत सिंह, राकेश ठाकुर, विनोद जसवाल ने अमित शर्मा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

### पेंशनर्स बजट सेशन के दौरान करेंगे धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश अब मांगों को लेकर सरकार से आर-पार की लड़ाई करने का मुड़ बना चुका है। जहां सरकार अपने दो साल के कार्यकाल का जश्न मानाने जा रही है लेकिन पेंशनरों की ओर कतइ भी ध्यान नहीं दे रही है। मंडी में आयोजित हुई एसोसिएशन की राज्यस्तरीय बैठक में प्रदेश के पेंशनरों ने आगामी विधानसभा सत्र का घेराव करने की चेतावनी सरकार को दी है। एसोसिएशन के राज्य प्रधान आत्मा राम शर्मा ने बताया कि साल 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों में सरकार के प्रति काफी रोष है। पेंशनरों को अभी तक वित्तीय लाभ जारी नहीं हुए है, एक-एक पेंशनर का 10 से 12 लाख तक ड्यू पेंडिंग चल रहा है जिसको लेकर सरकार को बजट में इसका प्रावधान करना चाहिए।उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरे प्रदेश में आंदोलन किए, सरकार के मंत्रियों व विधायकों को मांग पत्र सौंप कर जेसीसी का गठन करने की मांग की थी। परन्तु मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पेंशनरों की मांगों पर आज दिन तक गौर नहीं किया। आज पेंशनरों के मेडकिल बिल लंबित पड़े हैं, और कई जिलों में आज 3 तारीख तक पेंशन नहीं मिली है। आत्मा राम शर्मा ने कहा कि सरकार ध्यान नहीं दे रही है, जिसको लेकर आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है।

# वर्षा होने पर किसान गेहूं की देरी से बिजाई करने वाली किस्मों की करें बिजाई

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर ने दिसंबर माह के प्रथम पखवाड़े में किए जाने वाले कृषि कार्यों की एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इसमें क्षेत्र की महत्वपूर्ण फसल गेहूं की बिजाई को लेकर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पंकज सूद ने कहा कि पिछले लगभग 2 माह से बारिश न होने के कारण असिंचित क्षेत्रों में गेहूं की बिजाई नहीं हो पाई है।

ऐसी स्थिति में यदि इस माह के प्रथम पखवाड़े में वर्षा हो जाती है तो गेहूं की देरी से बिजाई करने वाली किस्मों एच पीडब्ल्यू- 373, एचएस -490 तथा बीएल- 892 की बिजाई की जा सकती है। जिला के निचले क्षेत्रों में किसान गेहूं की एचडी 3086 किस्म की बिजाई कर सकते हैं। बिजाई से पूर्व बीज को वैविस्टिन 2.5 ग्राम या रैक्सिल 1 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। बीज की मात्रा 10 किलोग्राम तथा बिजाई के समय 10 किलोग्राम 12:32:16 खाद के साथ 4 किलोग्राम यूरिया प्रति बीघा प्रयोग करें।



कृषि विज्ञान केंद्र की एडवाइजरी जारी

इसके अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में गेहूं की बिजाई हो चुकी है, वहां पर संकरी व चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों में 2-3 पत्तियां आने पर खरपतवार नियंत्रण के लिए 32 ग्राम वेस्टा प्रति 60 लीटर पानी प्रति बीघा की दर से छिड़काव करें। चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण के लिए 100 ग्राम 2,4-डी 60 लीटर पानी में घोलकर प्रति बीघा छिड़काव करें।( अनंत ज्ञान)

### दलहनी एवं तिलहनी फसलों में करें निंदाई

**डॉ. पंकज सूद** ने कहा कि दलहनी एवं तिलहनी फसलों में खरपतवार नियंत्रण के लिए निराई गुड़ाई करें। इन फसलों को गेहूं के साथ मिश्रित तौर पर भी उगाया जा सकता है। जिला के निचले एवं मध्यवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में प्याज की तैयार पौध की रोपाई 15-20 सेंटीमीटर पंक्तियों में तथा 5-7 सेंटीमीटर पौधे से पौधे की दूरी पर करें। रोपाई के समय 16-20 क्विंटल गोबर की गली सड़ी खाद के अतिरिक्त 19 किलोग्राम इफको 12:32:16 खाद प्रति बीघा खेतों में डालें।

### आलू की करें बिजाई

**पंकज** सूद ने कहा कि कुफरी ज्योति, कुफरी हिमालिनी, कुफरी गिरीराज व कुफरी चंद्रमुखी आलू की प्रमुख किस्में हैं। किसान भाई स्वस्थ, रोग रहित साबुत या कटे हुए कंद जिसका वजन लगभग 30 ग्राम तथा 2-3 आंखें प्रति आलू की बिजाई 2 क्विंटल प्रति बीघा बीज दर से 15-20 सेंटीमीटर आलू से आलू तथा 45-60 सेंटीमीटर पंक्ति से पंक्ति की दूरी पर मेढ़े बनाकर करें। बिजाई के समय 16-20 क्विंटल गोबर की गली सड़ी खाद, 20 किलोग्राम इफको 12:32:16 खाद तथा 5 किलोग्राम यूरिया प्रति बीघा खेत में डालें।

### जमीनी कीड़ों से करें फसलों का बचाव

**पंकज** सूद ने कहा कि दीमक ग्रसित क्षेत्रों में तथा गोभी वर्गीय सब्जियों की पौध की रोपाई से पूर्व जमीनी कीटों जैसे कटुआ, सफेद सुंडी व लाल चींटी आदि की रोकथाम के लिए 160 मिली लीटर क्लोरोपाइरीफॉस 20 ईसी को 2 किग्रा रेत में मिला कर प्रति बीघा खेत में बिखेर दें। इसके अतिरिक्त पौध को कमरतोड़ व जड़ गलन रोग के लिए 2.5 ग्राम इंडोफिल एम-45 और 1 ग्राम बैवस्टिन प्रति लीटर पानी के घोल से क्यारियों को सींचें। गोभी व अन्य सब्जियों में मैलाथियान दवाई का छिड़काव करें।

### नागरिक अस्पताल सरकाघाट में पिछले पांच वर्षों से विशेषज्ञ चिकित्सकों के सभी पद खाली

# डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा सरकाघाट

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

चार विधानसभा क्षेत्रों को स्वास्थ्य सुविधा देने वाले नागरिक अस्पताल सरकाघाट में डॉक्टरों की कमी के चलते लाखों लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और स्थानीय लोगों ने तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अनेकों बार प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को इन खाली पड़े हुए पदों को भरने की मांग की है लेकिन सरकार ने सिवाय आश्वासनों के कुछ भी नहीं किया है।

यहां पर चाहे कैबिनेट मंत्री रहे हो या फिर सरकार में कद्दावर नेता रहे हो या विधायक रहे हो भाजपा और कांग्रेस की सरकार में कोई भी सरकाघाट की इस समस्या को उठाने में नाकाम साबित हुआ है अस्पताल में चिकित्सकों के सत्रह पद स्वीकृत हैं और वर्तमान में केवल आठ चिकित्सक की कार्यरत हैं जिनमें से एक चिकित्सक रात्रि ड्यूटी पर रहता है और शेष सभी चिकित्सकों में से एक आपातकालीन सेवा में रहता है। शेष बचे छः डॉक्टरों में कोई भी मेडिसिन, शल्य चिकित्सा, आर्थोपेडिक सर्जन, एनेस्थीसिया, नेत्ररोग विशेषज्ञ एवं जनरल ड्यूटी ऑफिसर के चार पद वर्षों से खाली



अस्पताल के बाहर लगी मरीजों की कतारें

#### लोग मंडी या हमीरपुर जाने को मजबूर

पड़े हैं। इसके अलावा डॉक्टरों की रूटीन ड्यूटी नाइट आफ कोर्ट केस मेडिकल कैंप पोस्टमार्टम आदि के चलते डॉक्टरों की ड्यूटी लगी होने के कारण भी संख्या कम हो जाती है जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है हालांकि अस्पताल प्रभारी वरिष्ठ डॉक्टर देशराज शर्मा ने अल्ट्रासाउंड करने का खुद ही पूरा जिम्मा संभाला है परंतु प्रभारी होने के नाते अस्पताल की रूटीन कार्य करने के दौरान व्यवस्था संभालना मुश्किल हो जाता है।( अनंत ज्ञान)

#### सरकार को भेजी है सूचना : नरेंद्र

जिला स्वास्थ्य अधिकारी नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि अस्पताल सरकाघाट में चिकित्सकों की कमी बारे सरकार को सूचित कर दिया गया है, शीघ्र ही सभी चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी जाएगी।

#### हर बैठक में उठाया मुद्दा

उधर अस्पताल प्रभारी डॉक्टर देश राज शर्मा ने कहा उनके द्वारा जिला स्तर पर होने वाली प्रत्येक बैठक में रिक्त पदों का मामला उठाया जाता है इसके अलावा खाली पदों की रिपोर्ट भी आला अधिकारियों को भेजी जाती है।

#### ओटी की सुविधा न होने पर जंग खा रही महंगी मशीनें और औजार

शल्य चिकित्सक न होने के कारण वर्षों से ऑपरेशन थिएटर में कई महंगे औजार जंग खा रहे हैं। बताते चलें कि इस अस्पताल की औसत ओपीडी 600 से 650 प्रति दिन की रहती है और लोगों को अपनी बारी का घंटों इन्तजार करना पड़ता है। हालांकि प्रदेश के मुख्यमंत्री भी सरकाघाट का दौरा कर चुके हैं लेकिन उन्होंने भी अस्पताल की सुध लेने की जहमत नहीं उठाई है।अस्पताल का नया भवन वर्ष 2013 से निर्माणाधीन है लेकिन निर्माण कार्य कछुआ चाल से चलने के कारण निकट भविष्य में भी इसके पूरा होने की कोई उम्मीद नहीं है। स्थानीय लोगों में अस्पताल सेवा संकल्प समिति के अध्यक्ष चंद्रमणि वर्मा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ पूर्व उपाध्यक्ष ध्यान सिंह चौहान अश्विनी गुलरिया राजेश कौंडल, नगरपरिषद के अध्यक्ष कश्मीर सिंह, रमेश कुमार, दीना नाथ, अर्जुन सिंह सहित अन्य लोगों ने अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों चिकित्सकों के पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने का अनुरोध किया है।

# मुख्यमंत्री भाषण देने लगे लोग उठ कर जाने लगे



मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान मैदान में खाली कुर्सियां।

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का सराज क्षेत्र का चीर प्रतिक्षित दौरा संपन्न हो गया। चार विधानसभा क्षेत्रों के केंद्र बिंदु पंडोह के पास सराज क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं ने जी तोड़ मेहनत करके नेचर पार्क बाखली में एक बड़ी जनसभा भी करवाई।

लगभग सही समय पर जैसे ही जनसभा शुरू हुई तो स्वागत सत्कार के पश्चात पंडाल से कुछ-कुछ लोगों ने उठाना शुरू कर दिया। कुछ खाने की ओर तो शायद कुछ घर की ओर। जब मुख्यमंत्री भाषण दे रहे थे तो पंडाल के श्रोताओं में खाली कुर्सियां भी शामिल देखी गई। लगभग सभी वक्ताओं के निशाने पर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर रहे।

मंच से भाषण चुनिंदा लोगों का ही करवाया गया। जन सभा स्थल को चारों ओर से पाइपों और टेंट के द्वारा बैरिकेडिंग की गई थी। प्रेस दीर्घा के नाम पर एक दो कागज जरूर पाइपों पर लटकाए गए थे लेकिन वहां कुर्सियों पर कांग्रेसी कार्यकर्ता ही जमें हुए थे। यही नहीं कार्यक्रम की लाइव कवरेज व फोटोग्राफी के दौरान मीडिया कर्मियों को सुरक्षा कर्मी बार-बार हटाने का प्रयास कर रहे थे। हालांकि कुछ चुनिंदा ग्रुप बहुत जोश में भी थे। जनसभा में आकर्षण पैदा करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई योजनाओं के कुछ लाभार्थियों को मुख्यमंत्री के हाथों कुछ दस्तावेज सौंपे गए लेकिन इन लाभार्थियों को भीतर मंच तक प्रवेश टेंट के पीछे की ओर से रस्सियां खोल कर करवाया गया। जब मीडिया कर्मी तथा अन्य लोग भीतर जाने लगे तो सुरक्षा का हवाला देकर रोक दिया गया।

इससे पहले जब मुख्यमंत्री का काफिला पंडोह बाजार में पहुंचा तो वहां पर लोगों ने बहुत गर्म जोशी से स्वागत किया तथा लालपुल के शीघ्र निर्माण की जोर शोर से मांग की। लोग चाह रहे थे कि मुख्यमंत्री स्वयं लालपुल स्थल पर जाकर मौका करें लेकिन 30 कदम की दूरी पर मुख्यमंत्री को ले जाने का उनका सपना धरा का धरा रह गया।

## आयोजन बच्चों को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन अवसर



**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में 2024 का 'किड्स कार्निवल' बड़े धूमधाम से मनाया गया। उत्सव का उद्घाटन मुख्यातिथि एसडीएम बल्ह स्मृतिका नेगी ने किया। स्मृतिका नेगी ने अपनी प्रेरणादायक बातों से उपस्थित सभी व्यक्तियों का उत्साहवर्धन किया और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। मुख्यातिथि समृतिका नेगी ने छात्रों की सराहना की और उनके नवाचार तथा समर्पण की प्रशंसा की। प्रधानाचार्या प्रियंका जम्वाल ने कहा यह आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने और उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का बेहतरीन अवसर है।

### महात्मा सदानंद गिरी की पुण्यतिथि पर होगा अखंड रामायण पाठ

**जोगिंद्रनगर।** बनौण गांव में वनगुफा बनौण में ब्रह्मलीन महात्मा सदानंद गिरी महाराज की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 8 दिसंबर को अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा, जिसके लिए हरिद्वार से पंडितों को आमंत्रित किया गया है। वनगुफा के महात्मा शिव शंकर गिरी महाराज ने बताया कि सोमवार, 9 दिसंबर को हवन का आयोजन सुबह 11 बजे होगा। हवन के उपरांत, 12 बजे आमंत्रित संतों का पूजन किया जाएगा और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## नशा माफिया के खिलाफ जोगिंद्रनगर में बिगुल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने नशे के काले कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए एकजुट होकर बड़ा कदम उठाया।



रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के सौजन्य से निकाली ड्रग्स रैली ।

एथलेटिक सेंटर जोगिंद्रनगर में आयोजित इस सभा में ड्रग पेडलर्स के सामाजिक बहिष्कार का ऐलान करते हुए कहा गया कि अवैध नशे का कारोबार बंद न करने वालों के खिलाफ उग्र आंदोलन होगा। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, पूर्व अध्यक्ष अजय ठाकुर और अन्य वक्ताओं ने चेतावनी दी कि पहले ड्रग पेडलर्स को समझाया

#### एंटी ड्रग्स रैली से नशे के खिलाफ जंग का आगाज

जाएगा, लेकिन इसके बावजूद अगर वे नहीं माने तो उनके घरों और दुकानों के बाहर धरना प्रदर्शन होगा। तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के लिए ऐसे कठोर कदम उठाना बेहद जरूरी है।

तहसीलदार ने हरी झंडी दिखाकर एंटी ड्रग्स कार रैली का शुभारंभ किया। रैली में माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल भट्ठा और राजकीय उच्च पाठशाला सेरू के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। अपनत्व सेवा समिति, हिम आंचल पेंशनर महासंघ, फोरलेन संघर्ष समिति, महिला मंडल जलपेहड़ और शिव शक्ति महिला मंडल हार समेत कई संगठनों ने कहा कि नशा माफिया के खात्मे के लिए समाज को संगठित होकर लड़ाई लड़नी होगी। सचिव सुशील पठानिया ने कहा कि नशा मुक्त हिमाचल की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है।

### 15 तक करवा लें विद्युत बिल की केवाईसी

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** सहायक अभियंता ई. चिंतन प्रकाश ने बताया कि विद्युत उपमंडल रिवालसर के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू और होटलों वाले उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वह अपने बिल की केवाईसी को 15 दिसंबर तक सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल के कार्यालय में करवा ले।

अगर कोई उपभोक्ता के वाई सी करवाने में सहयोग नहीं करता है या के वाई सी नहीं करवाना चाहता है तो वह उपभोक्ता भविष्य में बिजली के बिल में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है जिसके लिए वह उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा।

## चौक ब्राडता पंचायत का विभाजन कर नई पंचायत बनाने की मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत चौक ब्राडता का जनरल हाउस प्रधान योग राज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जनसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए नई ग्राम पंचायत देव ब्राडता के गठन की मांग की गई जिसके लिए पंचायत की आपात बैठक आयोजित करके प्रस्ताव पारित किया गया।

पंचायत प्रधान योगराज शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत चौक ब्राडता का क्षेत्रफल 70 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। पंचायत के एक छोर से दूसरे छोर तक की दूरी 7 से 9 किलोमीटर है, जिससे पंचायत मुख्यालय तक



मांग पत्र के साथ पंचायत पदाधिकारी व अन्य।

पहुंचने में ग्रामीणों को भारी असुविधा होती है। वर्ष 2018 में भी पंचायत विभाजन का प्रस्ताव पास कर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया था। प्रस्ताव के अनुसार चौक ब्राडता से अलग किए जाने वाले वार्ड निम्नलिखित हैं।

वार्ड नंबर 2 कुकैन, वार्ड नंबर 3 ब्राडता प्रथम, वार्ड नंबर 4 ब्राडता द्वितीय, वार्ड नंबर 9 मसध्वान आदि है। नई पंचायत देव ब्राडता का मुख्यालय कामेश्वर देव मंदिर के पास ब्राडता द्वितीय में प्रस्तावित है। प्रस्ताव के अनुसार, पंचायत क्षेत्रों में किसी बड़े नाले या नदी के कारण कोई बाधा नहीं है। विभाजित पंचायतों की जनसंख्या और क्षेत्रवार नक्शे वर्ष 2011 के आंकड़ों के अनुसार तैयार किए गए हैं। ये दस्तावेज प्रस्ताव के साथ संलग्न हैं। ग्राम सभा ने खंड विकास अधिकारी से इस प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान करने और इसे सरकार को भेजने का अनुरोध किया है।

### विद्युत उपभोक्ता करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट राज सिंह परासर ने बताया कि उपमंडल के तहत आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं की आधार ई-केवाईसी करवाने की प्रक्रिया जारी है।

उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है वह 4, 5 व 6 दिसंबर को अपनी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। ई-केवाईसी के लिए उपमंडल में दो स्थान चिन्हित किए गए हैं। उपभोक्ता इन स्थानों पर आकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

ई-केवाईसी के लिए विद्युत उपमंडल सरकाघाट व विद्युत शिकायत कक्ष सरकाघाट (टीहरा मोड़) चिन्हित किए गए हैं। विद्युत शिकायत कक्ष सरकाघाट (टीहरा मोड) में केवल 60 वर्ष से अधिक आयु के उपभोक्ता ही ई-केवाईसी करवा सकते हैं। इसके लिए विद्युत उपभोक्ता को आधार नंबर और बिजली का बिल लाना जरूरी है।

**बैठक** | 10 वर्षों से कोलडैम हाइड्रो प्रोजेक्ट के क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए विद्युत उत्पादन कर रहा

# पन विद्युत उत्पादन क्षेत्र में कोलडैम एनटीपीसी की एक प्रमुख योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी/सुंदरनगर**

एनटीपीसी कोलडैम परियोजना की ओर से मंगलवार को मीडिया संवाद बैठक का आयोजन कोलडैम प्रशासनिक भवन में किया गया। इसमें परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर सहित समस्त एनटीपीसी प्रबंधन मौजूद रहा।

बैठक में एनटीपीसी की वर्ष भर की उपलब्धियों सहित जनहित में किए जा रहे कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। एनटीपीसी कोलडैम परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने कहा कि कोलडैम परियोजना पन विद्युत उत्पादन क्षेत्र में एनटीपीसी की एक



प्रमुख योजना है। सुभाष ठाकुर ने कहा कि बीते 10 वर्षों से कोलडैम हाइड्रो प्रोजेक्ट के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करते हुए विद्युत उत्पादन कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोलडैम विद्युत उत्पादन के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत पहुंचाने में भी लगातार कार्य करने की कोशिश कर रहा है, इसमें महिलाओं और युवाओं के उत्थान को लेकर मुख्य रूप में कोलडैम द्वारा कार्य किया जा रहा है। सुभाष ने जानकारी दी कि एनटीपीसी कोलडैम विद्युत उत्पादन के साथ-साथ अनेक सकारात्मक प्रयास कर लोगों के जीवन में प्रकाश लाने को लेकर बेहतर कार्य कर रहा है। इस वर्ष एनटीपीसी अपनी पचासवीं वर्षगांठ मना रहा है ऐसे में एनटीपीसी के 50 वर्षों के सफर को स्लाइड से प्रदर्शित कर आगे के लक्ष्यों से भी रूबरू करवाया गया।

#### 2032 तक 60 गीगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य

**वर्ष** 1975 से विद्युत उत्पादन की शुरुआत करने वाले एनटीपीसी ने थर्मल प्लांट के अलावा कोलडैम प्रोजेक्ट से हाइड्रो क्षेत्र में उत्पादन शुरू कर सोलर और न्यूक्लियर क्षेत्र में भी विद्युत उत्पादन शुरू किया है। एनटीपीसी ने 2032 तक 60 गीगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य रखा है। परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर ने क्षेत्र में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी प्रयासरत है और प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए सहायता के लिए सदैव तत्पर है।

#### देश में विद्युत उत्पादन में अग्रणी एनटीपीसी

**परियोजना** की सीएसआर प्रभारी सुजाता डाबे ने बताया कि देश के 98 पावर स्टेशन में से 52 एनटीपीसी के हैं तथा 46 प्रोजेक्ट एनटीपीसी की साझेदारी के साथ हैं। देश सहित एनटीपीसी श्रीलंका में 50 मेगावाट के सोलर प्लांट सहित एक अन्य 300 मेगावाट के प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही है। बांग्लादेश में 1320 मेगावाट का पावर स्टेशन कमर्शियल ऑपरेशन में काम कर रहा है।

### सिंचाई योजना का पानी रिसाव

**भीम बसेड़ू, महादेव।** ग्राम पंचायत महादेव में जहां पेयजल रिसाव से जगह-जगह जल बर्बादी हो रही है, वहीं एक बड़े भाग में सिंचाई योजना का जल



रिसाव होने से यह बर्बादी बढ़ती जा रही है। इस पंचायत के अंतर्गत आते गांव नगवाहन के गहरे स्थान से उठाए गए सिंचाई योजना का पानी जिसका ओवरहैड टैंक गांव महादेव में बनाया गया है सवालों के घेरे में है। सिंचाई योजना की पाइप लाइन भूमिगत हालत में तो है मगर एक बड़ा भाग खराब होने से पानी रिसाव से खूब बर्बादी हो रही है।




## न्यूज ब्रीफ

### नेहरियां आईटीआई में विश्व एड्स दिवस मनाया




**विवेक शर्मा, अंब।** नागरिक अस्पताल अंब के तत्वावधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैहरियां में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के अधिकारियों ने यहां के स्टाफ व प्रशिक्षुओं को एचआईवी / एड्स और टीबी जैसी भयानक बीमारियों के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के बारे में नवीनतम जानकारियां उपलब्ध करवाईं।

### विधायक ने नेशनल थ्रो-बॉल टीम का बढ़ाया हौसला



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा करवाई जा रही मध्य प्रदेश के इंदौर में 34वीं नेशनल जूनियर थ्रो बॉल खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की टीमों का चयन हो चुका है। वहीं, पर हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के चयनित खिलाड़ियों की प्रेक्टिस बंगाणा के खेल ग्राउंड में चल रही है। चयनित खिलाड़ियों से मिलने खेल ग्राउंड में मुख्यातिथि के रूप में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने शिरकत कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा बधाई दी।

### सिक्योरिटी गार्ड्स व सुपरवाइजर पदों की भर्ती 7 से

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड के रीजनल ट्रेनिंग सेंटर शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड और सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 100 (नियमित) पदों को भरने के लिए ऊना जिले में भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। एसआईएस कंपनी के भर्ती अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि ये शिविर 6 दिसंबर को बीडीओ कार्यालय अंब, 7 दिसंबर को बीडीओ बंगाणा तथा 9 दिसंबर को बीडीओ हरोली में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए आयु सीमा 19-40 वर्ष निर्धारित की है, जबकि शैक्षणिक योग्यता कम से कम 10वीं या इससे अधिक होनी अनिवार्य है। उम्मीदवार की शारीरिक ऊंचाई कम से कम 168 सेमी और वजन 55-95 किलोग्राम होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को भर्ती स्थल पर ही कॉल लेटर दिए जाएंगे। तत्पश्चात 26 दिन के प्रशिक्षण के बाद हिमाचल व चंडीगढ़ में पोस्ट किया जाएगा। इस पद के लिए मासिक वेतन 17500-19500 दिया जाएगा। इसके अलावा पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, इंश्योरेंस, इपीएफ, ईएसआईसी, बोनस जैसी अन्य सुविधाएँ भी दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित तिथि को सुबह 10:30 बजे अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्रों और दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित भर्ती स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी मनीष कुमार के मोबाइल नंबर 8351890071 पर कॉल या व्हाट्सऐप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।



ऊना जिले के एक आंगनबाड़ी केंद्र में पौष्टिक आहार के साथ महिलाएं।

# गगरेट अस्पताल में क्रस्ना लैब की चौबीस घंटे सेवाएं की जाएं सुनिश्चित : एसडीएम

## रोगी कल्याण समिति का करीब 22 लाख रुपए का बजट पारित

**सन्नी पुरी, गगरेट**

एसडीएम सौमिल गौतम ने पूछा कि अगर अन्य अस्पतालों में क्रस्ना लैब मरीजों को चौबीस घंटे सेवाएं दे रही है तो सिविल अस्पताल गगरेट में मरीजों को क्रस्ना लैब यह सुविधा क्यों उपलब्ध नहीं करवा रही है। इस पर खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस बारे क्रस्ना लैब प्रबंधन से पत्राचार किया गया है और उन्होंने शीघ्र ही स्टाफ बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

एसडीएम सौमिल गौतम ने सख्त निर्देश दिए कि अगर क्रस्ना लैब प्रबंधन बात को अनसुनी कर रहा है तो स्वास्थ्य विभाग के साथ पत्राचार पर उच्च अधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत करवाया जाए। सिविल अस्पताल गगरेट में एसडीएम सौमिल गौतम की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति का वर्ष 2024-25 का करीब बाइस लाख रुपए का बजट पारित कर दिया गया। सरकारी अस्पतालों में यूजर चार्ज हटाने के बाद बेशक रोगी



सिविल अस्पताल गगरेट में रोगी कल्याण समिति के सदस्य बैठक के दौरान।

कल्याण समितियों की आय का बड़ा हिस्सा घटा है, लेकिन बावजूद इसके डेंटल सर्विसस पर रोगी कल्याण समिति ने कोई यूजर चार्ज नहीं बढ़ाए हैं। हां, अब जन्म प्रमाण-पत्र पहली बार लेने पर यह निशुल्क मिलेगा तो इसके बाद जितनी बार जन्म प्रमाण पत्र लिया जाएगा, उसके लिए पचास रुपए प्रति प्रमाण-पत्र चुकाने होंगे।

दांत निकालने से लेकर दांतों की पोलिशिंग तक यूजर चार्ज यथावत रहेंगे। मार्च वर्ष 2016 से अनियमित खर्च में शामिल करीब दो लाख 42 लाख रुपए का बजट भी पारित किया गया है। रोगी कल्याण समिति पर खड़ी 14.69 लाख रुपए की लायबिल्टी का मामला भी खूब उठा। अस्पताल की फार्मेसी में सरकार के दावे के अनुरूप 406 दवाएं निशुल्क उपलब्ध करवाने के दावे के बीच कई मरीजों को बाहर से दवाएं लिखने के मामले को भी कुछ सदस्यों द्वारा उठाया गया। रोगी कल्याण समिति ने अस्पताल के खराब पड़े डीआर सिस्टम की रिपेयर का मामला उपायुक्त के समक्ष उठाने के लिए विधायक राकेश कालिया का आभार भी प्रकट किया गया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर ने बताया कि डीआर सिस्टम ठीक होते ही मरीजों की सुविधा को देखते हुए इसे क्रस्ना लैब के सुपुर्द किया जाएगा। इसके अलावा रोगी कल्याण समिति अस्पताल के वेटिंग एरिया मे एलईडी टीवी लगाने के साथ मरीजों की सुविधा के कई अन्य उपकरणों की भी खरीद करेगी। इस अवसर पर रोगी कल्याण समिति के सदस्य सचिव डॉ. शिवा लखनपाल, डॉ. विवेक शारदा सहित समिति के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

इसके अलावा अस्पताल के विकास के लिए समिति सदस्य देवेंद्र सूद ने पहल करते हुए ग्यारह हजार रुपए देने का ऐलान करने के साथ सुझाव दिया कि अस्पताल के साथ दानी सज्जनों को भी जोड़ा जाए जो अस्पताल के विकास में सहयोग कर सकें। इस पर व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान शुभम पुरी ने क्षय रोग से पीड़ित रोगियों के लिए तीस राशन किट्टें देने का ऐलान किया। अस्पताल महज रेफरल इकाई बनकर न रह जाए इस और भी विशेष ध्यान देने को कहा। जिस पर खंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल के बाद सिविल अस्पताल गगरेट में इनडोर पेशेंट की संख्या सबसे अधिक है। (अनंत ज्ञान)

## मुच्छाली को नगर पंचायत में स्तरोन्नत करने के निर्णय पर ग्रामीणों ने दर्ज करवाई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



एडीसी को ज्ञापन सौंपते मुच्छाली पंचायत के निवासी

उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत मुच्छाली को टाउन/नगर पंचायत में स्तरोन्नत करने के निर्णय के संबंध में आपत्ति पत्र ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को एडीसी कार्यालय में महेंद्र पाल गुर्जर के पास दाखिल किया गया। सैकड़ों की संख्या में लोगो ने अपने हस्ताक्षर करके आपत्ति दर्ज करवाई। इस मौके पर राकेश कुमार, राजेश ठाकुर, लेखराज शर्मा, प्रो. जगदीश चंद शर्मा, छोटू राम आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण पंचायत की भौगोलिक परिस्थितियां नगर पंचायत में उन्नयन के लिए अनुकूल नहीं हैं, क्योंकि यह पूर्णतः पहाड़ी क्षेत्र है। मुच्छाली में रहने वाले लोगों की सामाजिक स्थितियां इसे नगर पंचायत में अपग्रेड करने का समर्थन नहीं करती हैं, क्योंकि निवासियों का प्राथमिक व्यवसाय कृषि है। निवासियों के पास स्थायी व्यवसाय या रोजगार के अवसर नहीं हैं और वे कृषि व पशुपालन पर बहुत अधिक निर्भर हैं। उन्नत नगर पंचायत के परिणामस्वरूप कर का बोझ बढ़ जाएगा, जिसे गरीब निवासी वहन करने में असमर्थ हैं। हम पंचायत प्रणाली के तहत विकास परियोजनाओं में जनता की भागीदारी की सराहना करते हैं। नगर पंचायत में ठेकेदारी प्रथा उत्पन्न होने की संभावना है। वर्तमान में ग्राम पंचायत मुच्छाली की जनसंख्या लगभग 3300 है, अतः इतनी छोटी इकाई को नगर पंचायत में परिवर्तित करना अनावश्यक है।

### पंचायतों की आपत्तियों पर गौर करे प्रशासन



बंगाणा। कुटलैहड़ विस क्षेत्र की पंचायत रैंसरी, लोअर कोटला, अपर कोटला, कोटला खुर्द, झलेड़ा, अजनौली करीब आधा दर्जन से ज्यादा पंचायत प्रधानों ने ऊना नगर निगम में जाने का विरोध किया है तो फिर राज्य सरकार क्यों मनमानी करके जनता पर नगर निगम बनाने के आदेश थोप रही है। भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन जनता की आवाज को सुने।

### उपनिदेशकों की पदोन्नति सूची जारी करे सरकार : प्रवक्ता संघ

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला ऊना के पदाधिकारी ने संयुक्त बयान में सरकार से लंबित शिक्षा उपनिदेशकों की पदोन्नति जल्द से जल्द जारी करने का आग्रह किया। संघ ने सरकार से यह आग्रह भी किया जिन प्रधानाचार्य की पदोन्नति शिक्षा उपनिदेशक के पद पर होनी थी, लेकिन कोर्ट केस के कारण उनकी पदोन्नति रुकी रही और अब उनका कार्यकाल 1 साल से भी काम रह गया है, उन्हें भी इस पदोन्नति सूची में शामिल किया जाए, क्योंकि कई ऐसे प्रधानाचार्य भी हैं जो 2008 से इस पद पर अपनी सेवाएं दे रहे लेकिन किन्हीं कारणों से शिक्षा उपनिदेशक के पद पर पदोन्नति नहीं हो पाए। प्रवक्ता संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बेली और महासचिव शशि सैनी ने सरकार से मांग रखी कि प्रधानाचार्य पदोन्नति सूची को भी जल्द से जल्द जारी किया जाए।

## पीएम आदर्श ग्राम योजना के तहत गांवों का किया जा रहा विकास : एडीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना (पीएमएजीवाई) के ऊना जिले में चयनित 23 गांवों के लिए 3 करोड़ 59 लाख 20 हजार की राशि जारी की गई है। इसमें से अब तक 2 करोड़ 16 लाख 87 रुपए की राशि विभिन्न विकास कार्यों पर व्यय की जा चुकी है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेन्द्र पाल गुर्जर ने पीएमएजीवाई के अन्तर्गत आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

एडीसी ने कहा कि इस योजना के तहत चयनित गांवों में सर्वसुविधायुक्त पुस्तकालय स्थापित किए जाएं, जहां अत्याधुनिक ज्ञान-विज्ञान की पुस्तकों के अलावा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवश्यक पुस्तकें भी उपलब्ध हों। उन्होंने निर्देश दिऐ कि योजना के तहत सोलर लाइट, रास्ता निर्माण, वाटर कूलर, स्मार्ट क्लास रूम, तालाब जैसे लघु कार्यों को चिन्हित किया जाए ताकि इन्हें पूरा करने के लिए किसी प्रकार की अड़चन या विवाद उत्पन्न न हो।

उन्होंने बताया कि अधिकांश पंचायतों में इस योजना के तहत हो रहा विकासकार्य संतोषजनक है जबकि ुछ पंचायतों के विकास कार्य विवादों के कारण शुरू नहीं हो पाए हैं। अतः इनके स्थान पर नए काम शामिल किए जाएं ताकि योजना के लक्ष्यों को समय पर हासिल किया जा सके। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियत्रक राजीव शर्मा, खंड विकास अधिकारी अंब, हरोली, गगरेट व बंगाणा तथा संबंधित ग्राम पंचायत प्रधान व सचिव विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरोली पुलिस ने घालूवाल में तीन दुकानों में चोरी करने वाला आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

पुलिस थाना हरोली की टीम ने एक बार फिर अपनी काबिलियत को दर्शाते हुए सितंबर माह में हुई चोरियों का खुलासा किया है। सितंबर माह में 17 तारीख को नरेंद्र जसवाल निवासी सलोह ने पुलिस थाना में रिपोर्ट की थी कि घालुवाल में स्लोह चौक के पास रेडिमेड की दुकान करता है गत 16 सितंबर को दुकान बंद करके घर गया था और जब अगले दिन सुबह आया तो इसके दुकान का शटर टूटा हुआ था।

एक शीशा भी किसी अंजान चोर द्वारा तोड़ा गया था और इसकी दुकान के अंदर से रेडिमेड का काफी कपड़ा चोरी कर लिया गया था और इसी दुकानों के नजदीक एक करियाना की दुकान में भी चोर ने ताला तोड़कर 27000 रुपए तथा एक अन्य दुकान में भी सामान निकालने की कोशिश की थी। चोर चोरी करने के बाद गायब था। पुलिस ने हर संभव तरीके से चोर की बारे पता करने की प्रयास किया। रेडिमेड की दुकान में एक कैमरे की मदद से चोर का हुलिया पुलिस को मिला, जिसकी सहायता से पुलिस ने मुखबर कायम करके होशियारपुर से एक व्यक्ति को पिछले कल गिरफ्तार किया है।



चोरी का आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

गिरफ्तार युवक का नाम अमरीक सिंह उर्फ गोरा निवासी होशियारपुर पाया गया है जो पहले भी पंजाब में कई चोरियों में गिरफ्तार रह चुका है। आरोपी को मुख्य आरक्षी सुनील अन्वेषणधिकारी पुलिस चौकी पंडोगा द्वारा कोर्ट में पेश करके तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से कड़ी पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी सुनील कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार करने की पुष्टि करते हुए बताया कि आम जनता सीसीटीवी कैमरा और मुखबरों की मदद से इलाका में लगभग सभी घटनाओं को सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया है।

### सरकार के खिलाफ 7 को विरोध-प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, अंब।** भाजपा ने प्रदेश सरकार द्वारा 11 दिसंबर को बिलासपुर में सरकार के दो साल पूरे होने पर जश्न मनाने की तैयारी के खिलाफ बड़ा विरोध-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। भाजपा जिला अध्यक्ष बलवीर चौधरी ने कहा कि 7 दिसंबर को ऊना के एमसी पार्क के सामने विरोध प्रदर्शन होगा, जिसमें जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ता, हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर और ऊना सदर विधायक सतपाल सत्ती शामिल होंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष बलवीर चौधरी ने कहा कि सुक्खू सरकार ने जनता के साथ वादाखिलाफी की है, जिनके बड़े-बड़े वादे अब तक अधूरे हैं। इस दौरान जिला महामंत्री शाम मिन्हास, पूर्व मंडलाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर व मंडल महामंत्री कुलदीप सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

## भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए किया मंथन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूतपूर्व सैनिक लीग ऊना और दौलतपुर के सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों की सेवा और सुविधा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और उनकी सेवा में लगातार सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ब्रह्मपुर में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के लिए 3 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति दी, जिससे सैनिकों और उनके परिवारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में जिला सैनिक कल्याण विभाग के उपनिदेशक ले. कर्नल (सेनि) एसके कालिया ने सभी का स्वागत किया और बैठक की कार्यवाही का संचालन किया।



भूतपूर्व सैनिक लीग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी जतिन लाल।

बैठक के बाद उपायुक्त ने ईसीएचएस का दौरा किया, जहां उन्होंने योजना की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। ओआईसी ईसीएचएस, कर्नल सुशील कुमार ने उपायुक्त को इस योजना के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने ईसीएचएस के दंत चिकित्सा शाखा का निरीक्षण भी किया और डेंटल चेयर के लिए अतिरिक्त फंड स्वीकृत किया।

# कुपोषण से लड़ाई में आंगनबाड़ी केंद्र बने बदलाव की धुरी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र कुपोषण से लड़ाई और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुधारने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। जिले के 1364 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से हर महीने की पहली तारीख को लाभार्थियों को पोषाहार वितरित किया जाता है। यह महत्वपूर्ण पहल न केवल पोषण के स्तर को सुधारने बल्कि समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है।

हर केंद्र पर 10 सदस्यीय आंगनबाड़ी स्तरीय मॉनिटरिंग और सपोर्ट कमेटी की देखरेख में यह कार्य किया जाता है। कमेटी की अध्यक्षता वार्ड पंच करते हैं, जबकि इसमें स्वंय सहायता समूह, महिला मंडल, सेवानिवृत्त व्यक्ति, प्राथमिक पाठशाला के अध्यापक, आशा वर्कर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जैसे स्थानीय प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर का कहना है कि ऊना जिले में आंगनबाड़ी केंद्र स्थानीय समुदाय को न केवल पोषण सेवाएं दे रहे हैं, बल्कि उन्हें स्वच्छता, स्वास्थ्य, और बाल अधिकारों के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि कुपोषण से लड़ने और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुधारने की यह पहल एक बड़ी उपलब्धि है। जिला स्वस्थ और सशक्त समाज की ओर तेजी से अग्रसर है।

### दिसंबर में 24471 को दिया लाभ

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि इस पहल के तहत 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पोषाहार वितरित किया जाता है। कुपोषित और अति-कुपोषित बच्चों को विशेष रूप से दोगना पोषाहार प्रदान किया जाता है। दिसंबर माह के आंकड़ों के अनुसार 3147 गर्भवती महिलाएं, 3010 धात्री माताएं और 18314 बच्चे पोषाहार से लाभान्वित हुए हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाई जाती है पोषाहार की विस्तृत सूची

महिला एवं बाल विकास विभाग ऊना के के जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में हर आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार, खाद्यान्न और उनकी मात्रा की विस्तृत सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाती है। यह कदम व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने को समर्पित है।




**मंथन** उपायुक्त ने सर्दियों और सूखे से निपटने की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

# आवश्यक दवाइयों का स्टॉक रखने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर ऊना जिले में सर्दियों और सूखे से उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का व्यापक जायजा लिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे सर्दियों के मौसम में कमजोर वर्गों विशेषकर बेघर, बुजुर्ग और बच्चों को आवश्यक सहायता सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से अत्यधिक ठंड वाले क्षेत्रों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिया कि कोहरे वाले क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के लिए परावर्तक चिन्ह और चेतावनी संकेत लगाएं, साथ ही, तीव्र मोड़ों पर सोलर पावर्ड ब्लिंकिंग लाइट्स लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हर परिस्थिति में लोगों के साथ है। सर्दियों के दौरान सड़क सुरक्षा और जनकल्याण हमारी प्राथमिकता है। सभी विभाग इस दिशा में समन्वित प्रयास करें और



उपायुक्त जतिन लाल अधिकारियों के साथ सूखे को लेकर चर्चा करते हुए।

नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। बैठक में अस्थायी रात्रि आश्रय स्थलों की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उपायुक्त ने एनजीओ और स्थानीय संगठनों के सहयोग से हीटर, कंबल और अन्य आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित आश्रय स्थल स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में ठंड से संबंधित बीमारियों के लिए आवश्यक दवाइयों और उपकरणों का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करें। जल शक्ति विभाग और बिजली विभाग को भी पानी और बिजली की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि स्थानीय मीडिया के माध्यम से नागरिकों को ठंड से बचने के उपायों के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने जिलावासियों से मौसमानुकूल उचित परिधान पहनने और हीटिंग उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने की अपील की।

बैठक में बारिश न होने के कारण सूखे जैसी स्थिति और उससे कृषि व पेयजल संसाधनों पर पड़ने वाले असर पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि कृषि विभाग और जल शक्ति विभाग ऐसे समाधान तैयार करें, जो किसानों और नागरिकों को राहत प्रदान कर सकें। बैठक में पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह सहित जिले के संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने प्री-दिशा बैठक में विकास योजनाओं की प्रगति का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने ऊना में आगामी दिशा बैठक की तैयारियों को लेकर प्री-दिशा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को 7 दिसंबर को आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति 'दिशा' बैठक के लिए पूरी तैयारी के साथ आने के निर्देश दिए। यह बैठक सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता में सुबह 9.15 बजे जिला परिषद हॉल में होगी।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अद्यतन डेटा, सटीक आंकड़े और पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गई कार्रवाई की विस्तृत रिपोर्ट तैयार रखें, साथ ही, सभी विभागों को यह डेटा उनके कार्यालय में भी सौंपने के लिए कहा गया, ताकि प्रस्तुति के लिए एक विस्तृत पीपीटी तैयार की जा सके। बैठक में केंद्र प्रायोजित योजनाओं, ग्रामीण विकास परियोजनाओं और सांसद निधि के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। इसमें पीजीआई सैटेलाइट सेंटर और रेलवे से जुड़े कार्यों की स्थिति पर चर्चा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इन योजनाओं की प्रगति के साथ-साथ उनके क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों और उनके प्रभाव का विस्तृत लेखा-जोखा तैयार रखें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी योजनाओं के आंकड़े सटीक और अद्यतन हों, ताकि बैठक में योजनाओं के प्रदर्शन पर स्पष्ट चर्चा हो सके। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और अपने-अपने विभागों की प्रगति और क्रियान्वयन की चुनौतियों को साझा किया।



अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए



## न्यूज ब्रीफ

### शेर सिंह की पुस्तक 'समय चक्र' का विमोचन



**कुल्लू।** प्रसिद्ध लेखक एवं कथाकार शेर सिंह की पुस्तक 'समय चक्र' का लोकार्पण कुल्लू में हुआ। वरिष्ठ कथाकार एवं लेखक शेर सिंह शर्मा की नई पुस्तक, समय चक्र का लोकार्पण एपीआरओ कुल्लू जेपी शर्मा द्वारा किया गया। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर लेखक शेर सिंह ने बताया कि समय चक्र पुस्तक 101 लघुकथाओं का संग्रह है। अभी तक उनकी 9 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जबकि यह दसवीं पुस्तक है। अब तक शेर सिंह की एक कविता संग्रह, पांच कहानी संग्रह, दो यात्रा संस्मरण, एक लंबी कहानी की पुस्तिका और अब यह लघुकथा संकलन प्रकाशित हो चुकी हैं। इस अवसर पर मुख्यातिथि सहायक लोक संपर्क अधिकारी जेपी शर्मा ने कहा कि शेर सिंह ने अपनी लेखनी की यात्रा इस उम्र में भी जारी रखी है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए कि हर संस्मरण को प्रकाशित कर रहे हैं। इस लघुकथा संग्रह को न्यू वर्ल्ड, पब्लिकेशन, दिल्ली ने प्रकाशित किया है। पुस्तक का आवरण कुल्लू की लोकप्रिय चित्रकार डॉ. संजू पॉल की कलाकृति से सुज्जित है।

### द्वारिका मास्टर एथेलेटिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष



**कुल्लू।** कुल्लू की मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन की नई कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को हुआ। डॉक्टर राज कुमार राणा प्रदेश अध्यक्ष तथा इनके साथ मंडी जिले से प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी चुनी गई और द्वारिका ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा सचिव युववराज शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार को चुने गए।

### 9 दिसंबर से शीतोष्ण फलदार पौधों की बिक्री

**कुल्लू।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र बजौरा की केंद्र प्रमुख डॉ. दीपिका वैद्य ने जानकारी दी कि केंद्र में गत वर्षों की भांति शीतोष्ण फलदार पौधों के पौधे की बिक्री इस वर्ष 9 दिसंबर से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगी। अतः इच्छुक बागवान केंद्र पर आकर सेब, नाशपाती, प्लम, आड़ू, खुबानी, जापानी फल, कीवी फल एवं अनार की नई एवं प्रमाणित किस्मों को अपने बगीचे में रोपित के लिए आवश्यकतानुसार प्राप्त करें।

### नुक्कड़ नाटक से पानी के संरक्षण बारे किया जागरूक

**मनाली।** जलशक्ति विभाग कुल्लू के जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पानी की शुद्धता, उपलब्धता, प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण व संवर्धन के साथ-साथ पंचायतों में गठित ग्रामीण पेयजल स्वच्छता कमेटियों के कार्य संबंधित ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार से दस दिवसीय जनजागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। जल शक्ति विभाग की ओर से मन्ध्न कला मंच कुल्लू द्वारा नग्गर विकास खंड की पल्चान व नसोगी पंचायतों जनता को कार्यक्रम आयोजित कर गीत संगीत व नाटक के माध्यम से जानकारियां दी गई।

### पांच व छह को होगी जागरूकता कार्यशाला

**मनाली।** एडवेंचर टूर आपरेटर्स एसोसिएशन (एटीओए) कुल्लू, मनाली पांच व छह दिसंबर को मनाली के सोलंगनाला में कार्यशाला लगाने जा रही है। इस कार्यशाला में एडवेंचर से जुड़े हिमाचल भर के लोग भाग लेंगे। कार्यशाला में रेस्क्यू संबंधी विषयों पर मंथन होगा। माउंटेन सहित वाटर रेस्क्यू पर चर्चा की जाएगी। छह को एडवेंचर टूर आपरेटर्स एसोसिएशन मनाली में विधायक भुवनेश्वर गौड़ की अध्यक्षता में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन करेगी। इस सेमिनार में डीसी कुल्लू सहित, एसपी, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, एसडीएम व डीएसपी मनाली सहित एडवेंचर पर्यटन से जुड़े घाटी के दर्जनों लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते सचिव प्रवीण सूद व वरिष्ठ सदस्य जोशी ने बताया कि पांच दिसंबर को मनाली के सोलंग नाला में कार्यशाला लगाई जा रही है। इस दिन प्रशिक्षण के साथ-साथ रेस्क्यू विषय पर अभ्यास किया जाएगा।

### विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुल्लू, साफिया फाउंडेशन, नवचेतन और एनजीओ संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सहकारिता भवन, कुल्लू में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में मुख्यातिथि के रूप में एसीटूडीसी कुल्लू शशिपाल नेगी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ग्रुप सांग, ग्रुप डांस, कविताएं और भाषण जैसी विभिन्न प्रस्तुतियां दी। इन प्रस्तुतियों ने न केवल सभी को प्रेरित किया, बल्कि दिव्यांगजनों की क्षमताओं और उनके आत्मविश्वास का भी परिचय दिया। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने उपस्थित जनों का स्वागत करते हुए दिव्यांगजनों के विशिष्ट क्षमताओं को तराशने में मदद करने के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### गणितीय विज्ञान के क्षेत्र में विकास पर की चर्चा



**कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में गणितीय विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और विकास पर चर्चा की गई। इस सम्मेलन में प्रोफेसर सेल्वम (यूएसए), प्रोफेसर श्रीधर राव (वेस्टइंडीज विश्वविद्यालय), प्रोफेसर नागानी (जमैका विश्वविद्यालय), डॉ जैकब (वेस्टइंडीज विश्वविद्यालय, जमैका), डॉ. महादेवन (आईआईटी चेन्नई), डॉ. एम सीनिवासन (अनामलाई, तमिलनाडु) और डॉ. सुरेंद्र घोष (आईआईटी जोधपुर) ने अपने विचार साझा किए। इस सम्मेलन में 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्यातिथि डॉ. मनदीप शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि गणितीय विज्ञान हमारे जीवन के लगभग हर पहलू को प्रभावित करता है।

# ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे, निचले क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी न होने से पर्यटन स्थल वीरान

**कमलेश वर्मा, केलांग**

एक बार फिर रोहतांग दर्रे सहित कुंजम दर्रा, बारालाचा व शिंकुला दर्रे सहित उदयपुर की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे हैं। बर्फबारी से घाटी में शीतलहर बढ़ गई है। लाहौल-स्पीति में रात का तापमान माइनस से नीचे पहुंच गया है।

इससे झरनों, नदी-नालों के साथ अब नल भी जमने लगे हैं। हालांकि आज पहाड़ियों में बर्फ के फाहे गिरे, लेकिन सभी को भारी हिमपात की उम्मीद है। वहीं, दिसंबर माह का पहला सप्ताह शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक इस बार कुल्लू व लाहौल-स्पीति के निचले क्षेत्रों में बर्फबारी न होने से लाहौल-स्पीति कुल्लू-मनाली के सभी पर्यटन स्थल वीरान पड़े हैं। मौसम की बेरुखी से पर्यटन कारोबारियों सहित किसान-बागवान निराश हैं। मंगलवार सुबह घाटी में धूप खिली, लेकिन दोपहर बाद ऊंची चोटियों में बादल छाए और बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। रोहतांग दर्रे सहित धुंधी जोत, मकरवेद शिकरवेद की पहाड़ियों, हनुमान टिब्बा, इंद्र किला, हामटा, भृगु जोत में हिमपात हुआ। दूसरी ओर हिमपात न होने से पर्यटक बर्फ के दीदार को तरस गए हैं। पानी जमता देख रोहतांग दर्रा भी पर्यटकों के लिए बंद करना पड़ा है। हिमपात न होने से पर्यटक लाहौल के नालों किनारे भटकने को मजबूर हैं। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि सड़क में पानी जमता देख दर्रा सभी वाहनों के लिए बंद कर दिया है। (अनंत ज्ञान)



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के रालिंग की ऊंची चोटियों में गिरी बर्फ।

### बर्फबारी ने रोकी जंस्कार-लेह मार्ग पर आवाजाही

**शिंकुला** दर्रे में गिरे बर्फ के फाहों ने जंस्कार घाटी की तथा बारालाचा दर्रे में हुए हल्के बर्फबारी ने लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है। हालांकि मंगलवार लेह व जंस्कार से मनाली, जबकि मनाली से जंस्कार व लेह के लिए वाहन गए हैं, लेकिन दोपहर बाद प्रशासन ने हिमपात होता देख वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि बर्फबारी होता देख वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

### मढ़ी चेक पोस्ट को किया शिफ्ट

**मनाली-**रोहतांग रोड पर गुलाबा चेक पोस्ट से आगे यातायात को शून्य से कम तापमान तथा काली बर्फ के जमने के कारण अब बंद किया गया है। मढ़ी चेक पोस्ट को भी शिफ्ट किया गया है। कार्यवाहक जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने आदेश जारी करते हुए यह जानकारी दी।

# मौसम की बेरुखी मनाली के पर्यटन पर पड़ रही भारी



**एम बोकटापा, मनाली**

बारिश व बर्फबारी नहीं होने से पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की संख्या में भारी कमी दर्ज की जा रही है।

पर्यटन की दृष्टि से दिवाली और दशहरा सीजन भी ठीक नहीं रहा है। हालांकि वीकेंड पर मनाली में भारी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं, लेकिन बाकी दिन उतने पर्यटक नहीं पहुंच रहे और जो भी पर्यटक यहां आ रहे हैं, वह बर्फबारी न होने के कारण मायूस वापस लौट रहे हैं। फेस्टिवल सीजन निकल जाने के बाद भी पर्यटन सीजन धीमा चल रहा है। आजकल होटलों में महज बीस फीसदी तक ही आक्यूपेंसी चल रही है, जो आशा के अनुरूप नहीं है। अब पर्यटन कारोबारियों की नजरें बर्फबारी के साथ-साथ क्रिसमस और न्यू ईयर पर टिकी हुई है। क्रिसमस और न्यू ईयर पर पर्यटकों को लुभाने के लिए होटलियर्स कई पैकेज की घोषणा कर रहे हैं, अगर इन दिनों बर्फबारी नहीं हुई, तो होटल कारोबारियों की परेशानी बढ़ सकती है। पर्यटन कारोबारी सुशील, प्रेम लाल, दीपक, अमर देव आदि ने बताया कि पिछले साल नौ जुलाई को आई बाढ़ के बाद से ही मनाली में पर्यटकों की संख्या में भारी कमी आई है। वर्तमान में मई, जून का सीजन हो या फेस्टिवल सीजन धीमा ही रहा है, अगर यही हाल रहा तो होटलों में ताला लगाना पड़ सकता है। कुल्लू, मनाली पर्यटन विकास मंडल के अध्यक्ष अनूप ठाकुर ने कहा कि मौसम की बेरुखी पर्यटन पर भारी पड़ रही है अगर बर्फबारी इस महीने में हो जाए, तो निश्चित रूप से पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। (अनंत ज्ञान)

# सुदर्शन जस्पा को एक बार फिर एलपीएस चेयरमैन की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



एशिया की दूसरी बड़ी को-ऑपरेटिव सोसायटी की कमान एक बार फिर सुदर्शन जस्पा को मिली है। सोसायटी के प्रबंधन समिति का चुनाव सहायक पंजीयक सहकारी सभा केलांग की देखरेख में सभा के मुख्य कार्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें सभा के चेयरमैन के पद पर सुदर्शन जस्पा ने अपने प्रतिद्वंदी मंगल चंद को 3 के मुकाबले 4 वोट से शिकस्त देकर चेयरमैन की कमान दूसरी बार अपने हाथ में ली।

वहीं, वाइस चेयरमैन के लिए सोनम मनेपा ने राजेंद्र कुमार को 3 के मुकाबले 4 वोट से हराया। इससे पहले माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन जोन 6 के निर्णय के मुताबिक रामवीर सिंह को विजय घोषित किया गया, जिसके बाद वोटरों की संख्या सहकारिता विभाग के साथ 7 हो गई। हालांकि सभा के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव संपन्न हुए लगभग 2 महीने बीत चुके थे, लेकिन जोन 6 का परिणाम उच्च न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव लंबित थे। जीत के बाद सुदर्शन जस्पा ने इसे लाहौल के आम किसानों को समर्पित करते हुए कहा कि यह जीत उनके पिछले कार्यकाल के पारदर्शी और संघर्षशील प्रयासों पर सभी किसान सदस्यों के भरोसे की मोहर है। हालांकि सोसायटी अभी भी दिक्कतों से जूझ रही है, लेकिन सोसायटी को इन दिक्कतों से निजात दिलाने के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे।

# भूतनाथ पुल के पास वामतट मार्ग पर पलटी जीप, सात घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ वामतट में भूतनाथ पुल के पास एक जीप (बोलेरो) हाईवे-तीन पर पलट गई। इसमें चालक सहित सात लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चल रहा है। हादसा मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे हुआ।

पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह ढालपुर से पतलीकूहल में गर्म कपड़ों की मार्केट लगाने के लिए जा रहे प्रवासी (रेहड़ी-फड़ी वाले) जीप में अपना सामान लेकर जा रहे थे। इस दौरान भूतनाथ पुल के पास जैसे ही गाड़ी पहुंची, तो यहां सड़क पर मिट्टी का ढेर और पत्थर होने से गाड़ी एक पत्थर से टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गई। इसमें सवार सभी सात लोग घायल हो गए और गाड़ी में रखा सामान भी सड़क पर बिखर गया। सूचना मिलते ही कुल्लू पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे में घायल जीप चालक बबलजीत (28) पुत्र परमजीत सिंह निवासी आलोकल जिला पटियाला पंजाब के अलावा आकाश (24) पुत्र कनवल कुमार निवासी गुरु नानक नगर जिला पटियाला पंजाब, सोनू (26) पुत्र प्रसाद निवासी गुरु नानक नगर जिला पटियाला पंजाब, रवि (28) पुत्र रमेश निवासी सुभाना जिला मेहसाणा गुजरात, देव कुमार (29) पुत्र देशराज निवासी गुरु नानक नगर जिला पटियाला पंजाब, अर्जुन (37) पुत्र कर्मचंद निवासी गुरु नानक नगर जिला पटियाला पंजाब और विशाल (23) पुत्र रामू निवासी गुरु नानक नगर जिला पटियाला पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने कहा कि हादसे में सभी को हल्की चोटें आई हैं। सभी का जिला अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है। हादसा कैसे हुआ, इसकी पुलिस जांच कर रही है।



भूतनाथ पुल के पास वामतट मार्ग पर हुए हादसे में घायल लोगों को ले जाते हुए।

### कार अनियंत्रित होकर खाई में गिरी, दो घायल

**सैंज** क्षेत्र में स्थित सियारनू मंदिर के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू लाया गया। हादसे में घायल हुए दोनों व्यक्तियों की पहचान सुचैहण निवासी जय सिंह और सतीश निवासी बागीशाढ़ी के रूप में हुई है। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन अस्पताल सूत्रों के अनुसार उनकी स्थिति स्थिर है। एसपी कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# बड़े शहरों की तर्ज पर अब कुल्लू में घरद्वार पर मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अब कुल्लू के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए बाहरी राज्यों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा, बल्कि बड़े शहरों की तर्ज पर अब कुल्लू के युवाओं को घरद्वार पर ही यह सुविधा मिलेगी। कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल ढालपुर अब देश की नामी कोचिंग आकाश इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर उच्च गुणवत्ता की कोचिंग कुल्लू में उपलब्ध करवाएगा। कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के एमडी सुरेश ठाकुर और आकाश इंस्टीट्यूट के ब्रांच मैनेजर आकाश ने संयुक्त रूप से यह जानकारी प्रेस वार्ता के माध्यम से साझा की।

उन्होंने कहा कि इसको लेकर आकाश इंस्टीट्यूट का कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल के साथ एमओयू साइन हुआ है और अब इस योजना पर कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जेई, नीट सहित अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए फिलहाल 30-30 सीटें भरी जाएंगी। जिले के लोगों में इस बात को लेकर काफी खुशी है, जिसका परिणाम यह है कि अभी 30 सीटें भरी जा चुकी हैं। आकाश इंस्टीट्यूट की देशभर में 350 के करीब ब्रांच हैं, जहां पर विद्यार्थियों को कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में अब कुल्लू में भी कॉन्वेंट स्कूल के साथ मिलकर इंस्टीट्यूट की ब्रांच खुली है। उन्होंने बताया कि अब बड़े शहरों की तर्ज पर विद्यार्थी कुल्लू में ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। खास बात यह होगी कि आकाश इंस्टीट्यूट चंडीगढ़ से कुल्लू के इस संस्थान की मानिटरिंग करता रहेगा, जबकि टेस्ट सीरिज भी दिल्ली और चंडीगढ़ की ही की जाएगी। सुरेश ठाकुर व आकाश ने बताया कि यह निर्णय कुल्लू में शिक्षा के प्रति युवाओं के रूझान को देखते हुए लिया गया है, ताकि यहां शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाए जा सके। ऐसे में कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल और आकाश इंस्टीट्यूट के बीच हुई यह साझेदारी शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी।





कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल और आकाश इंस्टीट्यूट के पदाधिकारी।

### खराहल घाटी में होगी ई. केवाईसी

**कुल्लू।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल कुल्लू नंबर 2 ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जा रही बिजली सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए मोबाइल ऐप के माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं की ई. केवाईसी विभिन्न स्थानों पर की जाएगी। बिजली उपमंडल चंसारी के उपभोक्ताओं की ई. केवाईसी पंचायत घर चंसारी में, बिजली उपमंडल बांदल के उपभोक्ताओं की गांव बंदल में बिजली उपमंडल छाटनी के उपभोक्ताओं की ई केवाईसी रोगी मोड में 3 और 4 को और बिजली उपमंडल निथुली के उपभोक्ताओं की ई.केवाईसी पंचायत घर निथुली में, चौकी डोभी के उपभोक्ताओं की पंचायत घर चौकी डोभी में और सेओगी के उपभोक्ताओं की पंचायत घर सेयोगी में 5 और 6 को की जाएगी। इसके साथ ही बिजली उपमंडल पीयूड के उपभोक्ताओं की पीयूड बिजली उपमंडल तलोगी के उपभोक्ताओं की पंचायत घर तलोगी में 7 और 8 को ई.केवाईसी की जाएगी ई. केवाईसी के लिए उपभोक्ताओं को बिजली बिल के साथ आधार कार्ड अथवा राशन कार्ड लेकर आना होगा।





**बैठक** पर्याप्त मात्रा में किया खाद्य सामग्री और जरूरी सामान का वितरण और भंडारण

# बर्फबारी से निपटने के सभी प्रबंध पूरे : रजनीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

उपमंडल अधिकारी केलांग रजनीश शर्मा ने कहा कि लाहौल-स्पीति जिले में सर्दियों में बर्फबारी के दौरान आवश्यक सेवाओं को बहाल रखने के लिए सभी जरूरी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए गए हैं।

पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री और जरूरी सामान का वितरण और भंडारण कर लिया गया है। यह जानकारी एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने केलांग में सर्दियों में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों को लेकर आयोजित जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि लाहौल-स्पीति एक बर्फीला जिला है। यहां पर सर्दियों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इससे समय रहते सभी जरूरी तैयारियां महत्वपूर्ण हो जाती हैं। बैठक में विभिन्न विभागों ने क्या तैयारियां की हैं इसकी समीक्षा की गई। रजनीश शर्मा ने बताया कि जिले में महत्वपूर्ण सड़कों को खुला रखने के लिए मुख्य जगहों पर लोक निर्माण और बीआरओ की मशीनरी और मजदूरों की तैनाती कर दी गई है। किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पुलिस, होमगार्ड, पर्वतारोहण संस्थान के स्वयंसेवियों की आईटीबीपी के सहयोग से संयुक्त त्वरित प्रतिक्रिया टीमों बल का गठन किया जा रहा है। यह टीमें 24 घंटे शिफ्टों में तैनात रहेंगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बिना समय गंवाए निपटा जा सके। बैठक में बीआरओ, एनडीआरएफ, डीडीएमए, पुलिस, लोक निर्माण, जलशक्ति, खाद्य नागरिक आपूर्ति, एचआरटीसी, होमगार्ड, फायर सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त स्पीति से अधिकारी वर्चुअली माध्यम से जुड़े रहे।



एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा सर्दियों में विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

### पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न सामग्री और एलपीजी का भंडारण

**जिले** में पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न सामग्री और एलपीजी का भंडारण किया गया है। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को 95 प्रतिशत खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जा चुका है। एलपीजी का अभी तक 35 प्रतिशत वितरण हो पाया है। जिले में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी उपलब्ध है, लेकिन सिक्योरिटी जमा करने के मुद्दे के कारण एलपीजी के वितरण में समस्या आ रही है। इस मामले को आईओसी के अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। इसके अतिरिक्त पर्याप्त मात्रा में आग जलाने के लिए वन विभाग ने सुखी लकड़ियों का वितरण कर दिया है।

### 15 दिसंबर को शिंकुला और बारालाचा रोड की होगी समीक्षा

**जिले** में अभी तक केवल दो रोड रोहतांग और कुंजम पास रोड बंद किए गए हैं, बाकि सभी रोड अभी तक खुले हैं। 15 दिसंबर को शिंकुला और बारालाचा रोड की समीक्षा की जाएगी। हालत ठीक न होने पर इन्हें भी पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। बिजली विभाग द्वारा एचटी और एलटी लाइनों का बर्फ से बचाव करने के लिए सर्वे किया जा रहा है। वह भी बहुत जल्द इस बारे अपनी रिपोर्ट दे देंगे, उसी अनुरूप आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जलशक्ति विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। विभाग के पास पर्याप्त मात्रा में पाइपें उपलब्ध हैं। पाइपों में पानी जमने से बचाने के लिए जलशक्ति विभाग द्वारा हीजियन क्लोथ (टाट का कपड़ा) का भंडारण किया गया है।

# अवैध कब्जे हटाने पर अपनाई जा रही पिक एंड चूज की नीति : राम सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



एचपीएमसी के पूर्व चेयरमैन एवं समाजसेवी राम सिंह ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के नाम पर कुल्लू में पिक एंड चूज की नीति के तहत कब्जों को हटाया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कुल्लू के तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह शहर में अवैध कब्जों को हटाने के नाम और आम जनता को तंग कर रहे हैं।

लोगों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा सरकार की ऐसी मनमर्जी नहीं चलने देंगे। अवैध कब्जों को हटाने के नाम पर लोगों में दहशत का माहौल तैयार किया जा रहा है। हाईकोर्ट के नाम से जनता को डराया व धमकाया जा रहा है। कुल्लू शहर में अतिक्रमण को हटाने के लिए तहसीलदार कुल्लू द्वारा सारे काम छोड़कर विशेष अभियान शुरू किया गया है। वे हाईकोर्ट के आदेशों की पालना करते हैं, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश कुछ और हैं, लेकिन तहसीलदार कुल्लू पिक एंड चूज की नीति अपनाकर गरीबों को तंग कर रहे हैं, जो कि गलत है। जहां के आदेश हैं वहां कब्जे हटाए नहीं जा रहे हैं और जहां के आदेश है नहीं वहां तहसीलदार कब्जा हटाने पहुंच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जिला प्रशासन की ओर से अधिकारी एक तरफ मनमर्जी व तानाशाही कर रहे हैं। हाईकोर्ट के द्वारा अगर निर्देश जारी किए गए हैं, तो कार्रवाई करें, लेकिन जहां तक हमें जानकारी है प्रमोद सक्सेना मुख्य सचिव द्वारा 26 अक्तूबर को एक अधिसूचना जारी की थी, जिसमें नेशनल हाइवे, जिला सड़क मार्ग, गली में अगर अतिक्रमण है, जिनको तीन महीने के अंदर हटाने के निर्देश हैं। वहीं, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दूसरों के कब्जे छुड़ाने में लगे हैं, लेकिन जो ढालपुर में क्रिकेट मैदान के साथ नया कांप्लेक्स बनाया जा रहा है, क्या उसके लिए टीसीपी की अनुमति ली गई है। उसके निर्माण में जो कोताही बरती गई सबसे पहले उन्हें तोड़ा जाए। इसके अलावा एसपी कार्यालय के सामने फुटपाथ पर एटीएम लगाए गए हैं क्या वह अवैध कब्जे नहीं हैं? उन्होंने कहा जो गलत है, उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## न्यूज़ ब्रीफ

### नई सोच समूह ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को दिया सम्मान



**सराहां।** शिक्षा खंड नारग से 30 नवंबर को मुख्य शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए ठाकुर दत्त शर्मा व शिक्षा खंड सराहां से सेवानिवृत्त हुए जेबीटी राज कुमार नेहरू के सम्मान में एक सेवानिवृत्त समारोह आयोजित किया गया। नई सोच समूह द्वारा आयोजित इस समारोह में दोनों शिक्षकों को समूह द्वारा शॉल टोपी, स्मृति चिन्ह व उपहारों से सम्मानित किया गया। साथ में शिक्षकों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। समूह के संयोजक संजय अत्री ने बताया कि ठाकुर दत्त शर्मा राजकीय प्राथमिक पाठशाला डिलमन शिक्षा खंड नारग से मुख्य शिक्षक व राज कुमार नेहरू राजकीय प्राथमिक पाठशाला घरघोण पलाशी शिक्षा खंड से सेवानिवृत्त हुए हैं। इन दोनों शिक्षकों का सेवाकाल अत्यंत उत्कृष्ट व प्रेरणादायी रहा है। सेवानिवृत्त दोनों शिक्षकों ने इस अवसर पर समस्त शिक्षकों को समाज के उत्थान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुरेंद्र नेहरू, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष नारायण दत्त शर्मा, अशोक नेहरू, भीम दत्त शर्मा, नरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पेसापालो खेल में 15 खिलाड़ियों का चयन



**दाड़लाघाट।** हिमाचल के 15 खिलाड़ियों ने पेसापालो खेल के एशिया कप के कैंप के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है, जिनमें से 11 खिलाड़ी सोलन जिले से संबंध रखते हैं। यह उपलब्धि राजस्थान के पाली में आयोजित तीन दिवसीय पेसापालो राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान हासिल की गई है। हिमाचल प्रदेश पेसापालो संगठन के महासचिव डॉक्टर रमेश राजपूत ने बताया कि यह गर्व की बात है कि हिमाचल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए हिमाचल के पेसापालो संगठन के पदाधिकारियों और टीम के प्रशिक्षकों को बधाई दी। डॉक्टर रमेश राजपूत ने बताया कि राजस्थान में आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, मुंबई और हिमाचल के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए हिमाचल के पेसापालो संगठन के पदाधिकारियों और टीम के प्रशिक्षकों को बधाई दी।

### शावगा की अर्पिता नव्या खेलेंगी राष्ट्रीय स्तर पर



**राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शावगा की दो छात्राओं का चयन-14 वर्ष से कम आयुवर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पीईटी सुखदेव भारद्वाज ने बताया कि दोनों छात्राओं में अर्पिता 9वीं तथा नव्या आठवीं कक्षा की छात्रा हैं। दोनों छात्राओं ने जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और इसी आधार पर दोनों छात्राएं वाराणसी में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश टीम में चयनित की गई हैं। दोनों छात्राएं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए जिला सिरमौर के पांवटा में 1 से जारी प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास कर रही हैं। प्रशिक्षण शिविर 7 तक चलेगा और प्रदेश टीम 8 को वाराणसी के लिए रवाना हो जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन वाराणसी में 10 से 14 तक किया जाएगा। सुखदेव भारद्वाज ने बताया कि शिक्षा खंड राजगढ़ का शावगा स्कूल वॉलीबाल का गढ़ रहा है और इस विद्यालय से 50 से अधिक बच्चे राष्ट्रीय स्तर तक की प्रतियोगिताओं का सफर तय कर चुके हैं।

### चंबीधार स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित



**सोलन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबीधार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह प्रधानाचार्य डीडी सिमर की अध्यक्षता में मनाया गया। इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य संतराम शर्मा रहे। विद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रधानाचार्य, एसएमसी प्रधान महेश दत्त शर्मा, विद्यालय अडॉप्शन कमेटी के सदस्य कमल दत्त शर्मा, प्रेमपाल आर्य, रविंद्र नाथ, विद्यालय परिवार, एसएमसी सदस्य, अभिभावकों का भव्य स्वागत किया गया। स्टूडेंट्स द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मुख्यातिथि ने प्रधानाचार्य और विद्यालय के स्टाफ की खूब प्रशंसा की। कार्यक्रम का आगाज वंदे मातरम से किया गया। उसके उपरांत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। कक्षा छठी से वैष्णवी शर्मा पुत्र महेश दत्त को प्रथम पुरस्कार, अंकित शर्मा पुत्र विकास को दूसरा और समृद्धि ठाकुर को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। सातवीं कक्षा से नव्या, तन्वी पुत्री अमित चंद को क्रमशः पहले दूसरे स्थान के लिए आदि पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में साल भर चलने वाली गतिविधियों, जिसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया। हिंदी विजय में जूनियर वर्ग में विक्रम बत्रा हाउस को प्रथम, शहीद हितेश हाउस को दूसरा स्थान और कामना राम हाउस को तीसरे स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया, जबकि इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में विक्रम बत्रा हाउस प्रथम स्थान पर कामना राम हाउस दूसरे स्थान पर तथा शहीद हितेश हाउस तीसरे स्थान के लिए पुरस्कृत किए गए। इंग्लिश विजय में विक्रम बत्रा हाउस पहले स्थान पर शहीद हितेश हाउस दूसरे स्थान पर और कामना राम हाउस तीसरे स्थान पर जूनियर वर्ग में पुरस्कृत किया गया, जबकि सीनियर वर्ग में पहले स्थान के लिए विक्रम बत्रा हाउस, दूसरे स्थान के लिए शहीद हितेश हाउस और तीसरे स्थान के लिए कामना राम हाउस को इनाम दिया गया।

# सोलन में ड्राई स्पेल और सुबह शाम की ठंड से बीमार पड़ रहे लोग

आर मोहन चौहान, सोलन

जिला मुख्यालय में सुबह-शाम की ठंड और ड्राई स्पेल से लोग बीमार पड़ रहे हैं। खासकर बुजुर्ग और बच्चे सूखी खांसी, गला खराब जैसी बीमारियों की जकड़ में आ रहे हैं।

ड्राई स्पेल के चलते क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोज सूखी खांसी, गला खराब और छाती जाम के सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो इन बीमारियों का मुख्य कारण शुष्क मौसम और ठंड है। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर होने के कारण भी लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में संक्रमण से बचाव भी जरूरी हो जाता है। सावधानी के लिए भीड़भाड़ वाली जगहों में मास्क पहना जा सकता है। पिछले करीब दो महीनों से चल रहे ड्राई स्पेल से लोग सूखी खांसी, गला खराब और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। डॉक्टरों ने वायरल की स्थिति में गर्म पानी का सेवन और भीड़भाड़ में मास्क पहनने की सलाह दी है। (अनंत ज्ञान)



सोलन अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे लोग।

### हलके में न लें वायरल को

**वायरल** से कारण लोगों में खांसी, सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों-शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, नाक बंद या नाक बहने जैसी समस्या देखी जा रही है। ऐसे में लोगों को इस बीमारी से सतर्क रहने की जरूरत है। तीन से चार दिन तक बीमारी ठीक न होने पर नजदीकी अस्पताल में चिकित्सा जांच जरूरी है। वायरल होने पर गर्म पानी का सेवन और ठंड और गर्मी से बचाव जरूरी है।

**अस्पताल** की जनरल और मेडिसिन ओपीडी में पहले के मुकाबले सर्दी, खांसी, जुकाम से पीड़ित मरीज उपचार को आ रहे हैं। ड्राई स्पेल और ठंडे-गर्म मौसम से वायरल की बीमारियां पनपती हैं। ठंड बचाव को गर्म कपड़े पहनें, जहां तक हो सके गर्म पानी का सेवन ही करें। भीड़भाड़ में मास्क पहनना हितकारी होगा।

**डॉ. संदीप जैन एमएस, सोलन अस्पताल।**

### अस्पताल में बढ़े वायरल के मामले

**सोलन** मुख्यालय से ठंडा गर्म मौसम होने के कारण वायरल के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की मेडिसिन ओपीडी में रोजाना 80 से 100 मरीज सर्दी, खांसी बुखार से पीड़ित उपचार को पहुंच रहे हैं। बीते कुछ माह से कम बारिश होने के चलते सूखी ठंड भी पड़ रही है, जिसके चलते लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। आमतौर पर अस्पताल में वायरल के 30 से 35 मरीज रोजाना ओपीडी में पहुंचते थे, तो इन दिनों यह संख्या बढ़कर दोगुनी से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ की माने तो इसका एक कारण सूखी ठंड भी है। मेडिसिन ओपीडी की बात करें, तो कुल ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं, जो सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित हो। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों की खासी भीड़ देखी गई। फीस व दवा काउंटर पर लोगों की लंबी लाइन लग गई थी।

## सनवारा में ढाबा मालिक से मारपीट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

पुलिस ने नेशनल हाईवे पर सनवारा में ढाबा मालिक से मारपीट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक सोलंकी निवासी गांव सुल्तानपुर सादात डाखा भोजपुर तह. नजीबाबाद जिला बिजनौर यूपी ने पुलिस थाना धर्मपुर में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि जब यह रात के समय किसान ढाबा सनवारा में अपनी ड्यूटी पर मौजूद था तब ढाबे में कुछ लोग खाना खा रहे थे, तो इसी दौरान रात को समय करीब 1.15 बजे तीन व्यक्ति ढाबा में आए, जिन्होंने चिकन का रेट पूछा, जिस पर इसने उन लोगों को चिकन का रेट 350/- प्रति किलो रेट बताया। उसके उपरांत तीनों व्यक्ति इससे व ढाबा की मालकिन से बहसबाजी करने लग पड़े। बहसबाजी का शोर सुनकर ढाबा मालिक भी वहां पर आ गया, उसी समय इन तीनों व्यक्तियों ने अपनी कार से डंडे निकालकर इनके साथ डंडों आदि से मारपीट की। इस मारपीट के दौरान एक व्यक्ति ने ढाबा मालिक के सिर पर डंडों से वार किए, जिससे ढाबा मालिक के सिर पर काफी चोटें आई। मारपीट करने वाले तीनों आरोपी मौके से अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गए, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में मामला दर्ज किया गया। मेडिकल जांच दौरान ढाबा मालिक को लगी चोटों को चिकित्सकों ने अपनी राय में गंभीर व जानलेवा तहरीर किया।

इस अभियोग की जांच के दौरान मामले में संलिप्त आरोपी जो मौके से फरार हो गए थे उनकी तलाश पुलिस थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही थी, जो फरार चल रहे थे और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-2 अपने ठिकाने बदल रहे थे तथा पुलिस के लगातार जारी प्रयासों से उक्त मामले में दो आरोपी आशीष पुत्र मसी दास निवासी दलीप दुर्गा कलौनी नारायणगढ़ जिला अंबाला हरियाणा उम्र 34 वर्ष व अंकुश सैनी पुत्र स्व. रविंदर निवासी गांव व डाकखाना भुर्रावाला तहसील नारायणगढ जिला अंबाला हरियाणा उम्र 25 वर्ष को थाना धर्मपुर की पुलिस टीम द्वारा हरियाणा के नारायणगढ़ जिले से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है।

## सुबाथू से चौथे बैच के 307 अग्निवीर पासआउट

अनंत ज्ञान, सोलन



सोलन जिले के सुबाथू स्थित 14 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र (जीटीसी) से चौथे बैच के 307 अग्निवीर सैन्य सार्थकता और गौरव का शानदार प्रदर्शन करते हुए पासआउट हुए।

भारतीय गणराज्य के प्रति निष्ठा की शपथ लेने वाले ये अग्निवीर अब भारतीय सेना की पहली और चौथी गोरखा राइफल्स की शानदार गोरखा बटालियनों में सम्मिलित होंगे। इन बटालियनों का 200 से अधिक वर्षों का वीरता और बलिदान का समृद्ध और गौरवशाली सैन्य इतिहास रहा है। 14 जीटीसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर पीपी सिंह ने पासिंग आउट परेड की समीक्षा की। यह पासिंग आउट परेड शारीरिक फिटनेस, युद्ध और फील्ड क्राफ्ट, शास्त्र और रणनीति में अग्निवीरों के 31 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण के समापन पर आयोजित की गई। ब्रिगेडियर पीपी सिंह ने युवा अग्निवीरों को देश की सभी सीमाओं पर राष्ट्रीय और भारतीय सेना का झंडा ऊंचा रखने के लिए प्रेरित किया। परेड के बाद आकर्षक पाइप बैंड प्रस्तुति और शानदार शारीरिक कौशल ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## इंश्योरेंस सेक्टर में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी



**सराहां।** सीएससी ई-गवर्नेंस की तरफ से पच्छाद ब्लॉक में वीएलई के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीडीओ पच्छाद कार्यालय के सभागार में किया गया। इस अवसर पर सीएससी सेंटर में उपलब्ध विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इंश्योरेंस सेक्टर से हिमाचल के प्रबंधक सौरभ ठाकुर व उनकी टीम ने सीएससी द्वारा इंश्योरेंस के सेक्टर में चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे लाइफ इंश्योरेंस, जनरल इंश्योरेंस, पशु बीमा, फसल बीमा, पशु बीमा आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके साथ लकी पूरी ने एनपीएस और माइक्रो एटीएम के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं, आशीष सिंह राणा ने लोन बाजार व एक्सिस, एचडीएफसी बैंक द्वारा सीएससी सेंटर के द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यशाला में पूरे पच्छाद से 30 के लगभग वीएलई मौजूद थे।

## राजस्व संबंधी लंबित मामलों का जल्द करें निपटारा

अनंत ज्ञान, नाहन



सिरमौर के राजस्व अधिकारियों की त्रैमासिक बैठक के आयोजन पर मौजूद अधिकारी।

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में डीसी कार्यालय के सभागार में सिरमौर के राजस्व अधिकारियों की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 1 जुलाई से 30 सितंबर तक के राजस्व प्रकरणों के कार्यों की समीक्षा की गई।

इस तिमाही में तकसीम के 271 मामले, निशानदेही के 804 मामले, इंतकाल के 4075 मामले तथा नाजायज कब्जा के 7 मामलों तथा राजस्व प्रविष्टियों में संशोधन के 175 मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी एवं कानूनगों को राजस्व कार्यों में और अधिक तेजी लाने व लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए। डीसी ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि सरकार की प्राथमिकता है कि राजस्व संबंधी लंबित मामलों का निपटारा जल्द किया जाए इसलिए प्राथमिकता के आधार पर इन लंबित मामलों का निपटारा किया जाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी एसडीएम को हर माह अपने-अपने क्षेत्रों में किए जाने वाले राजस्व कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में भूमि विभाजन, सीमांकन की प्रगति, इंतकाल, अवैध कब्जा, एसडीएम के पास पड़े लंबित मामले व राजस्व अपील, वारंट बेदखली व दखल, तहसीलदार वसूली के कार्यों की समीक्षा, विभागीय जांच, एसडीएम द्वारा पटवार खानों व कानूनगो कार्यालयों का निरीक्षण, पटवार खाना एवं कानूनगो भवनों का निर्माण व मरम्मत की प्रगति व उपयोगिता व पूर्णता प्रमाण पत्र, पंजीकरण एक्ट 47 ए के मामले व सीएसपी/पीएसी के पैरा की प्रगति रिपोर्ट एवं नवीनतम में वस्तु स्थिति, मकानहीन व्यक्ति/ परिवारों के आवेदनों व भूमिहीन पात्र व्यक्तियों को 2/3 बिस्वा भूमि आबंटन के मामलों की प्रगत रिपोर्ट व उनकी नवीनतम स्थिति, दाखला जमाबंदी, घुमंतू गुज्जरों के प्रकरणों की नवीनतम स्थिति, तहसील व उपतहसील भवन का निर्माण आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## दिव्यांग बच्चों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन मिलना आवश्यक : अजय यादव

अनंत ज्ञान, सोलन



अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। अजय यादव अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजन स्वयं सहायता समूहों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर प्रदेश से आए विशेष बच्चे, अभिभावक एवं विशेष अध्यापक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण विकास विभाग के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम समानता, समावेशिता और विकास विषय पर आयोजित किया गया। अजय यादव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को प्रोत्साहित कर समाज की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सभी वर्गों का सहयोग अपेक्षित है। दिव्यांगजन विशेष रूप से प्रतिभावान होते हैं और यदि समय पर सही मार्गदर्शन मिले, तो ये बच्चे बड़ी से बड़ी बाधा को पार कर सकते हैं।

## 13 करोड़ का नुकसान, भरपाई के लिए मिला सिर्फ 1.25 करोड़

अनंत ज्ञान, बीबीएन

औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन के तहत बद्दी-नालागढ़ डिवीजन में इस बार की बरसात से जलशक्ति विभाग को हुए 13 करोड़ के नुकसान के ऐवज में मात्र 1.25 की राशि मिली है, जो कि न बराबर है। हालांकि विभाग का कहना है कि चरणबद्ध तरीके से यह नुकसान की यह राशि मिली है, जबकि शेष राशि बाद में आएगी।

इस बार कम ही बरसात हुई है बावजूद इसके नुकसान का आंकड़ा 13 करोड़ तक पहुंच गया है। इसके एवज में जो भरपाई की राशि मिली है, वह बहुत ही कम है। नालागढ़ डिवीजन के तहत बरसात से विभाग के तहत आने वाली 64 पेयजल और 25 सिंचाई योजनाओं को क्षति पहुंची है। शहर के लिए स्थापित सीवरेज प्रणाली की एक स्कीम व एक अर्बन को नुकसान हुआ है। आईपीएच विभाग के अधीन आने वाली पेयजल व सिंचाई योजनाओं के पंप हाउस, स्लैब, रिटेनिंग वाल, बावंडरी वॉल, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन, राइजिंग मेन, पंप वेल सहित सिल्ट आने से नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार इस बार की बारिशों से बीबीएन की पेयजल व सिंचाई योजनाओं को नुकसान हुआ है और नुकसान का आंकड़ा 13 करोड़ तक पहुंच गया है और इसके बदले में मात्र 1.25 करोड़ की राशि मिली है, जो नाकाफी है।

आईपीएच बद्दी डिवीजन के तहत करीब 171 पेयजल योजनाओं व 68 सिंचाई योजनाओं के द्वारा लोगों को पेयजल एवं सिंचाई के पानी की आपूर्ति मुहैया करवा रहा है और इन्हीं योजनाओं में से कई योजनाओं को क्षति पहुंची है। आईपीएच नालागढ़ डिवीजन के तहत 121 पेयजल योजनाओं व 149 सिंचाई योजनाओं के द्वारा लोगों को पेयजल एवं सिंचाई के पानी की आपूर्ति मुहैया करवा रहा है और इन्हीं योजनाओं में से कई योजनाओं को नुकसान हुआ है। रामशहर सब डिवीजन में 35 योजनाएं पेयजल आपूर्ति करती हैं। योजनाओं में से पेयजल और सिंचाई की योजनाओं को क्षति पहुंची है।

**आईपीएच** नालागढ़ डिवीजन के एक्सईएन नीरज गुप्ता ने कहा कि इस बार की बरसात से विभाग को करीब 8 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और दो चरण में विभाग को 65 लाख की राशि मिल गई है और शेष राशि जल्द मिल जाएगी।

**आईपीएच** बद्दी डिवीजन के एक्सईएन दिनेश भारद्वाज ने कहा कि मानसून सीजन में 5 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और तीन चरण में विभाग को 60 लाख की राशि मिल गई है और शेष राशि जल्द मिल जाएगी।

## बिजली मीटर की केवाईसी 20 तक करवाएं उपभोक्ता

**राजगढ़।** राजगढ़ बिजली उपमंडल में बिजली मीटर के खाता संख्या को आधार कार्ड (केवाईसी) से जोड़ने की प्रक्रिया आरंभ हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि 20 दिसंबर निर्धारित की गई है। केवाईसी न करवाने जाने की स्थिति में उपभोक्ता को जनवरी माह के दौरान बिजली खपत पर मिलने वाली सब्सिडी नहीं मिलेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल राजगढ़ अंकित वर्मा ने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वह अपने बिजली मीटर की केवाईसी अनिवार्य रूप से तय सीमा के भीतर करवाएं। केवाईसी करवाने के लिए आधार कार्ड के अतिरिक्त राशन कार्ड और पुराना बिजली बिल साथ लाना जरूरी होगा। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता को अपना मोबाईल सेट साथ में रखना होगा, जिसका नंबर आधार लिंक होना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिन उपभोक्ताओं ने बिजली के बिल जमा नहीं करवाएं हैं वह भी समय पर बिजली बिल जमा करवा दें।

## सोलन में शीत ऋतु की तैयारियों के दृष्टिगत बैठक आयोजित
## विभागीय स्तर पर नोडल अधिकारी की नियुक्ति करें

अनंत ज्ञान, सोलन



अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि शीत ऋतु के दृष्टिगत विभिन्न तैयारियां पूर्ण रखें और आवश्यक सूचनाएं आमजन तक समय पर पहुंचाएं। अजय यादव शीत ऋतु की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने शिमला से ऑनलाइन इन तैयारियों की जानकारी के लिए सभी से फीडबैक प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आपदा की जानकारी देने एवं प्रबंधन के लिए किसी भी समय टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शीत ऋतु की तैयारियों एवं किसी भी संभावित आपदा से निपटने के लिए विभागीय स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करें। उन्होंने अग्निशमन विभाग को निर्देश दिए कि जिले के अस्पतालों, महत्वपूर्ण भवनों व स्कूलों आदि का फायर सेफ्टी ऑडिट करवाएं, ताकि सभी तैयारियां उचित स्तर पर सुनिश्चित बनाई जा सकें। अजय यादव ने कहा कि सोलन के कुछ क्षेत्रों में शीत ऋतु में बर्फबारी होती है और इन क्षेत्रों में सभी ऐहतियाती उपाय सुनिश्चित बनाए जाएं। चायल क्षेत्र में बर्फबारी के दृष्टिगत खाद्यान, तेल और अन्य खाद्य वस्तुओं के साथ-साथ रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जाए। उन्होंने नगर निगम सोलन तथा नगर परिषद बद्दी को निर्देश दिए कि अपने अधिकार क्षेत्र में रेन बसेरा क्रियाशील रखें, ताकि आवश्यकतानुसार जरूरतमंद व्यक्तियों को वहां स्थान दिया जा सके।

## मादक पदार्थों की लत व दुष्प्रभावों की दी जानकारी



**दाड़लाघाट।** द हंस फाउंडेशन अर्की की स्वास्थ्य इकाई द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरल में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों और अध्यापकों को मादक पदार्थों की लत और दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर श्वेता गुलेरिया ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों की लत कैसे व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। मादक पदार्थों की लत के कारण व्यक्ति के आर्थिक और सामाजिक जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर 18 किशोरियों को सेनेटरी किट भी आवंटित किए। मुख्याध्यापक राकेश शर्मा ने हंस फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की और आभार प्रकट किया।







**मूल्य** मौसमी सब्जी का सीजन समाप्त होने को, प्याज न्यूनतम 38 और अधिकतम 40 रुपए प्रति किलो की दर से बिका

# सब्जियों के मूल्य में गिरावट, टमाटर औसतन 38 रुपए प्रति किलो

अनंत ज्ञान, सोलन

सब्जी मंडी सोलन में सब्जियों के थोक मूल्य लगातार नीचे की ओर गिर रहे हैं। मौसमी सब्जी का सीजन समाप्त होने को है। ऐसे में सब्जियों के दाम इस वर्ष की अपनी ऊंचाई छूने के बाद वापस लौटने लगे हैं। सोलन की सब्जी मंडी में टमाटर औसतन 38 रुपए प्रति किलो की दर से बिका।

शिमला मिर्च भी 38 रुपए प्रति किलो के औसतन दर से और फ्रेंचबीन 20 रुपए प्रति किलो की औसतन दर से बिकी। सोलन के कृषि उपज मंडी समिति के सचिव रविंद्र शर्मा ने बताया कि सब्जी मंडी सोलन में टमाटर अधिकतम 42 और न्यूनतम 25 रुपए प्रति किलो की थोक दर से बिका, जबकि टमाटर को औसतन 38 रुपए प्रति किलो का थोक भाव मिला। शिमला मिर्च न्यूनतम 35 और अधिकतम 40 रुपए प्रति किलो की थोक दर से बिका। औसतन देखा जाए तो सोलन की सब्जी मंडी में शिमला मिर्च 38 रुपए प्रति किलो की दर से बिकी। फ्रेंचबीन न्यूनतम 18 और अधिकतम बीस रुपए प्रति किलो की दर से बिकी। गाजर अधिकतम 30 और न्यूनतम 26 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। औसतन गाजर 28 रुपए प्रति किलो की दर से बिकी। बंद गोभी 20 रुपए प्रति की न्यूनतम और 22 रुपए प्रति किलो की अधिकतम दर से बिकी। फूल गोभी न्यूनतम 45 से और अधिकतम 50 रुपए प्रति किलो का भाव मिला। हरा धनिया न्यूनतम 25 और अधिकतम 30 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। सब्जियों का राजा आलू न्यूनतम 15 और अधिकतम तीस रुपए प्रति किलो की थोक दर से बिका।



### फलों के भाव

**चीकू** सोलन की सब्जी मंडी में न्यूनतम 60 व अधिकतम 70 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। सेब न्यूनतम 50 और अधिकतम 95 रुपए प्रति किलो, पपीते को न्यूनतम 35 और अधिकतम 40 रुपए प्रति किलो का भाव मिला। केला न्यूनतम 17 और अधिकतम 31 रुपए प्रति किलो की दर से बिका।

## 10 लाख रुपए देने के लिए जताया आभार

**सराहां।** स्थानीय जनता की मांग पर पच्छाद क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मड़ीघाट के कार्य पूर्ण करने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से हाल ही में 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने बताया कि भवन निर्माण के लिए कुल 70 लाख की राशि स्वीकृत हुई थी। एसएमसी अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, नरवीर ठाकुर, मोती ठाकुर, राहुल वर्मा, विक्की, संजू, विनोद, प्रेमपाल, विद्यालय प्रबंधन समिति और स्थानीय निवासियों ने राशि स्वीकृत करने के लिए सीएम व शिक्षा मंत्री का आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### नवदीप विशेष शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**चंडीगढ़।** ओम साइंटिफिक एस्ट्रोलॉजी एंड वास्तु रिसर्च सेंटर के संस्थापक गुरप्रीत बख्शी और अंग्रेज बख्शी ने पहला महाज्योतिष सम्मेलन और पुरस्कार सेमिनार आयोजित किया। इस सेमिनार का उद्देश्य ज्योतिष, वास्तु शास्त्र और मानव जीवन पर इनके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। सेमिनार में देश भर 200 से ज्यादा ज्योतिषगणों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में गुरुदेव जीडी वशिष्ठ, अनिल वत्स, अक्षय शर्मा, ब्रिज मोहन शेखारी, रोहित पंत, राज कुमार द्विवेदी और बहुत से प्रवक्ताओ ने अपने ज्ञान से सब को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं इस दौरान आयोजकों द्वारा ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए विख्यात हस्तरेखा और फेस रीडर आचार्य नवदीप मदान को विशेष शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ज्योतिष को घर-घर में पहुंचाना और ज्योतिष के प्रति फैल रही भ्रांतियों को दूर करना भी था और साथ ही ज्योतिष क्षेत्र में अपना अमूल्य योगदान देने वाले जोशिताचार्य का सम्मान करना भी था। ओम साइंटिफिक एस्ट्रोलॉजी एंड वास्तु रिसर्च सेंटर के इस ऐतिहासिक सेमिनार ने यह साबित कर दिया कि इन पारंपरिक शास्त्रों का आधुनिक विज्ञान और अनुसंधान से गहरा संबंध है, जो जीवन को और अधिक सकारात्मक दिशा में मजबूत करता है।

### सीनियर सिटीजन ने मनाया 5वां स्थापना दिवस



**चंडीगढ़।** सामुदायिक केंद्र सेक्टर-40 में सुप्रीम सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ने अपना पांचवां स्थापना दिवस मनाया, एसोसिएशन के 360 सदस्य चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों से सम्मिलित हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरला रानी द्वारा भजन एवं प्रार्थना से किया गया। तत्पश्चात दिवंगत सदस्य को श्रद्धांजलि देने के पश्चात, एसोसिएशन के 64 सदस्यों का जन्मदिन केक काटकर व उपहार देकर मनाया। इस अवसर पर गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर -39 की अध्यापिका को एसोसिएशन के प्रधान वीएन शर्मा ने शॉल तथा आर्टिस्ट एमके तुली की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इनके अलावा 46 सदस्य जिन्होंने गत वर्ष उच्चतम श्रेणी के कलाकारी का प्रदर्शन किया था, एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान दिया गया। इस अवसर पर जेके बेदी, वीना शर्मा, सुमेश, जीके मेहता तथा अन्य सदस्यों ने मनमोहक पंजाबी तथा हिंदी गाने प्रस्तुत किए। एसोसिएशन के प्रधान ने संस्था द्वारा की गई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन दीदार सिंह जनरल सेक्रेटरी ने किया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ महिला नागरिकों ने गिद्दा प्रस्तुत कर किया।

### पाक से लाई गई हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेने के बाद उनके कब्जे से चार किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। हेरोइन की यह खेप कथित तौर पर पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए तस्करी कर लाई गई थी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चार किलोग्राम हेरोइन के अलावा नौ एमएम की एक पिस्तौल भी बरामद की। हेरोइन की यह खेप कथित तौर पर पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए तस्करी कर लाई गई थी।

### कोर्ट ने बेघरों के लिए आश्रय गृहों की जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) से आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की स्थिति में राष्ट्रीय राजधानी में बेघर व्यक्तियों के लिए उपलब्ध आश्रय गृहों के बारे में जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन ने कहा कि हम चिंतित हैं। बहुत जल्द ठंड बढ़ने वाली है। डीयूएसआईबी से आश्रय गृहों में कितने लोगों को रखा जा सकता है, इसकी संख्या तथा ऐसी सुविधाओं की आवश्यकता वाले लोगों की अनुमानित संख्या बताने को कहा।

### जामा मस्जिद शम्सी मामले में सुनवाई 10 तक टली

**इलाहाबाद।** यूपी के बदायूं में नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद शम्सी मामले में की सुनवाई 10 दिसंबर तक टल गई। 2022 में अखिल भारतीय महासभा ने बदायूं की जामा मस्जिद को नीलकंठ महादेव मंदिर बताते हुए कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी, जिस पर आज मुस्लिम पक्ष की सुनवाई के बाद यह तय होना था

### भारत में ऊर्जा खपत पांच प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** भारत में ऊर्जा खपत नवंबर 2024 में 5.14 प्रतिशत बढ़कर 125.44 अरब यूनिट्स (बीयू) रही। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 119.30 बीयू था। आंकड़ों के अनुसार, बिजली की मांग में वृद्धि अर्थव्यवस्था में होने वाली वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधि के उच्च स्तर को दर्शाती है। आईसीआरए की एक रिपोर्ट में कहा है कि शुरुआती महीनों में वृद्धि में नरमी देखी गई थी, लेकिन पूरे साल की मांग में वृद्धि दर 5.5 से 6 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। मांग में गिरावट की वजह उच्च आधार और मानसून बारिश का प्रतिकूल प्रभाव को माना जा रहा है।

### चीन ने किया वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन स्थापित

**बीजिंग।** चीन ने अंटार्कटिका में अपना पहला वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन स्थापित किया है। चीन इस बर्फीले और संसाधन-संपन्न दक्षिणी महाद्वीप में इस अनुसंधान स्टेशन का निर्माण कर वहां अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है। पूर्वी अंटार्कटिका के 'लार्समैन हिल्स' में स्थित झोंगशान नेशनल ऐटमॉसफेरिक बैकग्राउंउ एडमिनिस्ट्रेश (सीएमए) में रविवार से कामकाज शुरू हो गया है।

### इंफाल में तीन लोग गिरफ्तार, हथियार जब्त

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से हथियार एवं गोला-बारूद जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से एक 'घातक' राइफल, एक मैगजीन और पांच गोलियां, मैगजीन के साथ 32 पिस्तौल, तीन मोबाइल फोन और चार पहिया एक वाहन जब्त किए हैं।

# हरियाणा में एमएसपी पर हो रही फसल की खरीद, किसानों को करें जागरूक : सैनी

## किसानों तक किसान सम्मान निधि योजना के तहत पैसा पहुंचाया जा रहा

**एजेंसी, चंडीगढ़**



किसानों के मार्च को लेकर हरियाणा सरकार ने रिव्यू मीटिंग की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीद रही है। पंजाब हरियाणा की सीमा पर शंभू बॉर्डर पर एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्ज मुक्ति समेत 12 मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान छह दिसंबर को दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू करेंगे। किसान पैदल ही हरियाणा से होते हुए दिल्ली जाएंगे।

किसानों के मार्च को लेकर मंगलवार को हरियाणा सरकार ने रिव्यू मीटिंग की। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों की फसलें एमएसपी पर खरीद रही है। सीएम सैनी ने कहा कि हम पहले हरियाणा में 100 प्रतिशत फसल की खरीद एमएसपी पर करने का एलान किया है और हम फसलों को एमएसपी पर ही खरीद रहे हैं। पिछले 10 सालों से मोदी सरकार ने एमएसपी बढ़ाई है। सरकार किसानों को खराब हुई फसलों का मुआवजा भी दे रही है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने एक झूठ फैलाया था कि सरकार एमएसपी पर फसलों की खरीद बंद कर देगी। बावजूद इसके केंद्र सरकार ने बीते 10 वर्षों से एमएसपी को बढ़ाया है। किसानों तक किसान सम्मान निधि योजना के तहत पैसा पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को उनकी खराब फसलों का मुआवजा भी मिल रहा है। वहीं, कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में क्या किया, इस पर चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में किसानों को फसल का कितना मुआवजा दिया इसका भी आकलन होना चाहिए। सीएम सैनी ने कहा कि मैं किसान भाईयों से आग्रह करना चाहता हूं कि वे फसलों पर कीटनाशकों का ज्यादा प्रयोग न करें। किसानों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खेती में कीटनाशकों का कम इस्तेमाल करें। पंजाब में कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि फसल में खाद और पेस्टिसाइड का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। पेस्टिसाइड से हमें भी नुकसान है और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि मैं सभी संगठनों से अनुरोध करता हूं कि किसानों को इसके बारे में जागरूक करना हमारी जिम्मेदारी है। पीएम ने जैविक खेती की बात कही है। उन्होंने आर्गेनिक खेती के लिए अलग बजट का प्रावधान किया है। अगर प्राकृतिक खेती होगी, तो किसानों को फसल का भाव भी ज्यादा मिलेगा क्योंकि लोग बिना खाद और पेस्टिसाइड प्रयोग हुए फसल को खरीदते हैं।

## किसान कृषि में शामिल भारतीय मानकों का करें पालन : नाइक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) परवाणू शाखा कार्यालय ने 3 दिसंबर को होटल हॉलिडे होम, शिमला में हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग के लिए एक संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के सरकारी अधिकारियों, किसानों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सी पॉलरासु, आईएएस व सचिव, कृषि और बागवानी, हिमाचल प्रदेश कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक, डॉ. सुरेश शर्मा और उपनिदेशक, डॉ. समीर शर्मा भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत बीआईएस परवाणू शाखा कार्यालय के प्रमुख एससी नाइक के स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके बाद कार्यक्रम का उद्देश्य श्रीमती स्नेहा लता, उप महानिदेशक, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, बीआईएस द्वारा किया गया। नाइक ने बताया कि कृषि क्षेत्र में भारतीय मानक कृषि उपज के टिकाऊ और प्रभावी उत्पादन के लिए कैसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी किसानों को कृषि में शामिल विभिन्न गतिविधियों के लिए भारतीय मानकों का पालन करना चाहिए। उप महानिदेशक, बीआईएस, श्रीमती स्नेहा लता ने कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण भारतीय मानकों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया।

शिव प्रकाश, संयुक्त निदेशक, बीआईएस परवाणू शाखा कार्यालय, ने बीआईएस गतिविधियों का अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें मानकीकरण, उत्पाद प्रमाणन, परीक्षण और बीआईएस द्वारा आयोजित प्रशिक्षण गतिविधियों जैसे विषयों को शामिल किया। उन्होंने बीआईएस प्रमाणित उत्पादों की प्रामाणिकता की जांच के लिए बीआईएस केयर ऐप के उपयोग का भी प्रदर्शन किया।

## भाजपा के कुप्रबंधन से धन की कमी से जूझ रहा नगर निगम चंडीगढ़

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लकी ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की आलोचना की कि उन्होंने चंडीगढ़ के निवासियों की समस्याओं का जायजा नहीं लिया और अपने हालिया दौरे में उन्हें हल करने के लिए कोई घोषणा नहीं की।



दोनों के कई दौरों के बावजूद चंडीगढ़ निवासियों के हाथ खाली हैं। पिछले 8 वर्षों से चंडीगढ़ में भाजपा शासन के कुप्रबंधन के कारण नगर निगम चंडीगढ़ भी धन की कमी से जूझ रहा है। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने इस ओर आंखें मूंद ली हैं और चंडीगढ़ का विकास इसी वजह से प्रभावित हो रहा है। लकी ने मांग की कि प्रधानमंत्री को शहर के निवासियों को राहत देने के लिए कुछ घोषणा करनी चाहिए, क्योंकि लाल डोरा का विस्तार और गांवों के लिए भूमि पूलिंग योजना, कॉलोनियों में आवास इकाइयों के निवासियों को मालिकाना हक, लगभग 62 हजार हाउसिंग बोर्ड फ्लैटों में जरूरत के मुताबिक बदलाव की अनुमति, औद्योगिक और अन्य संपत्तियों में लीजहोल्ड को फ्रीहोल्ड में बदलना जैसे कई ज्वलंत मुद्दे हैं। इसके अलावा कर्मचारियों के लिए आवास योजना, बिजली विभाग के निजीकरण को खत्म करना, भवन उपनियमों में बदलाव करके उन्हें और अधिक लोगों के अनुकूल बनाना आदि कई मुद्दे लंबे समय से लटके हुए हैं और इन पर भी तुरंत ध्यान देने जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

## मुठभेड़ में गो तस्कर के पांव में लगी गोली, गिरफ्तार

**उत्तराखंड।** उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक संदिग्ध गो तस्कर घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने बताया कि किच्छा के कुरैशी मोहल्ले में गो मांस के साथ एक संदिग्ध गो तस्कर के आने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल को चैकिंग के लिए रोका, तो वह रोकने की बजाय वह तेजी से भागने लगा तथा पुलिस को पीछा करते देख उसने मोटरसाइकिल सड़क किनारे छोड़ दी एवं भागते हुए पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाईं। मिश्रा ने बताया कि जवाबी फायरिंग में संदिग्ध गो तस्कर के पांव में गोली लग गई, जिसके बाद उसे पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया और उपचार के लिए अस्पताल ले गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि संदिग्ध गो तस्कर की पहचान कुरैशी मोहल्ले के रहने वाले तसलीम (48) के रूप में हुई है।

## जिस दिन तुम बाहर कदम रखोगे वहीं से शुरू होगा थियेटर : कांट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

एशिया राष्ट्रीय थिएटर महोत्सव में 30 दिनों के थियेटर कार्यक्रम में उमेश कांट ने अपने रंगमंच यात्रा के बारे में साझा किया।



उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने प्रसिद्ध रंगमंच के अभिनेता, निर्देशक और लेखकों के साथ काम किया। वर्ष 1972-73 में वे चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के भारतीय थिएटर विभाग का हिस्सा बने। उनके परिवार ने उन्हें वकील बनाना चाहा, लेकिन उनका सपना अभिनेता बनना था। फिर वे दिल्ली गए, जहां उनकी मुलाकात प्रसिद्ध रंगमंच शख्सियत बीएन शाह से हुई, जिन्होंने उनके निर्देशन की यात्रा शुरू की। विदाई के दिन बलवंत गर्गी ने उमेश कांट और उनके साथियों से कहा था कि जिस दिन तुम बाहर कदम रखोगे, थिएटर वहीं से शुरू होगा। दिल्ली में रंगमंच करते हुए उमेश कांट हर दिन 16 किलोमीटर पैदल चलते थे। वे इसे संघर्ष नहीं, बल्कि अपना अनुभव मानते हैं। आज के रंगमंच के छात्रों को वे सलाह देते हैं कि धैर्य और सब्र होना जरूरी है, तभी सफलता दूर नहीं रहती। दिल्ली से लौटकर उन्होंने अपना थिएटर लैब और ग्रुप शुरू किया। एचएस भट्टी के योगदान को रंगमंच में अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हुए, उन्होंने बताया कि भट्टी ने कला भवन की स्थापना की और रंगमंच को बढ़ावा देने में मदद की। कांट ने दर्शकों से अपने अनुभव साझा करते हुए सरकार द्वारा रिपर्टरी सिस्टम को समाप्त करने का जिक्र किया, जिससे कई प्रतिभाशाली कलाकारों को उनका काम छोड़ना पड़ा। उस समय एचएस भट्टी ने उनकी जिंदगी में बदलाव लाया। उन्होंने छात्रों को किरदार को विकसित करने के तरीके पर भी सलाह दी कि यह सब दिमाग का खेल है। पहले अपने दिमाग को नियंत्रण में रखें और खुद को आंके, तो आप किरदार और अपने आप में फर्क समझने लगेंगे।

## देश-विदेश

## गृहमंत्री दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभाल सकते, तो दें इस्तीफा : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने भाजपा व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि यदि वह (शाह) राष्ट्रीय राजधानी में 'अराजक' कानून-व्यवस्था की स्थिति को नहीं संभाल सकते तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।



उन्होंने आरोप लगाया कि हर तरफ अराजकता का माहौल है और बढ़ते अपराधों के कारण लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। पीतमपुरा झुग्गी बस्ती में घर के बाहर चाकू घोंपकर युवक हत्या की गई है। केजरीवाल ने परिजनों से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इस इलाके में दो युवकों पर सात से आठ स्थानीय लड़कों ने हमला किया। मनीष को कई बार चाकू घोंपा गया और मुझे बताया गया कि उसकी मौत इसलिए हुई क्योंकि उसे समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका। दूसरे पीड़ित हिमांशु को बचा लिया गया। पुलिस ने गवाह के तौर पर उसका बयान दर्ज नहीं किया है। यदि अमित शाह दिल्ली में कानून व्यवस्था संभालने में असमर्थ हैं और उन्हें बस देशभर की राजनीतिक यात्राएं करने से ही मतलब है तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस पीड़ितों को धमकी दे रही है एवं आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## भोपाल गैस त्रासदी : पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सड़कों पर उतरे लोग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 40 साल पहले हुई यूनियन कार्बाइड गैस त्रासदी की याद मंगलवार को फिर से ताजा हो गई। इस हादसे का शिकार बने लोगों की याद में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और उन्होंने न्याय की गुहार लगाई। राजधानी भोपाल में यूनियन कार्बाइड संयंत्र से दो-तीन दिसंबर 1984 की रात को जहरीली गैस का रिसाव हुआ था। इस हादसे में हजारों लोगों की मौत हुई थी और लाखों लोग इससे प्रभावित हुए थे। अभी भी हजारों लोगों के अलावा जन्म लेने वाले कई बच्चे इस जहरीली गैस के दुष्प्रभाव से प्रभावित हैं। अपने हक की लड़ाई लड़ने वाले थके नहीं हैं और संघर्ष को जारी रखने में पीछे भी नहीं हैं।

## इसराइल का लेबनान पर हमला, 11 लोगों की मौत

**एजेंसी, यरुशलम**



**चरमपंथी** संगठन हिज्बुल्लाह ने संघर्ष विराम के बावजूद इसराइल के कब्जे वाले क्षेत्र में प्रक्षेपास्त्र दागे, जिसके जवाब में यरुशलम ने लेबनान पर कई हवाई हमले किए। इन हमलों में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। पिछले बुधवार को 60 दिन का संघर्ष विराम समझौता लागू होने के बाद हिज्बुल्लाह ने इसराइली सेना को पहली बार निशाना बनाते हुए प्रक्षेपास्त्र दागे।

इस संघर्ष विराम का उद्देश्य हिज्बुल्लाह और इसराइल के बीच एक साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करना था। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी गांव हारिस पर इसाइल के हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए, जबकि तलौसा गांव पर किए गए एक और हवाई हमले में चार लोगों की जान चली गई और दो घायल हो गए। हिज्बुल्लाह की ओर से इसराइल के कब्जे में वाले क्षेत्र 'माउंट डोव' की ओर दो प्रक्षेपास्त्र दागे जाने की घटना के जवाब में इसाइली सेना ने सोमवार देर रात हवाई हमले किए।

## धनशोधन मामला : कर्नाटक के डिप्टी सीएम की याचिका पर जनवरी में सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से एक धन शोधन मामले की जांच के खिलाफ कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की याचिका पर सुनवाई के लिए 23 जनवरी की तारीख तय की है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने यह कहते हुए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी कि उसके लिए मंगलवार को सुनवाई शुरू करना संभव नहीं था। पीठ ने कहा कि पक्षों की ओर से पेश वकीलों का कहना है कि मामले में कुछ समय लगेगा। आंशिक सुनवाई वाले मामले पहले से ही अदालत में सूचीबद्ध होने के कारण सुनवाई शुरू करना संभव नहीं होगा। इसे 23 जनवरी को सूचीबद्ध करें।

## केरल में सड़क हादसे में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत

**अलाप्पुझा।** केरल के अलाप्पुझा में सोमवार देर रात को भयानक सड़क हादसे में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत हो गई। ये छात्र जिस कार में सफर कर रहे थे, उसकी केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बस से टक्कर हो गई। छात्रों को कार तोड़कर बाहर निकाला गया। पुलिस के अनुसार, मृतक एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के छात्र थे। कार में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आईं।

## राजस्थान में बेटों की हत्या के बाद दंपती ने किया सुसाइड

**एजेंसी, जयपुर**

**राजस्थान** के झालावाड़ जिले के गंगधार थाना क्षेत्र के जैताखेड़ी गांव में मंगलवार को दो बच्चों की हत्या कर पति-पत्नी के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।

झालावाड़ के जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर पुलिस ने बताया कि एक परिवार में दो नाबालिग बच्चों की हत्या करने के बाद पति-पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दंपती ने आत्महत्या से पहले अपने बेटों की हत्या कर दी। इसके बाद खुद ही कमरे में एक फंदे पर लटक गए।

मौके पर पहुंची पुलिस को कमरे के एक कमरे के अंदर 7 साल के बेटे और दंपति का फंदे पर लटका शव मिला।


## छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के मामले में दोषी की मौत की सजा पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड की राजधानी रांची में 19 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए 30 वर्षीय व्यक्ति की मौत की सजा पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने निचली अदालत और उच्च न्यायालय के रिकॉर्ड की अनुवादित प्रति मांगी है। पीठ ने कह कि मृत्युदंड की तामील पर रोक रहेगी। रजिस्ट्री ऑनलाइन प्रति के अलावा निचली अदालत और उच्च न्यायालय से रिकॉर्ड की प्रति हासिल करें। झारखंड उच्च न्यायालय ने बिहार के नवादा जिले के रहने वाले राहुल कुमार उर्फ राहुल राज को निचली अदालत द्वारा दी गई मौत की सजा की पुष्टि की थी।

## ट्रंप की हमास को चेतावनी, शपथ ग्रहण से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया तो अंजाम होगा बुरा

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि जनवरी में उनके शपथ ग्रहण से पहले बंधकों को रिहा कर दिया जाए। ऐसा नहीं होता है तो मध्य पूर्व में उन लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।



ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि 20 जनवरी, 2025 को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करूंगा, उससे पहले अगर बंधकों को रिहा नहीं किया जाता है तो मध्य पूर्व में इन अत्याचारों को अंजाम देने वालों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। 7 अक्तूबर 2023 को फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने इसराइल में बड़ा हमला किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे, जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इसके बाद यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। इसराइली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है।

## निर्यात नियंत्रण पहल का किया विस्तार, चीन की कंपनियों पर कसी लगाम

**बैंकॉक।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्रालय ने अपनी निर्यात नियंत्रण पहल का विस्तार करते हुए चीन की और कंपनियों पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है। इसमें कंप्यूटर चिप, चिप बनाने के उपकरण और सॉफ्टवेयर बनाने वाले उपकरण बनाने वाली कई कंपनियां शामिल हैं। इस तथाकथित 'इकाई सूची' में शामिल की गई 140 कंपनियों में से करीब सभी चीन में स्थित हैं। हालांकि जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर में चीनी स्वामित्व वाली कुछ कंपनियों को भी इसमें शामिल किया है। इन कंपनियों के 'इकाई सूची' में शामिल होने से व्यापार करने की कोशिश करने वाली किसी भी अमेरिकी कंपनी को निर्यात लाइसेंस देने से इनकार कर दिया जाएगा।

## ट्रंप ने स्टीफंस को ब्रिटेन में अपना राजदूत नामित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति निवेश बैंकर वारेन स्टीफंस को ब्रिटेन में अपना राजदूत नामित किया है।



स्टीफंस रिपब्लिकन पार्टी को चंदा देने वाले कारोबारियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने टंप समर्थित 'सुपर पीएसी (राजनीतिक कार्य समिति)' को 20 लाख डॉलर का चंदा दिया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' के जरिए घोषणा की कि वह स्टीफंस को ब्रिटेन में अमेरिकी राजदूत के रूप में चुन रहे हैं।

## सेंसेक्स 597 अंक की तेजी के साथ 80,845 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**




**सेंसेक्स** सोमवार को 597 अंक की तेजी के साथ 80,845 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 181 अंक की तेजी रही, यह 24,457 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी और 5 में गिरावट रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी और 9 में गिरावट रही। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में एफएमसीजी और फार्मा को छोड़कर सभी सेक्टर तेजी के साथ बंद हुए। अडानी पोर्ट निफ्टी का टॉप गेनर रहा। वहीं, भारती एयरटेल टॉप लूजर रहा। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, लार्सन एंड टुब्रो और एक्सिस बैंक ने बाजार को ऊपर चढ़ाया, जबकि,भारती एयरटेल, आईटीसी और सन फार्मा ने सेंसेक्स के गिरने वाले शेयरों में शामिल रहे।

## मणिपुर में आर्मी कैंप से लापता शख्स को ढूंढ रहे 2000 जवान

**इंफाल।** मणिपुर के लीमाखोंग कैंप से 25 नवंबर को लापता हुए 56 साल के लैशराम को सेना और पुलिस के 2000 जवान मिलकर खोज रहे हैं। मणिपुर पुलिस ने बताया कि लैशराम का पता लगाने के लिए मणिपुर पुलिस हेलिकॉप्टरों, ड्रोन और सेना के ट्रैकर कुत्तों की मदद ले रही है।

इसके लिए टेक्नोलॉजी का सहारा भी लिया जा रहा है। लैशराम कमलबाबू के लापता होने पर सेकमाई पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद 30 नवंबर को सीएम बीरेन सिंह ने कहा था कि लापता शख्स सेना के अधिकारियों के लिए फर्नीचर बनाता था। वह सेना के कैंपस से गायब हुआ था।

## स्पोर्ट्स विंडो

### नेशनल अंडर-14 में बास्केटबॉल खेलेगा मंडी का नरेश कुमार



**मंडी।** राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी के छात्र नरेश कुमार का चयन राष्ट्रीय अंडर-14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। नरेश कुमार 9वीं कक्षा का छात्र है। उसका चयन 16 से 22 दिसंबर तक हैदराबाद में होने जा रही राष्ट्रीय अंडर-14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के 12 खिलाड़ियों के साथ हुआ है। पाठशाला की प्रधानाचार्य जयश्री कपूर ने बताया कि पाठशाला के लिए यह गर्व का विषय है कि उनका एक छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा। चयनित टीम के सभी 12 खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सोलन जिले के डगसांई स्थित सैनिक स्कूल में लगाए जा रहे प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे।

### भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए सुंदरम

**बेंगलुरु।** वेंकट सुंदरम को सर्वसम्मति से भारतीय क्रिकेटर्स एसोसिएशन (आईसीए) का अध्यक्ष चुना गया है। दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर और अनुभवी क्रिकेट प्रशासक सुंदरम दिवंगत, अंशुमान गायकवाड़ का स्थान लेंगे, जिनका जुलाई 2024 में निधन हो गया था, जिसके बाद यह पद खाली हो गया था। भारतीय क्रिकेटरों के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए गठित आईसीए 31 जुलाई को गायकवाड़ के निधन के बाद से अध्यक्ष के बिना था। सुंदरम के चुनाव की पुष्टि 30 नवंबर को हुई थी और अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल 2025 में आईसीए पदाधिकारियों के अगले आम चुनाव तक जारी रहेगा, जो बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी की देखरेख में आयोजित किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए मंडी टीम का ट्रायल 8 को

**सरकाघाट।** राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली वरिष्ठ महिला व पुरुषों की टीमों का चयन पड्डल मैदान मंडी मे 8 दिसंबर को होगा। इन टीमों का चयन चयनकर्ता अशोक शर्मा सचिव मंडी जिला बास्केटबाल संघ, राजू प्रवक्त I शारीरिक शिक्षा टेक्निकल कमीशन, विनय भरबाल, सुबेदार अनंत राम , चंदन कटोच द्वारा किया जाएगा। चयनित टीमें 13 से 15 दिसंबर तक डीएवी कांगड़ा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### टॉड ग्रीनबर्ग क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

**मेलबोर्न।** नेशनल रग्बी लीग के पूर्व प्रमुख टॉड ग्रीनबर्ग अगले साल क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में निक हॉकले की जगह लेंगे।



क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। ग्रीन अभी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। वह अगले साल मार्च में अपना नया पद संभालेंगे। हॉकले ने 2020 में अंतरिम आधार पर यह पद संभाला था। उन्होंने अगस्त में घोषणा की थी कि वह मौजूदा घरेलू सत्र के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। ग्रीनबर्ग पहले क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के साथ काम कर चुके हैं। वह शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में सिडनी के रैंडविक क्रिकेट क्लब की तरफ से खेलते थे।

### पीवी सिंधू 22 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधेंगी

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगी। रविवार को लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में जीत के साथ लंबे समय के खिताब के सूखे को खत्म करने वाली पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू हैदराबाद में रहने वाले वेंकट दत्ता साई से शादी करेंगी जो पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक हैं।



### क्रिकेटः डीएवी हिमाचल की टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**ऊना।** डीएवी हिमाचल प्रदेश अंडर-19 क्रिकेट टीम ने मंगलवार को डीएवी नैशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में लड़कों की स्पर्धा में शानदार आगाज करते हुए केजी क्रिकेट मैदान नोएडा में हुए सुपर नॉकआऊट मुकाबले में डीएवी चंडीगढ़ को दस विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश पाया। डीएवी चंडीगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर 77 रन बनाए। इसमें चंडीगढ़ के बल्लेबाज नवी ने 24, इमरोज ने 22 व कप्तान राघव ने 12 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश के गेंदबाज व कप्तान अनुज कंवर ने 2 विकेट लिए,जबकि शिवांश मांटा, दिव्यांश शर्मा, ओजस्वित सिंह तथा आर्यन ने एक-एक विकेट लिया। जीत के लिए निर्धारित 78 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डीएवी हिमाचल की टीम ने कप्तान अनुज कंवर की धुंआधार बल्लेबाजी की बदौलत मात्र 6.2 ओवरों में ही 81 रन बनाकर दस विकेट से जीत दर्ज की। अनुज कंवर ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 22 गेंदों में 5 छक्कों व 2 चौकों की मदद से नाबाद 45 रन तथा वैभव शर्मा ने नाबाद 24 रन बनाए। अनुज कंवर को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ मैच चुना गया।

# न्यूजीलैंड के तीन डब्ल्यूटीसी अंक कटे

## कीवी टीम तालिका में 5वें स्थान पर खिसकी, भारत शीर्ष पर

**एजेंसी, दुबई**




फाइल फोटो

न्यूजीलैंड की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को झटका लगा जब इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति के लिए उस पर तीन अंक का जुर्माना लगाया गया जिससे टीम अंक तालिका में 5वें स्थान पर खिसक गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार के यह जानकारी दी। न्यूजीलैंड के अंक काटे जाना भारत के लिए अच्छी खबर है जो अभी 61.11 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है।

न्यूजीलैंड के अब 47.92 प्रतिशत अंक हैं और वह इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दो मुकाबलों में जीत के बावजूद अपने अंकों को अधिकतम 55.36 प्रतिशत कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका (59.26 प्रतिशत अंक), ऑस्ट्रेलिया (57.26 प्रतिशत अंक) और श्रीलंका (50 प्रतिशत अंक) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। आईसीसी ने बयान में कहा, ''अगले साल लार्ड्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में नया मोड़ आया है क्योंकि न्यूजीलैंड और इंग्लैंड पर क्राइस्टचर्च में दोनों के बीच सीरीज के पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।''

बयान के अनुसार, ''दोनों टीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और तीन महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता अंक काटे गए हैं जिससे मौजूदा चक्र का अंतिम चरण और रोमांचक हो गया है।''

हेगले ओवल में आठ विकेट की जीत के बावजूद इंग्लैंड पहले ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अंक गंवाना हालांकि न्यूजीलैंड के लिए झटका है जो चौथे से 5वें स्थान पर खिसक गया है। पहली विश्व टेस्ट चैंपियशिप के विजेता न्यूजीलैंड को अगर जून 2025 में होने वाले फाइनल में जगह बनानी है तो इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दोनों टेस्ट जीतने के अलावा कई अन्य नतीजों के भी अपने अनुकूल रहने की उम्मीद करनी होगी।

न्यूजीलैंड और इंग्लैंड दोनों ने खराब हुए समय को ध्यान में रखने के बावजूद निर्धारित समय में तीन ओवर कम फेंके थे और टीम पर प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए एक अंक का जुर्माना लगाया गया।

दोनों टीमों के कप्तानों (न्यूजीलैंड के टॉम लाथम और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स) ने अपराध और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर अहसान रजा और रॉड टकर, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अंपायर किम कॉटन ने आरोप लगाए जबकि मैच रैफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के डेविड ब्रून ने जुर्माना लगाया।

# बुमराह का सामना करने के लिए ऑस्ट्रेलिया तैयार : कैरी

**एजेंसी, एडिलेड**



एलेक्स कैरी

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम एकजुट है और उन्हें विश्वास है कि छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन-रात्रि क्रिकेट मैच में उनके बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले भारतीय गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे।

बुमराह ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर भारत की 295 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज इस मैच में नहीं चल पाए थे, जिससे गेंदबाजों पर भी दबाव बढ़ा। कैरी ने कहा,''वह (बुमराह) निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारे बल्लेबाज भी विश्वस्तरीय हैं और हमेशा समाधान निकालने के तरीके ढूंढते हैं।''

उन्होंने कहा,''हमने उसकी गेंदबाजी का आकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने जवाबी हमला किया था।''

कैरी ने कहा,''हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका ढूंढ लेंगे। भारत पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरा था और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।''

## टिककर खेले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज : गिलक्रिस्ट



**दिग्गज** विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने रन बनाने के लिए जूझ रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को सलाह दी है कि वे यहां गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के खतरे को कम करने के लिए अधिक समय तक क्रीज पर टिके रहें।

उन्होंने खराब फॉर्म से जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को टीम में बनाए रखने का भी समर्थन किया। स्टीवन स्मिथ और लाबुशेन सहित ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज पहले टेस्ट में नहीं चल पाए थे जिसे भारत ने 295 रन से जीता था। दोनों टीमों के बीच दूसरा दिन रात्रि टेस्ट मैच शुक्रवार से यहां खेला जाएगा। गिलक्रिस्ट ने कहा, ''मार्नस पर ऐसा करने (क्रीज पर टिके रहने) की जिम्मेदारी थी और उन्होंने 50 से अधिक गेंदों का सामना करके अच्छा प्रयास किया। अगर आप टेस्ट पारी में 50 से अधिक गेंद का सामना करते हैं तो आप सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।''

उन्होंने कहा,''वह रन बनाने का तरीका नहीं ढूंढ पाया और संभवतः ऑस्ट्रेलिया के सभी खिलाड़ी अब सामूहिक रूप से ऐसा प्रयास करना चाहेंगे। इससे जोखिम पैदा होगा, लेकिन जोखिम लेकर ही आप सफल हो सकते हैं।''

लाबुशेन पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं लेकिन गिलक्रिस्ट ने उन्हें टीम में बनाए रखने का समर्थन किया। उन्होंने कहा,''उन्हें यह याद दिलाने की जरूरत है कि वह बेहद कुशल बल्लेबाज हैं। मुझे यकीन है कि उनके आस-पास के लोग पहले से ही ऐसा कर रहे होंगे।''

### गुकेश-लिरेन ने 7वीं बाजी खेली ड्रॉ

सिंगापुर। भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 7वीं बाजी ड्रॉ खेली, जिससे दोनों समान अंक के साथ बराबर चल रहे हैं।

दोनों खिलाड़ियों के बीच यह लगातार चौथी बाजी ड्रॉ रही। दोनों खिलाड़ियों के सात दौर के बाद समान 3.5 अंक हैं और अब भी चैंपियनशिप जीतने से चार अंक दूर हैं। जो खिलाड़ी 14 बाजी के मुकाबले में पहले 7.5 अंक जुटा लेगा वह चैंपियन बनेगा।

दोनों खिलाड़ी 72 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने को राजी हो गए। यह इस मुकाबले का 5वां ड्रॉ है। चीन के 32 साल के लिरेन ने पहला गेम जीता था जबकि 18 साल के गुकेश ने तीसरा गेम अपने नाम किया था।

# 86 किग्रा में हमीरपुर के रिजुल और चंबा के मनीष ठाकुर फाइनल में

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक में चल रही चार दिवसीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप के तीसरे दिन खिलाड़ियों के बीच सेमीफाइनल मुकाबलें हुए। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय खड्डु के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र शर्मा ने शिरकत की।

इसके साथ सेवानिवृत्त प्राचार्य केएस राणा, प्रो. रविराज, सेवानिवृत प्रो. देवकला शर्मा इत्यादि गणमान्य अतिथियों एवं स्थानीय इलाकावासियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। प्राचार्य डॉक्टर युद्धवीर सिंह पटियाल ने अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुनील रियात ने बताया कि 86 किलोग्राम में हमीरपुर के रिजुल हमीरपुर एवं चंबा के मनीष ठाकुर ने तथा 92 किलोग्राम में सुंदरनगर के शिवांश जसवाल तथा मंडी के चेतन ने जीत हासिल की।

51 किलोग्राम में हमीरपुर के अभिषेक एवं मंडमियानी से सुमित विजय रहे। 54 किलोग्राम में रामपुर से ऋतिक एवं सुंदरनगर से जिग्नेश ने विजय प्राप्त की। 57 किलोग्राम में नकुल एवं शिवांक ने विजय प्राप्त की। 60 किलोग्राम में कुल्लू के हर्षदीप एवं बिलासपुर के आर्यन नेगी ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर विजय हासिल की। 63.5 किलोग्राम के विजेता सुंदरनगर से उदय एवं रामपुर से अंकित कुमार रहे। 67 किलोग्राम में हमीरपुर से सौरभ एवं सरस्वती नगर महाविद्यालय से प्रिंस विजयी बने। 71 किलोग्राम में रिकांगपिओ के विश्वजीत एवं बिलासपुर के सागर ठाकुर ने जीतहासिल की। 75 किलोग्राम के विजेता बिलासपुर से ऋषभदेव एवं सुंदरनगर से विश्वजीत चौधरी रहे। 80 किलोग्राम में मंडी के हिमांशु एवं ऊना के आर्यन ने बढ़त हासिल की। 86 किलोग्राम मुकाबले में बिलासपुर के अनिकेत एवं चंबा के मनीष ठाकुर ने अपने विरोधियों को हराकर जीत हासिल की।

# मैसी-रोनाल्डो विश्व एकादश के लिए नामांकित खिलाड़ियों में शामिल

**एजेंसी, होफडॉर्प ( नीदरलैंड )**




लियोनेल मैसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो भले ही अब यूरोप के फुटबॉल क्लबों की तरफ से नहीं खेलते हैं, लेकिन वह अब भी अपने साथी खिलाड़ियों के बीच लोकप्रिय हैं। इसकी बानगी विश्व एकादश के लिए नामांकित किए गए 26 खिलाड़ियों की सूची है, जिसमें 37 वर्षीय मैसी और 39 वर्षीय रोनाल्डो ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो वर्तमान में यूरोप के क्लबों की तरफ से नहीं खेलते हैं। इन 26 खिलाड़ियों का चयन 70 देशों के 28,000 खिलाड़ियों के मतों से किया गया।

अन्य 24 नामांकित खिलाड़ी पिछले वर्ष इंग्लैंड, जर्मनी, स्पेन और फ्रांस के क्लबों के साथ खेले थे। इटली में खेलने वाला कोई भी खिलाड़ी इस सूची में शामिल नहीं है। अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में खेलने खेलने वाले खिलाड़ियों को भी इसमें जगह नहीं मिली है।

मैसी अमेरिका के क्लब इंटर मियामी की तरफ से मेजर लीग सॉकर में, जबकि रोनाल्डो सऊदी अरब के क्लब अल-नासर के लिए खेलते हैं। यह दोनों दिग्गज फुटबॉलर अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं या नहीं इसका पता नौ दिसंबर को चलेगा।

### एशियाई चैंपियंस लीग के प्लेऑफ में अल-साद

**रियाद (सऊदी अरब)।** कतर के क्लब अल-साद ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। अल-नासर पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था, इसलिए उसने पिछले तीन मैच में पांच गोल करने वाले रोनाल्डो को इस मैच में विश्राम दिया। इस दिग्गज फुटबॉलर ने बाहर बैठकर यह मैच देखा। अल-साद ने मध्यांतर के आठ मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। निर्धारित समय का खेल समाप्त होने में जब केवल 10 मिनट का समय बचा था तब रोमेन सैस ने आत्मघाती गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। अल-साद को हालांकि इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली, जिसे अल्जीरिया के एडम ओनास ने गोल में बदल दिया।

**क्रिकेट**

## मेजबान वेस्टइंडीज की पहली पारी 146 रनों पर सिमटी

# वेस्टइंडीज के खिलाफ बांग्लादेश को 211 रनों की बढ़त

**एजेंसी, किंग्स्टन ( जमैका )**




विकेट लेने के बाद नाहिल राणा को बधाई देते साथी खिलाड़ी।

तेज गेंदबाज नाहिद राणा की घातक गेंदबाजी और कप्तान मेहदी हसन मिराज की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन 211 रन की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। राणा ने 61 रन देकर पांच विकेट लिए और वेस्टइंडीज को पहली पारी में 146 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 164 रन बनाए थे और इस तरह से उसने 18 रन की बढ़त हासिल की।

राणा ने अपने टेस्ट करियर में पहली बार पारी में पांच विकेट हासिल किए। बांग्लादेश ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 193 रन बनाए थे और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 211 रन की हो गई है। बांग्लादेश ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। कप्तान मेहदी ने 39 गेंद पर 42 जबकि शहादत हुसैन ने 26 गेंद पर 28 रन बनाए। इन दोनों ने केवल 29 गेंद पर 50 रन की साझेदारी की। इससे पहले सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम ने 46 रन की पारी खेली। खराब रोशनी के कारण जब तीसरे दिन का खेल जल्दी समाप्त किया गया तब जाकर अली 29 और ताइजुल इस्लाम 9 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी एक विकेट पर 70 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसने अपने अंतिम नौ विकेट 61 रन के अंदर गंवा दिए। वेस्टइंडीज के केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने 39 और कीसी कार्टी ने 40 रन का योगदान दिया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि बांग्लादेश ने पहली पारी में 200 से कम रन बनाने के बावजूद बढ़त हासिल की। इससे पहले उसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2008 में पहली पारी में 192 रन बनाने के बाद 22 रन की बढ़त हासिल की थी।

## 05 विकेट 61 रन देकर झटके तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने

### महिला दृष्टिबाधित टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** मुल्तान में विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप को 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर कराने का फैसला लिया गया, जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा।

भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी-20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया।

महिलाओं के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए।